गुरुवार 25 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष - 10

डाक संस्करण
शुक्रवार 26 जून 2026

Email- dainiklokmaya@gmail.com

RNI No.-CHHHIN/2010/35328

डाक पंजीयन-छग/रायपुर संभाग/17/2026-2028

दैनिक अखबार संपूर्ण छत्तीसगढ़ के समाचार

# लोकमाया





रायपुर, वर्ष-17, अंक - 163 | रायपुर, भोपाल और दिल्ली से प्रकाशित | E paper-lokmaya.news | पृष्ठ- 12 | मूल्य- ₹ 2


# सीएम विष्णुदेव साय का दिल्ली दौरा, नितिन नबीन और जेपी नड्डा से की मुलाकात

लोकमाया न्यूज।





**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात की।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात के दौरान संगठन से जुड़े विषयों सहित प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई.इस दौरान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को जन-जन तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए संगठन के साथ सरकार के समन्वय को सशक्त बनाने के विषय पर सकारात्मक विचार-विमर्श भी सीएम साय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से किया। इससे पहले सीएम विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की. इस दौरान जनस्वास्थ्य, चिकित्सा अधोसंरचना, औषधि एवं उर्वरक क्षेत्र सहित विभागीय और समसामयिक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है. विशेष रूप से दूरस्थ, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों को मजबूत बनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर उपचार और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं अपने ही राज्य में उपलब्ध हों.

## खाद बीज की उपलब्धता पर दी जानकारी

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि और उर्वरक क्षेत्र से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की. उन्होंने केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी कि राज्य में किसानों को खाद और बीज की पर्याप्त एवं समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं. सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े .खरीफ सीजन के दौरान आवश्यक कृषि आदानों की आपूर्ति सुचारु रूप से बनी रहे।

## राज्य में नैनो यूरिया और डीएपी को मिल रहा बढ़ावा

सीएम साय ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य सरकार नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ावा दे रही है. किसानों को इनके लाभों की जानकारी देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि खेती में उत्पादन क्षमता बढ़े, लागत कम हो और कृषि अधिक लाभकारी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भारत सरकार के पूर्ण सहयोग से स्वास्थ्य, कृषि और जनकल्याण के क्षेत्रों में विकास को नई गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है. राज्य के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय को और मजबूत किया जा रहा है। अपने दिल्ली दौरे में सीएम साय ने छत्तीसगढ़ सदन में संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुए ट्राइबल यूथ हॉस्टल, द्वारका के विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया. इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के मेहनतकश परिवारों के सपनों और संघर्ष का सम्मान भी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता इस बात का सशक्त प्रमाण है कि प्रतिभा कभी भी आर्थिक संसाधनों या पारिवारिक पृष्ठभूमि की मोहताज नहीं होती. किसी के पिता राजमिस्त्री हैं, कोई किसान परिवार से है तो कोई शिक्षक का बेटा है, लेकिन इन सभी ने अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर देश की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा के प्रथम चरण में सफलता प्राप्त की है.यह पूरे प्रदेश, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से उनकी तैयारी, अध्ययन पद्धति, संघर्ष और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की. विद्यार्थियों ने ट्राइबल यूथ हॉस्टल में उपलब्ध अध्ययन वातावरण, मार्गदर्शन और सुविधाओं के अनुभव साझा किए तथा बताया कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुकूल माहौल ने उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने का आत्मविश्वास दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दौरान कहा कि समाज के वंचित एवं प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई दिल्ली स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है. इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ वनांचलों, जनजातीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को देश की राजधानी में रहकर संघ लोक सेवा आयोग सहित अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा समेत स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित थे।

# देश पर जबरन थोपा गया आपातकाल, कांग्रेस ने सत्ता के अहंकार से की संविधान हत्या : मुख्यमंत्री

लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया. सीएम विष्णुदेव साय ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया. वीडियो में आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों पर हुए प्रतिबंध, बड़े पैमाने पर हुई गिरफ्तारियों, प्रेस सेंसरशिप, लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष समेत संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के संदेश को प्रमुखता से दर्शाया गया है.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने सत्ता के अहंकार में संविधान की आत्मा को कुचलते हुए पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया था. आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर गंभीर प्रहार हुआ. MISA जैसे दमनकारी कानूनों के तहत हजारों लोकतंत्र सेनानियों, पत्रकारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद कर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोकतंत्र के रक्षकों का साहस और संकल्प अडिग रहा.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित किया जाना, आपातकाल के दौरान प्रताड़ित सभी लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है. इससे नई पीढ़ी भारतीय लोकतंत्र के उस काले अध्याय को जान सकेगी और संविधान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अधिक जागरूक होगी- विष्णुदेव साय,सीएम

## मीसा पीड़ितों का बीजेपी ने किया समान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने भी लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान को पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है. पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बंद की गई सम्मान निधि को पुनः प्रारंभ करते हुए बकाया राशि का भुगतान किया गया.लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 पारित कर उनके सम्मान को कानूनी संरक्षण प्रदान किया गया. मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए संविधान की रक्षा लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## भूकंप से थर्राया वेनेजुएला: 32 मरे और 700 घायल, आपातकाल घोषित

लोकमाया न्यूज।

**काराकास।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आये भूकंप के कारण



हुए हादसों में 32 हो गयी है, जबकि करीब 700 लोग घायल हुए हैं। इस हादसे में हताहत लोगों की संख्या में और इजाफा होने की आशंका है। कार्यवाहक राष्ट्रपति ने हादसे की व्यापकता को देखते हुए देश में इमरजेंसी लगा दी है। अमेरिकी संस्था यूएसजीएस ने बताया कि कहा कि एक भूकंप के तुरंत बाद ही दूसरा भूकंप आया। ये दो भूकंप वेनेजुएला के मोरोन शहर से 16 किलोमीटर और सैन फेलिप से 24 किलोमीटर दूर बुधवार शाम 6:04 बजे (भारतीय समयानुसार गुरुवार तड़के 3:34 बजे) आये। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 7.2 और 7.5 मापी गयी। इससे राजधानी काराकस सहित कई इलाकों में भारी तबाही हुई है भूकंप के झटके पूरे देश में और कोलंबिया सहित लैटिन अमेरिका के अन्य हिस्सों में भी महसूस किये गये। अमेरिकी सुनामी चेतावनी केंद्रों के अनुसार, अब सुनामी का कोई खतरा नहीं है। राष्ट्रपति रोड्रिगेज के अनुसार राजधानी काराकस से लेकर तटीय शहर कैटिया ला मार तक पूरे देश में इमारतें गिरने की खबर है। वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष के अनुसार, अब तक तटीय राज्य ला गुएरा सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# आपातकाल संविधान पर सीधा आघात था : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

लोकमाया न्यूज ।



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताते हुए उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी है जिन्होंने उस समय लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की थी। मोदी ने गुरुवार को देशभर में मनाए जाने वाले संविधान हत्या दिवस का उल्लेख करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, आज, हम उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक, आपातकाल, के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की।

आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा आघात था। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं का निलंबन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध, राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियाँ तथा उन संस्थाओं पर प्रहार देखने को मिला जो हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि इसने असंख्य नागरिकों के असाधारण साहस को भी उजागर किया, जिन्होंने मौन रहने से इनकार किया और संविधान में निहित आदर्शों को बनाए रखा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि द्य सभी के लिए संविधान 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हम संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हैं। अपने संविधान की भावना से प्रेरित होकर, हम ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति सदैव समर्पित रहेगा। मोदी ने कहा कि संविधान हत्या दिवस हमें उस काले दौर की याद दिला रहा है, जब भारतीय लोकतंत्र को बुरी तरह से कुचला गया था। यह हमें लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने को प्रेरित करता है। आपातकाल का विरोध करने वाली सभी विभूतियों को सादर नमन।

संविधान हत्या दिवस हर साल 25 जून को मनाया जाता है।

# एफसीआरए नियमों में संशोधन वापस लेने की मांग, वेणुगोपाल ने मोदी को लिखा पत्र

एजेंसी ।



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) नियमों और संशोधनों को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि ये कठोर नियम नागरिक समाज के संगठनों और अल्पसंख्यक संस्थानों की स्वायत्तता को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाते हैं।

वेणुगोपाल ने पत्र के माध्यम से आरोप लगाया कि नए संशोधन नागरिक समाज संगठनों, विशेषकर अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा संचालित संगठनों की स्वायत्तता को कमजोर करते हैं और उनके नियमित कामकाज में बाधा उत्पन्न करेंगे। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 में लोकसभा में एफसीआरए संशोधन विधेयक लाने का प्रयास विफल होने के बाद केंद्र सरकार अब नियमों के जरिए ऐसे प्रावधान लागू करने की कोशिश कर रही है, जिनसे जिन संस्थाओं का एफसीआरए लाइसेंस रद्द हो जाए या उसकी अवधि समाप्त हो जाए, उनकी संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार सरकार को मिल सके।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जिस प्रावधान को पहले संसद में कानून के रूप में लाने का प्रयास किया गया था, उसे अब नियमों के माध्यम से लागू किया जा रहा है।

# केरल में प्रतिबंधित तंबाकू के 15 हजार पैकेट ज़ब्त, दो लोग गिरफ़्तार

एजेंसी।

**कासरगोड।** केरल के कासरगोड ज़िले में पुलिस ने बड़े पैमाने पर चल रही अवैध तंबाकू बनाने और पैकेजिंग की एक इकाई का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों के 15 हजार पैकेट के साथ-साथ उनके उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी और कच्चा माल भी ज़ब्त किया है।

यह छापेमारी मेलपरम्बा पुलिस ने 'ऑपरेशन तूफ़ान' के तहत की। यह कार्रवाई बारा गाँव के मायिलाट्टी में नेशनल हाईवे के पास स्थित एक किराए की इमारत में की गई, जिस पर 'कुरैशी एक्सप्रेस' का साइनबोर्ड लगा था। इस अभियान के दौरान दो लोगों को गिरफ़्तार किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि यह जगह प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों के गुप्त निर्माण केंद्र के तौर पर चल रही थी। यह अभियान मेलपरम्बा के उप निरीक्षक अखिल टी को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर किया गया था, जिसमें उस जगह पर बड़े पैमाने पर गैर-कानूनी उत्पादन गतिविधियों की जानकारी दी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने तलाशी ली और इमारत के अंदर एक छिपा हुआ कमरा पाया, जहाँ कथित तौर पर कर्मचारी पैकिंग मशीनों का इस्तेमाल करके तंबाकू उत्पादों को प्रोसेस और पैक कर रहे थे ताकि उन्हें आगे बांटा जा सके।

छापेमारी के दौरान, अधिकारियों ने बिक्री के लिए तैयार प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों के 15,000 पैकेट ज़ब्त किए। इसके साथ ही, भारी मात्रा में तंबाकू, पैकेजिंग का सामान और निर्माण प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी भी ज़ब्त की गई।

पुलिस ने बताया कि आरोपी मौजूदा नियमों का उल्लंघन करते हुए तंबाकू उत्पादों के गैर-कानूनी उत्पादन और पैकेजिंग में शामिल थे। कच्चे माल के स्रोत और इस ऑपरेशन से जुड़े वितरण नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

# केरल में 5 साल से कम उम्र के 19.8 लाख बच्चों को दी जाएगी पोलियो की दवा

लोकमाया न्यूज ।



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पोलियो-मुक्त दर्जे को बनाए रखने की बड़ी कोशिश के तहत 28 जून को पूरे राज्य में 'पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान' शुरू किया जाएगा। इस अभियान में 5 साल से कम उम्र के लगभग 20 लाख (19.8 लाख) बच्चों को शामिल किया जाएगा।

स्वास्थ्य और देवस्वोम मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा है कि अभियान की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने माता-पिता और अभिभावकों से अपील की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि रविवार को हर पात्र बच्चे को जीवन बचाने वाली ओरल पोलियो वैक्सीन (मुंह से दी जाने वाली दवा) मिले।

राज्य-स्तरीय उद्घाटन समारोह तिरुवनंतपुरम के थायकाड स्थित 'मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल' में सुबह 8 बजे होगा। परिवहन मंत्री सी. पी. जॉन इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में सांसद शशि थरूर, तिरुवनंतपुरम के मेयर वी. वी. राजेश और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

इस अभियान के दौरान पांच साल से कम उम्र के कुल 1,980,224 बच्चों को कवर किए जाने की उम्मीद है। इसे पूरा करने के लिए, स्वास्थ्य विभाग ने पूरे राज्य में 22,288 वैक्सीनेशन बूथ बनाए हैं और 46,663 प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को तैनात किया है।

टीकाकरण बूथ सरकारी अस्पतालों, हेल्थ सेंटर्स, फैमिली हेल्थ सेंटर्स, अर्बन हेल्थ सेंटर्स, आंगनवाड़ियों, प्राइवेट अस्पतालों, स्कूलों, लाइब्रेरी और आसानी से पहुँचने लायक दूसरी सार्वजनिक जगहों पर काम करेंगे।

यह पक्का करने के लिए कि कोई भी बच्चा छूट न जाए, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड और बोट जेट्टी पर 539 ट्रांजिट बूथ काम करेंगे, जबकि 283 मोबाइल बूथ प्रवासी मज़दूरों की बस्तियों, दूर-दराज़ के इलाकों, त्योहारों की जगहों और लोगों के जमा होने वाली दूसरी जगहों पर जाएँगे। मेलों और त्योहारों में भी खास बूथ लगाए जाएँगे।

अधिकारियों ने बताया कि भारत पिछले 15 सालों से वाइल्ड पोलियो वायरस से मुक्त रहा है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है।

## दुर्लभ और स्वाद के कारण डिमांड ज्यादा

# जंगल का सफेद सोना बोड़ा, 5 हजार रुपए तक पहुंच जाती है कीमत

लोकमाया न्यूज ।

**दंतेवाड़ा।** बस्तर के घने साल वनों में जैसे ही मानसून की पहली फुहारें धरती को भिगोती हैं, जंगल एक अनमोल प्राकृतिक उपहार को जन्म देता है. यह उपहार है बोड़ा. जिसे बस्तर के आदिवासी और स्थानीय समुदाय सदियों से अपनी पारंपरिक खाद्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा मानते आए हैं. स्वाद, पौष्टिकता, दुर्लभता और जंगल से उसके गहरे संबंध के कारण बोड़ा को बस्तर का सफेद सोना भी कहा जाता है।

## मानसून के शुरुआती दिनों में उगता है बोड़ा

बारिश के शुरुआती दिनों में बोड़ा की तलाश ग्रामीण क्षेत्रों में एक विशेष गतिविधि बन जाती है. सुबह-सुबह ग्रामीण साल के जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं और जमीन की सतह पर उभरने वाले इस दुर्लभ खाद्य कवक को सावधानीपूर्वक एकत्रित करते हैं. इसकी उपलब्धता सीमित होने के कारण बाजार में मांग हमेशा अधिक रहती है.यही वजह है कि कई बार इसकी कीमत 3,000 से 4,000 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाती है. स्थानीय साप्ताहिक बाजारों में इसकी बिक्री से ग्रामीण परिवारों को अच्छी अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

## पारंपरिक स्वाद के कारण है मशहूर

बोड़ा की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण उसका अनूठा स्वाद और प्राकृतिक खुशबू है.मिट्टी की सौंधी



महक से भरपूर यह कवक पकने के बाद बेहद स्वादिष्ट हो जाता है.स्थानीय लोग इसे मसालेदार सब्जी, भुजिया और पारंपरिक व्यंजनों के रूप में तैयार करते हैं.बस्तर के कई परिवारों में बारिश के मौसम में बोड़ा की सब्जी बनाना एक परंपरा जैसा माना जाता है.

## बोड़ा की डिमांड क्यों है ज्यादा ?

स्वाद के साथ-साथ बोड़ा अपने पौष्टिक गुणों के लिए भी जाना जाता है. इसमें प्रोटीन, फाइबर, खनिज और कई आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देते हैं. प्राकृतिक रूप से उगने के कारण इसमें किसी प्रकार के रासायनिक तत्वों का प्रभाव नहीं होता, जिससे यह एक शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ माना जाता है।

## साल के जड़ों से लेता है पोषण

एमडी डॉ. संजय बघेल के अनुसार बोड़ा एक विशेष प्रकार का कवक है, जिसका वैज्ञानिक नाम Astraeus hygrometricus है. यह मुख्य रूप से साल वृक्षों की जड़ों के आसपास रेतीली मिट्टी में विकसित होता है. इसमें क्लोरोफिल नहीं होता, इसलिए यह अपना भोजन स्वयं नहीं बना सकता और साल वृक्षों की जड़ों से पोषण प्राप्त करता है। यह कवक वृक्षों को नाइट्रोजन, फॉस्फोरस समेत अन्य पोषक तत्व उपलब्ध कराने में भी सहायता करता है. इस पारस्परिक लाभकारी संबंध को वैज्ञानिक भाषा में सहजीवी संबंध (सिंबायोटिक रिलेशन) कहा जाता है. इसी कारण बोड़ा को एक्टोमाइकोराइजल कवक की श्रेणी में रखा जाता है।

# फीफा विश्वकप: दक्षिण अफ्रीका ने दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया

एजेंसी।



**एस्तादियो मोंट्रेरी।** थापेलो मासेको के 63वें मिनट में किये गये शानदार गोल की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बना ली है।

खेल शुरू होने के आठवें मिनट में दक्षिण कोरिया लगभग गोल कर ही चुका था, लेकिन ली कांग-इन का शॉट बाहर चला गया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने खेल में अपनी पकड़ मजबूत की और आधे घंटे के खेल के बाद किम सेउंग-ग्यु को शानदार बचाव करने पर मजबूर किया, लेकिन हाफ-टाइम तक कोई गोल नहीं हो सका। इसके बाद, एक घंटे का खेल पूरा होने के ठीक बाद थापेलो मासेको ने 'बाफाना' (दक्षिण अफ्रीका की टीम) को अहम बढ़त दिलाई; उन्होंने त्शेपांग मोरेमी के शानदार पास पर गेंद को घुमाते हुए निचले कोने (बॉटम कॉर्नर) में गोल किया। दक्षिण कोरिया ने पूरा प्रयास किया लेकिन वे दक्षिण अफ्रीका खिलाड़ियों पर दबाव नहीं बना सके। दक्षिण अफ्रीका ने यह अहम जीत हासिल की और पहली बार विश्वकप के नॉकआउट स्टेज में जगह बनाई। वहीं, दक्षिण कोरिया तीन पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया।

# नागदा में प्रॉपर्टी डीलर के घर हुई चोरी का खुलासा

## मुख्य आरोपी खरगोन से गिरफ्तार, दो फरार, पुलिस कर रही तलाश

लोकमाया न्यूज।

**नागदा जं., निप्र।** नागदा पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के सूने मकान में हुई 40 लाख रुपए की सनसनीखेज चोरी का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी भी बरामद कर ली है। वारदात को अंजाम देने वाले दो अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें धार और अन्य जिलों में दबिश दे रही हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नागदा के सुनील नगर में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद आजाद मंसूरी के परिवार के सदस्य कुछ दिन पहले मायके गए हुए थे। वहीं मोहम्मद आजाद खुद भी अपने व्यवसाय के सिलसिले में मंदसौर होते हुए राजस्थान गए हुए थे। मकान को सूना पाकर शातिर चोरों ने 14-15 जून की दरम्यानी रात घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे



करीब 40 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण व भारी नकदी समेटकर फरार हो गए थे। पीड़ित की शिकायत पर नागदा थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने नागदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और हाईवे मार्गों पर लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इस दौरान एक बाइक पर तीन संदिग्ध युवक सवार दिखाई दिए। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी करते हुए सप्ताहभर के भीतर मुख्य आरोपी रतलामसिंह उर्फ रतु उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सिगनुर थाना गोगांवा जिला खरगोन को सनावद से हिरासत में ले लिया। इस चोरी का पर्दाफाश करने में नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी, फिंगर प्रिंट प्रभारी निरीक्षक आशा सोलंकी, उप निरीक्षक वीरेन्द्र चौहान, उप निरीक्षक योगिता उपाध्याय, सउनि. अरविन्द गनावा, प्रआर. विनोद माली, प्रआर. सुशील मिश्रा, प्रआर. रोहित मालवीय, आरक्षक कृष्णा बैरागी, मिथुन प्रजापत, रोहित, शेरसिंह, पंकज गर्ग, संदीप तथा डॉग स्क्वॉड के अखिलेश की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

### सिकलीगर गैंग का हाथ, दिन में रैकी और रात में सफाई

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी रतु ने अपने दो अन्य साथियों दीपक सिकलीगर और शिवराज पिता हरपाल दोनों निवासी गंदवानी जिला धार के साथ मिलकर चोरी की इस बड़ी वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी और उसके साथी शातिर सिकलीगर गैंग के सदस्य हैं। ये बदमाश दिन के समय घूमकर सूने मकानों की रैकी करते हैं और रात के सन्नाटे में वारदात को अंजाम देते हैं। पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर 6 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और 70,000 रुपए नकद बरामद कर लिए हैं। शेष मशरूका फरार आरोपियों के पास होने की बात सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम धार रवाना की जा चुकी है।


# महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज का चल निकला समारोह



लोकमाया न्यूज।

**नागदा जं., निप्र।** महेश नवमी के पावन उपलक्ष्य में मंगलवार को शहर में माहेश्वरी समाज द्वारा एक भव्य चल समारोह निकाला गया। समाजजनों का यह कारवां शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जहां रास्ते भर श्रद्धालुओं और विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। विशेष रूप से जवाहर मार्ग पर अभिभाषक अशोक पोरवाल के निवास के सामने किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनीष सालेचा व्होरा के नेतृत्व में व्यापारियों ने चल समारोह पर फूलों की बारिश की। इस स्वागत विदाई के दौरान संघ के मुख्य संरक्षक मनोज राठी, प्रशांत राठी, किशोर सेठिया, महेश झंवर, किरण पोरवाल और प्रकाश राठी सहित कई गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे। चल समारोह में समाज के अध्यक्ष घनश्याम राठी, सचिव प्रतीक गगरानी, बंसीलाल राठी, देवकरण डांगरा, जगदीशचंद्र भूतड़ा, नरेन्द्र राठी, प्रदीप राठी, राजेन्द्र मालपानी, सुभाष गगरानी और प्रशांत राठी शामिल हुए। वहीं माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष वर्षा झंवर, प्रियंका राठी, उर्मिला डांगरा, सीमा राठी, निक्की राठी और मोनिका लड्ढा सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुईं।

# 27 लाख की लागत से बन रहा नाला



**नागदा जं., निप्र।** शहर में बारिश के दिनों में होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगरपालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 16, 17 और 18 में 27 लाख रुपए की लागत से एक बड़े नाले का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता अनिल जोशी ने बताया कि नपाध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत के मार्गदर्शन में यह निर्माण कार्य ओझा कॉलोनी गली नंबर 3 से लेकर पाल्यारोड स्थित नाकोड़ा दूध डेयरी तक बेहद तीव्र गति से किया जा रहा है। इस नाले के बनने से तीनों वार्डों के नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

मंगलवार शाम को सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा और भाजपा कार्यकर्ता सुभाष रावल ने निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गेहलोत ने निर्माण एजेंसी के सुपरवाइजर और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

इस जनहितैषी कार्य के लिए वार्ड पार्षद संध्या जोशी और लोक निर्माण विभाग की चेयरपर्सन भावना रावल सहित क्षेत्रवासियों ने नपाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

## महापर्व छठ के लिए मेहतवास घाट पर सुविधाएं दुरुस्त

**नागदा जं., निप्र।** पूर्वांचलवासियों के प्रमुख आस्था के केंद्र छठ पर्व को लेकर नगरपालिका प्रशासन ने अभी से तैयारियां पुख्ता कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेहतवास घाट का पूर्ण रूप से सीसीकरण करा दिया गया है, ताकि पूजा के दौरान किसी को कीचड़ और धूल जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

नगरपालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत के मार्गदर्शन में हुए इस कार्य का मंगलवार शाम को सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत ने औचक निरीक्षण किया। उनके साथ नपा उपाध्यक्ष सुभाषचंद शर्मा, भाजपा कार्यकर्ता सुभाष रावल, अनिल जोशी और संबंधित ठेकेदार मौजूद थे। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में छठ पर्व के दौरान डूबते सूर्य को अर्घ्य देते समय अचानक तेज बारिश हो गई थी, जिससे घाट पर कीचड़ होने के कारण बुजुर्ग श्रद्धालुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नपाध्यक्ष गेहलोत ने सबसे पहले घाट के कायाकल्प और सीसीकरण के निर्देश दिए थे। वार्ड पार्षद गोलू यादव ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार मेहतवास घाट पर श्रद्धालुओं को इस स्तर की आधुनिक और सुगम सुविधाएं मिलने जा रही हैं।

# कालभैरव मंदिर के सामने भीषण आग, चार दुकानें जलकर खाक





लोकमाया न्यूज।

**उज्जैन, निप्र। विश्व प्रसिद्ध भगवान कालभैरव मंदिर परिसर के सामने मंगलवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब यहाँ स्थित पूजन सामग्री की दुकानों में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में देखते ही देखते चार दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पाँच गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और करीब एक घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, आगजनी की इस घटना में दुकानदारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 5 बजे मंदिर के ठीक सामने स्थित एक दुकान से अचानक धुआँ और लपटें उठने लगीं। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, आग ने विकराल रूप ले लिया और पास की अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। दुकानों में भारी मात्रा में नारियल, कपूर, अगरबत्ती और अन्य पूजन सामग्री रखी होने के कारण आग तेजी से भड़की। आसपास के लोगों ने शुरुआती स्तर पर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि एक के बाद एक चार दुकानें पूरी तरह आग की भेंट चढ़ गईं। आग की लपटें इतनी ऊँची थीं कि वे पास ही स्थित एक बड़े पेड़ तक पहुँच गईं, जिसे दमकलकर्मियों ने समय रहते बचा लिया। कालभैरव मंदिर में प्रतिदिन देश-विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुँचते हैं। राहत की बात यह रही कि यह घटना सुबह बहुत जल्दी हुई, जब मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू नहीं हुई थी। यदि यह आगजनी दर्शन के व्यस्त समय के दौरान होती, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी और कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता था। दमकलकर्मी अंकित राजपूत ने बताया कि फायर कंट्रोल रूम को सुबह करीब 5:30 बजे आग की सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल दमकल वाहनों को मौके के लिए रवाना किया गया।

टीम ने करीब एक घंटे तक लगातार प्रयास कर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है। आग लगने के सही कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, मामले की जाँच की जा रही है। इस भीषण आगजनी में दुकानदारों की पूरी पूजन सामग्री, काउंटर और दुकानों में रखा अन्य कीमती सामान जलकर नष्ट हो गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, नुकसान का सटीक आकलन किया जा रहा है ताकि प्रभावित दुकानदारों को उचित सहायता दी जा सके।

# महाकवि कालिदास के जीवन पर खोज कर नया उदाहरण प्रस्तुत किया - विधायक जैन कालूहेड़ा

## महाकवि कालिदास जयंती समारोह में हुई विद्वत्संगोष्ठी और प्रो शर्मा, पं शास्त्री एवं शर्मा का सारस्वत सम्मान

लोकमाया न्यूज।

**उज्जैन, निप्र।** प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य् पं.मोरेश्वर शास्त्री दीक्षित ने महाकवि कालिदास जी के जीवन पर खोज करके एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया। उक्त उद्गार उज्जैन उत्तर के लोकप्रिय विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पं. स्व. मोरेश्वर शास्त्री दीक्षित द्वारा प्रारम्भ किए गए महाकवि कालिदास जयन्ती समारोह में व्यक्त किये द्य यह समारोह त्रिवेणी संग्रहालय में आयोजित किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के




कुलानुशासक प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि महाकवि कालिदास जयन्ती 22 जून को मनाने का श्रेय केवल स्व. पं. मोरेश्वर शास्त्री दीक्षित को जाता है। उन्होंने ही महाकवि कालिदास की जन्मतिथि का निर्धारण कर जन्मकुंडली बनाई थी। उन्होंने कहा है कि कालिदास का निवास शिप्रा तट पर था। महाकवि कालिदास के काव्य में राष्ट्र की व्यापक अवधारणा निहित है। उनकी रचनाएं भारतीय संस्कृति और परम्परा का निचोड़ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. केदारनारायण जोशी ने कहा कि उज्जैन में महाकवि कालिदास पर प्रतिवर्ष दो आयोजन होते हैं एक अ.भा. कालिदास समारोह और दूसरा कालिदास जयन्ती समारोह। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती, महाकवि कालिदास एवं पं. मोरेश्वर शास्त्री दीक्षित की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया गयाद्य इस अवसर पर नृत्य निर्देशिका ऋतु शर्मा शुक्ला के निर्देशन में नन्ही नन्ही बालिकाओं ने गणेश वंदना एवं नटराज वंदना के माध्यम से उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। अतिथियों का स्वागत पं. अनूप दीक्षित, उपेंद्र दीक्षित, अपूर्व दीक्षित, रविंद्र दीक्षित, वीरेंद्र त्रिवेदी, प्रथमेश दीक्षित, डॉ.महेश त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, पार्षद श्री प्रकाश शर्मा, पूर्व पार्षद पं. गिरीश शास्त्री का सारस्वत सम्मान स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पंडित शैलेश दुबे वरिष्ठ अध्यापक ने किया।

# भाजपा ने श्रमिकों के बीच मनाया बलिदान दिवस

लोकमाया न्यूज।

**नागदा जं., निप्र।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ क्रमांक 116 पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, पार्षद भावना रावल, मनीष कांठेड़ और हितेश कांठेड़ ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका पूरा जीवन देशभक्ति और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। तत्कालीन नेहरू सरकार की तुष्टिकरण नीति का कड़ा विरोध करते हुए उन्होंने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेंगे और इसी संकल्प के साथ कश्मीर से धारा 370 हटाने की नींव रखी थी। कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों ने भी डॉ. मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके राष्ट्रवाद के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुबोध स्वामी ने किया।

# तीन केंद्रों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम भी पूरा

लोकमाया न्यूज।

**नागदा जं., निप्र।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार नागदा नगरपालिका क्षेत्र के चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग और पोषण वाटिका निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों व महिलाओं में पोषण संवर्धन, हरित वातावरण का विकास और वर्षा जल का संरक्षण करना है। नगर के छह प्रमुख केंद्रों के वार्ड 1 चेतनपुरा, वार्ड 8 राजीव कॉलोनी, वार्ड 14 श्रीराम कॉलोनी, वार्ड 15 पुरानी कोटा फाटक, वार्ड 35 मेहतवास एवं वार्ड 36 दुर्गापुरा में पोषण वाटिकाओं का विकास किया गया है। इन वाटिकाओं में फलदार, औषधीय और हरी सब्जियों के पौधे रोपे जाएंगे, जिससे स्थानीय बच्चों व महिलाओं को प्राकृतिक वातावरण के साथ-साथ पोषण संबंधी जागरूकता भी मिलेगी। इसके साथ ही नगर के गिरते भू-जल स्तर को सुधारने के लिए वार्ड 8, 35 और 36 के आंगनवाड़ी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए गए हैं। नपाध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत ने कहा कि हमारी परिषद नगर के समग्र विकास और पर्यावरण संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है।

# वार्ड 2 को मिली विकास कार्यों की सौगात

लोकमाया न्यूज।

**उज्जैन, निप्र।** सीएम मॉनिट विशेष निधि एवं पार्षद मद से वार्ड क्रमांक 2 के अंतर्गत महावीर नगर और गढ़कालिका क्षेत्र में लगभग 80 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भव्य भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री अनिल फिरोजिया,



उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल और निगम अध्यक्ष कलावती यादव उपस्थित रहे। सत्यनारायण खोईवाल की गरिमामयी उपस्थिति में क्षेत्र के विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। सीमेंट कंक्रीट रोड और नाली निर्माण के कार्य कराए जाएंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। 21 लाख रुपए की लागत से महावीर नगर अंतर्गत दूधिया नीम से बावड़ी होकर गढ़कालिका पहुंच मार्ग तक सीसी रोड। वहीं 29 लाख रुपए में पूर्व पार्षद मोहन राठौर के घर के पीछे से गढ़कालिका पहुंच मार्ग तक आरसीसी नाला निर्माण। इसी प्रकार 11 लाख रुपए में रामनगर से गढ़कालिका पहुंच मार्ग तक सीसी रोड निर्माण। इसके अलावा 19 लाख रुपए पार्षद मद से सांखला आटा चक्की के पास सरदार जी वाली गली में सीसी रोड। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों का पुष्पमाला पहनाकर एवं शाल भेंटकर सम्मान किया गया।

संक्षिप्त समाचार

## अवैध कच्ची शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार आबकारी विभाग ने की कड़ी कार्रवाई




जांजगीर-चाम्पा। आबकारी आयुक्त पदुम सिंह एल्मा एवं कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती नीलिमा दीप्रस्कर के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण पर कार्यवाही की गई। आबकारी विभाग से जानकारी के अनुसार वृत्त अकलतरा के ग्राम पीपरसत्ती में आरोपिया मीना बाई कुर्रे पति शैल कुमार 52 वर्ष निवासी ग्राम पीपरसत्ती के रिहायशी मकान से 8 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद होने पर आरोपिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) ×59(क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपिया को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया। इसके अलावा आबकारी वृत्त-अकलतरा के ग्राम अमरताल के आरोपी दिलहरण डहरिया पिता स्व. बृजभान 28 वर्ष के रिहायशी मकान से 07.20 लीटर देशी मदिरा प्लेन शराब बरामद होने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) ×59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया। कार्यवाही दौरान आबकारी उपनिरीक्षक यीवरेश कुमार एवं मुख्य आरक्षक मुकेश शर्मा, विमल सनाढ्य,आरक्षक गीता कमल तथा अंशु पाटनवार का योगदान रहा।

## नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग से खेती बनी अधिक लाभकारी, बढ़ी आय और फसल की गुणवत्ता

जांजगीर-चांपा। जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम कचंदा निवासी किसान भरत दिवाकर ने यह साबित कर दिया है कि खेती में नई तकनीकों को अपनाकर कम संसाधनों में भी बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि पर खेती करने वाले भरत दिवाकर पहले बढ़ती लागत और उत्पादन की अनिश्चितता से परेशान रहते थे, लेकिन अब उनकी मेहनत और आधुनिक सोच ने उन्हें एक सफल किसान के रूप में पहचान दिलाई है। कृषि विभाग के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर उन्होंने अपनी फसलों में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का प्रयोग शुरू किया। शुरुआत में उन्होंने इसे एक नए प्रयोग के रूप में अपनाया, लेकिन कुछ ही समय में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे। फसलों को आवश्यक पोषक तत्व संतुलित मात्रा में मिलने से उनकी गुणवत्ता में सुधार हुआ और उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की गई। किसान भरत दिवाकर बताते हैं कि पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में नैनो उर्वरकों का उपयोग सरल है और कम मात्रा में भी बेहतर परिणाम मिलते हैं। इससे उर्वरक पर होने वाला खर्च घटा है, वहीं परिवहन और उपयोग में भी सुविधा हुई है। कम लागत और बेहतर उत्पादन के कारण उनकी आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। पहले यूरिया की बड़ी बोरी खेतों के अंदर लाने ले जाने और खेतों में भी छिड़काव करने में समस्या होती थी और आप छोटे डिब्बे में आने वाला नैनो यूरिया कहीं भी आराम से ले जाया जा सकता है और प्रयोग किया जा सकता है। किसान भरत दिवाकर का उनका कहना है कि यदि किसान समय के साथ नई तकनीकों और वैज्ञानिक खेती के तरीकों को अपनाएं, तो कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सकते हैं।



# आपातकाल लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय, नई पीढ़ी को जानना होगा इतिहास : मंत्री लखनलाल देवांगन

(लोकमाया न्यूज़)।

सक्ती। भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में कोरबा विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता बचाने के लिए संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का कार्य किया था। मंत्री देवांगन ने कहा कि आपातकाल के दौरान देशभर में नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए, प्रेस पर सेंसरशिप लागू कर दी गई तथा हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी तथा लालकृष्ण आडवाणी सहित अनेक विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के गिरफ्तार कर लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि 25 जून भारतीय लोकतंत्र का काला दिवस है और देश को इस इतिहास को सदैव याद रखना चाहिए। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान ने ही देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल की विभीषिका और उससे मिली सीख को नई पीढ़ी तक पहुंचाना भारतीय जनता पार्टी का दायित्व है, ताकि भविष्य में लोकतंत्र पर ऐसे किसी भी आघात की पुनरावृत्ति न हो। मंत्री देवांगन ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने तथा संविधान की भावना के अनुरूप विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। भाजपा लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। प्रेस वार्ता में प्रदेश मंत्री विद्या सिदार, रामावतार अग्रवाल, प्रीतम सिंह गबेल, जिला महामंत्री, जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव, नारायण राठौर, गोविंद देवांगन, परसन राठौर, मंडल अध्यक्ष पिंटू अग्रवाल, भुवन सोनी सहित उपस्थित रहे।




# किसान स्कूल में जुटेंगे प्रदेशभर के मशरूम उत्पादक





### बहेराडीह में राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव का होगा आयोजन

(लोकमाया न्यूज़)।

जांजगीर-चाम्पा। जिले के बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल में शुक्रवार 26 जून को राज्य स्तरीय मशरूम (पुटू) महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की 51 वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित इस मशरूम महोत्सव में प्रदेशभर के मशरूम उत्पादक किसान, कृषि विशेषज्ञ, मशरूम उत्पादक समूह, युवा उद्यमी और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोग एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. इस महोत्सव में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े समेत सीजी भास्कर रायपुर के संपादक जितेंद्र शर्मा, जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ब्यास कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, जिला पंचायत की सभापति श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, बलौदा जनपद पंचायत के सभापति चुड़ामणि राठौर, सरपंच श्रीमती पूना बाई मरकाम अतिथि होंगी। महोत्सव के दौरान %मशरूम प्रतियोगिता% का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में पहला, दूसरा, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले मशरूम उत्पादक समेत 10 किसानों को %मशरूम मित्र सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही मशरूम का स्टॉल लगाने वाले प्रतिभागियों को किसान स्कूल परिवार सहभागिता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मशरूम उत्पादन, प्रसंस्करण विपणन और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। साथ ही, किसानों, महिला एवं स्व सहायता समूहों, युवाओं और कृषि उद्यमियों को स्व रोजगार के नए अवसरों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। किसान स्कूल के संचालक एवं मशरूम के मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने बताया कि किसान स्कूल में 26 जून को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मशरूम महोत्सव, चार थीम को लेकर किया जा रहा है, जिसमें मशरूम उत्पादन समेत पोषण, रोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर एक सशक्त कदम रखी गई है, जो कृषि आधारित रोजगार और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने का सन्देश देता है. यह मशरूम महोत्सव, छत्तीसगढ़ में पहली बार भाजी महोत्सव की तर्ज पर किया जा रहा है।

### मशरूम की होगी प्रदर्शनी

किसान स्कूल टीम के डॉ. सुरेश देवांगन, रामाधार देवांगन ने बताया कि महोत्सव के दौरान विविध प्रकार की प्राकृतिक मशरूम, कृत्रिम मशरूम की प्रदर्शनी आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। इसके अलावा मशरूम उत्पादन, एवं उद्यमिता विषयक तकनीकी सत्र सफल उद्यमियों का अनुभव साझा कार्यक्रम तथा राज्य स्तरीय मशरूम प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक तकनीकों, बाजार की सम्भावनाओं और मशरूम आधारित व्यवसाय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी।

### मशरूम मित्र होंगे सम्मानित

महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले %मशरूम प्रतियोगिता% में शामिल होने वाले मशरूम उत्पादकों को वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल टीम द्वारा मशरूम मित्र सम्मान से सम्मानित किया जाएगा. किसान स्कूल के सदस्यों ने बताया कि मशरूम उत्पादन, कम लागत में अधिक आमदनी देने वाला व्यवसाय है.-आज के समय में यह खेती बेरोजगार युवाओं, युवतियों, बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए स्व रोजगार का प्रभावी माध्यम से लोगों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर करने के लिये प्रेरित किया जाएगा।

# गायत्री जयंती पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हुआ आयोजन




### गायत्री परिवार के परिजनों ने निभाई सहभागिता

(लोकमाया न्यूज़)।

जांजगीर-चाम्पा। पावन पर्व गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। यह दिव्य आयोजन गायत्री शक्तिपीठ के तत्वाधान में संपन्न किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गायत्री परिवार के परिजनों ने सहभागिता की। यज्ञ में आहुति प्रदान कर विश्व शांति, जनकल्याण एवं समाज में सद्भाव की कामना की गई। कार्यक्रम के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही अटल चौक, जांजगीर में खिचड़ी प्रसाद का भी श्रद्धापूर्वक वितरण किया गया। गायत्री शक्तिपीठ जांजगीर के अमित राठौर ने बताया कि यज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संवर्धन का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में यज्ञ को सर्वोत्तम कर्म माना गया है। अतः सभी को यज्ञ से अवश्य जुड़ना चाहिए। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में संस्कार, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करना है।

# नशा मुक्त अभियान प्रतियोगिता में सुरभि साहू प्रथम

### पेंटिंग के माध्यम से नशा मुक्त समाज बनाने का दिये संदेश

(लोकमाया न्यूज़)।



जांजगीर-चाम्पा। छ.ग. शासन द्वारा निर्देशित नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगबुंदिया में ब्लॉक स्तरीय पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। उक्त ब्लाक स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता मे खेल शिक्षक एस के कालेलकर के अगुवाई में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला के छात्रा कु. सुरभि साहू कक्षा 12 वी ने प्रथम स्थान प्राप्त जीत परचम लहराया। ब्लॉक स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम मे पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूल उमरेली, सुखरीकला, कोथारी, तुमान, सेन्दरीपाली, सरगबुंदिया, नवापारा, सन्डैल तथा फरसवानी स्कूल के छात्र छात्राओ ने हिस्सा लिये। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम कु.सुरभि साहू सुखरीकला, द्वितीय कु.मनीषा कश्यप सण्डैल तथा कु.परमेश्वरी कंवट तुमान ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जीत हासिल करते सभी प्रतिभागियो ने नशा मुक्त समाज का बनाने का संदेश दिये सभी सफल प्रतिभागियो को नोडल अधिकारी डॉ राकेश श्रीवास्तव प्राचार्य सरगबुंदिया के द्वारा कलम भेटकर कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्राचार्य नवापारा डा जगजाथ हिमधर, श्रीमति गीता देवी हिमधर, जीवन लाल बंजारे सनत कालेलकर (पीटीआई सुखरीकला) निर्मल खाखा सहित समस्त छात्र छात्राओ

# नेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

### छत्तीसगढ़ टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता में किया प्रथम स्थान हासिल

(लोकमाया न्यूज़)।




जांजगीर-चाम्पा। इंटरनेशनल ओलंपिक डे सेलिब्रेशन के अवसर पर पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट ग्राउंड में 20 एवं 21 जून 20 को नेशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कॉन्सिल ऑफ इंडिया राज्य इकाई रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। जिसमें बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ से 500 महिला पुरुष खिलाड़ी कोच एवं ऑफिशियल ने भाग लिए जिसमें छत्तीसगढ़ टीम के कबड्डी खिलाड़ी दुर्गेश सिदार, रुद्रा सान्डे, प्रखर सिंह, कृष्णा यादव, क्रिएंस बंजारे, कान्हा राठौर, खिलेश्वर कंवर, कृशक कंवर,ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किए। इसी तरह कराते खिलाड़ी मुस्कान कश्यप गोल्ड मेडल, दिव्यांश सिंह चंदेल सिल्वर मेडल, अनमोल साहू ब्राउन मेडल, वैभव मिश्रा गोल्ड मेडल, समर्थ सिंग चौहान ब्राउन मेडल, प्रकृति सिंह सिल्वर मेडल, हिमांशु बरेठ गोल्ड मेडल, अफ्सा राठौर सिल्वर मेडल, अनिकेत साहू गोल्ड मेडल, विहान नेताम सिल्वर मेडल, मालिना कमल सानडे गोल्ड मेडल, निष्ठा गोस्वामी सिल्वर मेडल, अन्वेषा राठौर ब्राउन मेडल, श्रेष्ठ द्विवेदी गोल्ड मेडल, अनिका नाग सिल्वर मेडल, आराध्या दुबे सिल्वर मेडल, लीजा महंत गोल्ड मेडल, अभिज्ञा बरेठ गोल्ड मेडल, मोहन राठौर गोल्ड मेडल, कंगना राठौर सिल्वर मेडल, नीलिमा राठौर सिल्वर मेडल, दीपक साहू गोल्ड मेडल, गरिमा राठौर सिल्वर मेडल, अनन्या राठौर सिल्वर मेडल, पारिजात सिन्हा गोल्ड मेडल, भूमिका कुर्रे गोल्ड मेडल, जॉय स्टीफन गोल्ड मेडल, वंदेश्वरी कश्यप ब्राउन मेडल, अक्षत सोनी ब्राउन मेडल, आर्या राठौर सिल्वर मेडल, इशिका कुर्रे ब्राउन मेडल, हर्ष रात्रे गोल्ड मेडल, एकता कंवर गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किए।

# शासकीय हाई स्कूल सिऊंड मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव




(लोकमाया न्यूज़)।

जांजगीर-चाम्पा। जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल सिऊंड में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। नवप्रवेशी सभी छात्रों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कक्षा नवमीं में प्रथम प्रकाश माथुर और कक्षा दसवीं में प्रियंका को मोमेंटो और मैडल से सम्मानित किया गया। इस समारोह में आगंतुक जनप्रतिनिधियों और छात्रों को प्राचार्य अमित मैसी द्वारा 2026-27 की शालेय कार्यायोजना से अवगत कराया गया और आगामी बोर्ड की परीक्षा में 100 प्रतिशत सफलता का लक्ष्य रखा गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्राम सरपंच नकुल हंसराज, उपसरपंच संतोष राठौर, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय राठौर, ग्राम सचिव उत्तम, जनपद प्रतिनिधि, पंच, पालकगण और छात्र-छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता में विशेष बंजारे सहा ग्रेड 2, हरि किशन यादव सहा ग्रेड 3 और दाताराम सफाई कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा। आभार व्याख्याता छत्रपाल साहू ने किया।

# साक्षी कश्यप ने मैरिट सूची में जगह बनाई



जांजगीर-चाम्पा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10 वीं हाई स्कूल मुख्य परीक्षा के रिवैल्यूएशन परिणाम में ग्राम सेमरिया की होनहार छात्रा साक्षी कश्यप को सुर्खियों में ला दिया है। नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर में अध्ययनरत साक्षी कश्यप, शासकीय हाई स्कूल बोरसी में व्याख्याता पिता कृष्ण कुमार कश्यप और गृहणी माता श्रीमती मन्दाकिनी कश्यप की पुत्री हैं। साक्षी ने 98 प्रतिशत स्कोर के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है। साक्षी के संस्कृत विषय में पहले 69 अंक थे जो रिवैल्यूएशन के बाद बढ़कर 74 अंक हो गए। इस 5 अंक की वृद्धि ने साक्षी को टॉप 10 की लिस्ट में पहुंचा दिया। सभी 6 विषयों में विशिष्ट योग्यता के साथ साक्षी ने साबित कर दिया कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। वहीं अंग्रेजी 97, हिंदी 98, संस्कृत 99, गणित 98, विज्ञान 96, सामाजिक विज्ञान 100 अंक। स्कूल कोड 311319, केंद्र कोड 311284 से परीक्षा देने वाली साक्षी को प्रथम श्रेणी प्राप्त हुई है। साक्षी का लक्ष्य नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनकर गांव-गांव में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। पिता खुद शिक्षक हैं तो बेटी ने भी शिक्षा को ही अपना हथियार बनाया।

# नवप्रवेशी बच्चों को बांटी गई पाठ्य सामग्री और स्कूल बैग




(लोकमाया न्यूज़)।

जांजगीर-चाम्पा। स्थानीय मिशन प्राथमिक शाला जांजगीर में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर नवप्रवेशी पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए एक विशेष स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि द्वारा बच्चों का अभिनंदन किया गया और उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें व स्कूल बैग वितरित किए गए। नया बैग और रंग-बिरंगी पुस्तकें पाकर नन्हें बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूल के शाला विकास प्रबंधन अध्यक्ष अजीत गढ़वाल ने कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें स्कूल में एक खुशनुमा माहौल देना है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण प्रधान पाठक एस जे राठौर, बसंत तम्बोली, पीएस क्षत्रिय मैडम, नीरज नील लारेंस सर सहित वार्ड के नागरिकगण शुभम खरे गोलू, अमन गढ़वाल उपस्थित थे।

# 5 किलो गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

### जांजगीर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को भेजा जेल

(लोकमाया न्यूज़)।



जांजगीर-चाम्पा। अवैध रूप से गांजा परिवहन वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने 5 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। इस संबंध में जांजगीर थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि थाना कोतवाली से क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु पुलिस टीम रवाना किया गया था जो पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम धुरकोट के पास घेरा बंदी कर पुलिस टीम के द्वारा चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति पुलिस टीम को देख भागने के फिराक में था जिसे पुलिस टीम के द्वारा दौड़ा कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम घसियाराम साहू निवासी शिवरीनारायण बताया जिसके कब्जे से 5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। थाना क्षेत्र में अवैध कार्य करने वालों के विरुद्ध थाना कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चाम्पा, उप निरीक्षक बेलसज्जर लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, सहायक निरीक्षक मुकेश कुमार पांडेय, आरक्षक सुनील सूर्यवंशी, दुर्गेश राठौर, दिलीप सिंह, विनोद राठौर का विशेष योगदान रहा।




## गहरी यांत्रणा से गुजरना

न्याय होने से पहले न्यूजक्लिक से जुड़े लोगों को गहरी यांत्रणा से गुजरना पड़ा। एक चलती हुई वेबसाइट मृतप्राय हो गई, दर्जनों कर्मचारियों की नौकरी गई, उनमें से बहुतों के यहां छापे पड़े। इनकी भरपाई कैसे होगी?


छह साल तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की यांत्रणा झेलने के बाद आखिरकार वेबसाइट न्यूजक्लिक को इंसाफ मिला। मुकदमा खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने महत्त्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। कहा कि न्यूजक्लिक के खिलाफ ना सिर्फ जारी कार्यवाही दुर्भावनापूर्ण है, बल्कि यह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता पर मनमाना हमला तथा शक्ति के दुरुपयोग का मामला भी है। ईडी के आरोपों को 'पूर्णतः गढ़ा हुआ और निराधार' ठहराते हुए न्यायालय ने कहा कि वेबसाइट के खिलाफ दूर से संकेत देने लायक भी कोई सबूत नहीं पेश नहीं किया गया। जबकि आरोप मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम के तहत लगाया गया था।

बुधवार को ही हाईकोर्ट की एक दूसरी बेंच ने जम्मू-कश्मीर के मानवाधिकार कार्यकर्ता खुर्रम परवेज पर यूएपीए के तहत जारी मुकदमे में जमानत दे दी। यह मामला पांच साल पुराना हो चुका है, मगर हाई कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि अभी इसमें मुकदमे की कार्यवाही शुरू होने की दूर-दूर तक संभावना नहीं है। इसलिए उच्च न्यायालय ने 'जेल अपवाद और बेल नियम' का सिद्धांत लागू किया। ये दोनों मामले देश में कानून के राज और न्याय की भावना के रोजमर्रा के स्तर पर जारी उल्लंघन की मिसालें हैं। मुद्दा सिर्फ परवेज या उन जैसे लोगों को सताने का नहीं है। सवाल है कि उनके खिलाफ अभियोग पक्ष के पास अकाट्य साक्ष्य हैं, तो न्यायिक कार्यवाही में उन्हें सिद्ध कर कानून सज़ा दिलाने की तत्परता वह क्यों नहीं दिखाता? ऐसा नजरिया क्यों अपनाया गया है, जिससे प्रक्रिया को ही दंड बना देने का अस्वीकार्य चलन अस्तित्व में आया है?

यह न्यूजक्लिक की खुशकिस्मती है कि उस पर मुकदमा चला। बहरहाल, न्याय होने से पहले उसके संपादक एवं अन्य पदाधिकारियों को महीनों जेल में गुजारने पड़े, एक चलती हुई वेबसाइट मृतप्राय हो गई, दर्जनों कर्मचारियों की नौकरी गई, उनमें से बहुतों के घर पर छापे पड़े जिससे उनकी प्रतिष्ठा को भारी क्षति पहुंची। आखिर इन सबकी भरपाई कैसे होगी? अतः क्या अब वक्त नहीं आ गया है, जब निराधार आरोप गढ़ने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए? साथ ही जिनकी जिंदगी अस्थिर और परेशान होती है, उन्हें उचित मुआवजा देने का प्रावधान किया जाए?

# रिफॉर्म एक्सप्रेस के अंतर्गत बढ़ रही न्यायिक सुगमता

**अर्जुन राम मेघवाल**



न्याय सदा से ही मानव सभ्यता का एक अत्यधिक महत्वपूर्ण और अभिन्न स्तंभ रहा है। हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध परंपरा तथा उसके स्थायी प्रतीक सामूहिक रूप से उन संस्थागत व्यवस्थाओं को दर्शाते हैं जिन्होंने मानव सभ्यता की विकास यात्रा को सही मार्ग पर आगे बढ़ाया, मार्गदर्शन किया और निरंतर आगे बढ़ने में सहायता की। मानव सभ्यता के अनवरत विकास के फलस्वरूप ज्ञान-विज्ञान और तकनीक से समृद्ध आधुनिक समाज में एक-दूसरे से जुड़े व्यक्तियों और समुदायों के आपसी संबंधों में भी विभिन्न विचारों और मतों के कारण परिवर्तन आया है, तथापि, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी उन्नति ने देश की सीमाओं से आगे जाकर विचारों के निर्बाध आदान-प्रदान को और अधिक सुगम बनाया है। अनादि काल से, एक विचार की दूसरे विचार पर श्रेष्ठता स्थापित करने की होड़ न्यायशास्त्र के विकास की एक मजबूत नींव रही है। युगों से विचारों और मूल्यों के इस अंतर्संघर्ष के बीच न्यायिक संस्थानों ने सत्य, निष्पक्षता और विधि के शासन में लोगों के विश्वास को पुनः स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाई है। इन्होंने एक सेतु का काम किया है जो प्रत्येक संबंधित पक्ष को, यहाँ तक कि उन लोगों को भी जो स्वयं को अलग-थलग महसूस करते हैं, न्याय और सामूहिक कल्याण की एक व्यापक प्रक्रिया से जुड़ाव, विश्वास और सहभागिता का अनुभव कराता है।

इसी स्थायी संस्थागत प्रतिबद्धता के कारण एक ऐसी सशक्त व्यवस्था निर्मित होती है जो न केवल न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करती है बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को सरल और सुगम बनाने के लिए अनिवार्य है। वर्तमान संदर्भ में विकसित भारतीय न्यायशास्त्र ने स्वयं को आधुनिक चुनौतियों और उपलब्ध अवसरों के अनुरूप ढाल लिया है। हमारी संवैधानिक विरासत हमें स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माताओं का स्वप्न साकार करते हुए एक समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में सतत मार्गदर्शन प्रदान करती है। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय की त्रिवेणी अर्थात राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय तथा स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श संस्थाओं और व्यक्तियों दोनों के लिए एक नैतिक दिशासूचक के रूप में कार्य करते हैं।

स्वतंत्र भारत को संविधान के रूप में एक आदर्श मार्गदर्शक प्राप्त हुआ जिसने हमारे राष्ट्र की प्रगति की दिशा निर्धारित की। देश की आजादी के बाद यद्यपि हमने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ली थी, फिर भी गहरी जड़ें जमा चुकी औपनिवेशिक मानसिकता भारतीय चिंतन और मूल्यों के लिए एक बौद्धिक अवरोध बनी रही। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति, उसके बाद भारत के नागरिकों के लिए बनाए गए दंडात्मक कानून तथा विभिन्न नीतियों ने नियमों का एक जटिल जाल बुन दिया, जिसने देश की जनता की स्वतंत्रता को सीमित किया। 19वीं सदी की मानसिकता और 20वीं सदी के कानून 21वीं सदी की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते।

हमें अपनी राष्ट्रीय उपलब्धियों पर अपार गर्व है। फिर भी, जब हम मोदी सरकार की बारह वर्षों की विकास यात्रा पर नजर डालते हैं तो शासन व्यवस्था में एक स्पष्ट और सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है जिसने नागरिकों के जीवन को अनेक स्तरों पर प्रभावित किया है। वर्ष 2014 को हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में याद किया जाएगा। यह वह वर्ष था जबकि देश में युवाओं की विशाल आबादी को देश के विकास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानने वाले तीव्र गति से विकसित हो रहे भारत की पूर्ण क्षमता को साकार करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेपों को और अधिक प्रभावी और सक्षम बनाया गया।

देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में संपूर्ण शासन व्यवस्था ने रिफॉर्म एक्सप्रेस से प्रेरित विकास की प्रक्रिया को तेजी से अपनाते हुए सशक्तिकरण की शक्ति का परिचय दिया है। इसकी यात्रा को संक्षेप में इस प्रकार बताया जा सकता है कि यह जमीनी स्तर से 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ावा देने का प्रयास है। साथ ही, राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण को शीर्ष स्तर से लागू करना भी इसका उद्देश्य है।

इसी प्रकार, भारत की न्यायिक सुधारों की यात्रा भी व्यापकता, नवाचार और गहन सामाजिक एवं सभ्यतागत प्रतिबद्धता की एक प्रेरक गाथा रही है। यह एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण को दर्शाती है जिसमें विधायी आधुनिकीकरण, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और डिजिटल नवाचार शामिल हैं। 'ईज ऑफ जस्टिस' हमारे लिए मात्र एक कथन नहीं है बल्कि यह एक सुधार का मंत्र है जिसमें न्याय के लिए अदालत की शरण में जाने वालों के लिए 'ईज ऑफ इंगेजमेंट', अधिवक्ताओं और न्यायाधिशों के लिए 'ईज ऑफ वर्किंग' तथा नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ अंडरस्टैंडिंग' शाामिल है। न्याय हेतु अदालतों की शरण में जाने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए दिशा योजना के तहत टेली-लॉ, न्याय बंधु और प्रो बोनो सेवाओं के विस्तार ने न्याय प्राप्ति को अत्यंत सुलभ और किफायती बना दिया है। कॉमन सर्विस सेंटर के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से संचालित टेली-लॉ कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के 112 लाख से अधिक लाभार्थियों को अदालतों में मुकदमे दायर करने से पहले मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त करने का लाभ मिला है। ई-फाइलिंग और ई-सेवा केंद्र की सेवाओं ने अदालत में मुकदमा दायर करने वाले व्यक्तियों और न्यायिक व्यवस्था के बीच नियमित संवाद एवं संपर्क को और अधिक सरल बनाया है। आधुनिक प्रौद्योगिकी और सामुदायिक सहभागिता के समन्वय का भारत का यह अनूठा मॉडल वैश्विक स्तर पर एक मानक के रूप में उभरा है। अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के लिए 'ईज ऑफ वर्किंग' को डिजिटल और भौतिक अवसंरचना दोनों में व्यापक विस्तार द्वारा उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया गया है। चूंकि जिला एवं अधीनस्थ न्यायपालिका देश के अधिकांश नागरिकों के लिए न्यायिक व्यवस्था का पहला संपर्क बिंदु है, अतः इसे सुदृढ़ करना एक अनिवार्य और व्यावहारिक प्राथमिकता बनी हुई है। इसी दृष्टि से, केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत न्यायालय भवन, अधिवक्ता कक्षों, आवासीय इकाइयों तथा डिजिटल अवसंरचना के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, देश में न्यायालय भवनों की संख्या वर्ष 2014 के 15,818 से बढ़कर 22,712 हो गई है तथा अत्याधुनिक एकीकृत न्यायालय परिसरों के विकास हेतु वर्ष 2014 के बाद से अब तक 9,400.40 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 7200 करोड़ रुपए के बजटीय परिव्यय से शुरू की गई।

# जल शक्ति: विकसित भारत की यात्रा को दे रही है गति

**सी. आर. पाटिल**

**पिछले 12 वर्षों में जल क्षेत्र में जितने बड़े पैमाने पर निवेश और काम हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। लेकिन इस बदलाव की अहमियत केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। आज पानी को पूरे देश की साझा प्राथमिकता माना जा रहा है, जिसमें सभी विभाग, राज्य, समुदाय और आने वाली पीढ़ियाँ भागीदार हैं। पहले जल क्षेत्र को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल क्षेत्र की योजना, प्रबंधन और सेवाओं से जुड़ी वर्षों पुरानी कमियों को दूर करने की जिम्मेदारी उठाई।**

धा क्या आप जानते हैं कि जल जीवन मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति कार्यक्रम है? या फिर स्वच्छ भारत मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण स्वच्छता अभियान है, जिसने लोगों की सोच और व्यवहार में अभूतपूर्व बदलाव लाया है? और क्या आपको पता है कि नमामि गंगे आज दुनिया की सबसे महत्वाकांक्षी नदी पुनर्जीवन योजनाओं में शामिल है?

ये सभी पहल केवल सरकारी योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इस बात का उदाहरण हैं कि 145 करोड़ आबादी वाला भारत किस तरह पानी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जब इतिहासकार भारत की विकास यात्रा को देखेंगे, तो संभव है कि वे पिछले 12 वर्षों को वह दौर बताएं, जब %जल% देश के विकास का सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया। मानव सम्मान, आर्थिक विकास, जनस्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण संरक्षण पर पानी जितना प्रभाव डालता है, उतना शायद ही कोई दूसरा क्षेत्र डालता हो। लेकिन कई दशकों तक भारत में जल संबंधी समस्याओं का समाधान अलग-अलग और बिखरे हुए तरीकों से किया जाता रहा। पिछले कुछ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत, गंभीर और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाया गया, जिसका नेतृत्व स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया।




पिछले 12 वर्षों में जल क्षेत्र में जितने बड़े पैमाने पर निवेश और काम हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। लेकिन इस बदलाव की अहमियत केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। आज पानी को पूरे देश की साझा प्राथमिकता माना जा रहा है, जिसमें सभी विभाग, राज्य, समुदाय और आने वाली पीढ़ियाँ भागीदार हैं। पहले जल क्षेत्र को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल क्षेत्र की योजना, प्रबंधन और सेवाओं से जुड़ी वर्षों पुरानी कमियों को दूर करने की जिम्मेदारी उठाई।

इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण जल जीवन मिशन है। जब यह मिशन शुरू हुआ था, तब केवल लगभग 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों, यानी करीब 17 प्रतिशत ग्रामीण घरों में ही नल से जल की सुविधा थी। आज 15.8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों, यानी 81 प्रतिशत से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल से पानी पहुँच चुका है। सरकार का लक्ष्य 2028 तक 100 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध कराना है। लाखों परिवारों, खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह केवल पानी की सुविधा नहीं है, बल्कि उनके जीवन में आया एक बड़ा बदलाव है।

अध्ययनों के अनुसार, पहले भारत की ग्रामीण महिलाओं को हर साल पानी लाने में अरबों घंटे खर्च करने पड़ते थे। अब घर-घर नल से पानी पहुंचने के कारण हर दिन 5.5 करोड़ से अधिक व्यक्ति-घंटों की बचत हो रही है। जो समय पहले पानी लाने में लगता था, अब उसका उपयोग पढ़ाई, रोजगार, बच्चों की देखभाल और आय बढ़ाने वाले कामों में हो रहा है। साथ ही, सुरक्षित पेयजल मिलने से पानी से फैलने वाली बीमारियाँ कम हुई हैं, जिससे लोगों का इलाज पर होने वाला खर्च भी घटा है।

इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन ने भी देश में बड़ा बदलाव लाया है। इस अभियान ने दिखाया कि लोगों की सोच में बदलाव, जनभागीदारी और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मिलकर बड़े स्तर पर परिवर्तन ला सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आकलन के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वजह से 2014 से अक्टूबर 2019 के बीच दस्त से होने वाली 3 लाख से अधिक मौतों को रोका जा सका। घर-घर शौचालय बनने से करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को सम्मान, निजता और सुरक्षा मिली। इस तरह स्वच्छता केवल एक सुविधा नहीं रही, बल्कि जनस्वास्थ्य और सामाजिक सम्मान का एक बड़ा जनआंदोलन बन गई। गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाने के बाद अब देश स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2.0 के तहत ठोस और तरल कचरे के वैज्ञानिक एवं टिकाऊ प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत ने जल संरक्षण और भूजल रिचार्ज के क्षेत्र में भी दुनिया के सबसे बड़े अभियानों में से एक चलाया है। 6 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत से जल संचय जन भागीदारी अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत 31 मई 2026 तक देशभर में 1.55 करोड़ से अधिक वर्षा जल संचयन और भूजल रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है। यह अभियान दिखाता है कि जल संरक्षण में लोगों की भागीदारी और सामूहिक प्रयास कितने प्रभावी हो सकते हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक असर अब भूजल की स्थिति में भी दिखाई देने लगा है। हाल के आकलनों के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भूजल का स्तर बेहतर हुआ है।

# कानून का चकमा देने का अनैतिक खेल है दल बदल

अरस्तू का मानना था कि राजनीति और नैतिकता एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जब राजनीति व्यक्तिगत स्वार्थ या भ्रष्टाचार से ग्रसित हो जाती है, तो समाज का नैतिक पतन होता है, जो लोकतंत्र के मूल उद्देश्य—'सामान्य कल्याण' को कमजोर कर देता है। देश में विपक्षी दलों के सांसदों में मची भगदड़ से अरस्तू का यह कथन आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। सांसदों का एक दल से दूसरे दल में जाना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं है; यह उस गहरी प्रवृत्ति का संकेत है जिसे संस्थागत अवसरवाद कहा जा सकता है। आज दल-बदल अपवाद नहीं रहा, बल्कि एक सामान्यीकृत राजनीतिक व्यवहार बनता जा रहा है, जहाँ जनादेश, विचारधारा और नैतिकता—तीनों क्रमशः हाशिए पर खिसकते प्रतीत होते हैं।

शिवसेना यूबीटी के नौ लोकसभा सांसदों में से छह ने एकनाथ शिंदे गुट का दामन थाम लिया। इन सभी सांसदों ने दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से पहले मुलाकात की और फिर शिवसेना में विलय की घोषणा की। उद्धव ठाकरे की शिवसेना में यह दूसरी बार टूट हुई है। इससे पहले 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी दोफाड़ हो गई थी। फिर चुनाव आयोग ने एकनाथ शिंदे के गुट को भी मूल शिवसेना का दर्जा मिल गया। तब उद्धव ठाकरे ने अपने गुट का नाम शिवसेना यूबीटी रख लिया।

इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के 22 सांसदों ने भी पार्टी तोड़कर एनसीपीआई का दामन थाम लिया था। एनसीपीआई एनडीए की एक बेहद छोटी पार्टी है। शिवसेना यूबीटी में टूट का सीधा फायदा केंद्र में सत्ताधारी एनडीए को मिलने वाला है। इससे एनडीए का संख्या बल और बढ़ जाएगा। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार लोकसभा में दो तिहाई बहुमत के जुगाड़ में लगी है ताकि आने वाले दिनों में वह कुछ अहम संविधान संशोधन विधेयकों को पास करवा सके। शिवसेना उद्धव गुट के सांसदों के शिवसेना में शामिल होने के बाद लोकसभा में एनडीए का कुनबा 320 के करीब पहुंच गया है।

सांसदों और विधायकों की ऐसी ही टूटफूट से ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस हाशिए पर आ चुकी है। टीएमसी के 80 विधायकों में से 58 ने ममता से विद्रोह कर दिया था। ममता बनर्जी इस झटके से उबर भी नहीं पाई कि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने बागी होने की घोषणा कर दी। टीएमसी के पास लोकसभा की 28 सीटें होने के कारण, बागी गुट को दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के लिए कम से कम 19 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता थी। एक ऐसी राजनीतिक पार्टी, जिसकी न लोकसभा और न ही विधनसाभा, कहीं पर भी एक सीट तक नहीं है, उस पार्टी में तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने विलय कर लिया है। इस कदम को दल-बदल विरोधी कानून से बचने के लिए अहम माना जा रहा है।

विगत महीनों में गैरभाजपा दलों में विधायकों—सांसदों के विद्रोह की शुरुआत अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी से हुई थी। आम आदमी पार्टी के सात राज्य सभा सांसदों ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस फैसले के बाद उच्च सदन में आप की ताकत घटकर सिर्फ तीन सांसदों तक रह गई है। राज्यसभा में की ताकत बढ़कर 113 पहुंची वहीं, इस बदलाव से भाजपा को सीधा फायदा हुआ है और उसकी संख्या राज्यसभा में बढ़कर 113 पहुंच गई है। इसके साथ ही एनडीए का आंकड़ा 148 पहुंच गया। वहीं, जिन सात सांसदों का भाजपा में विलय हुआ है, उनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता शामिल हैं।

अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या विधायकों का एक गुट खुद विलय की घोषणा कर सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि:** मेष राशि वालों आज के दिन आप ऊर्जावान रहेंगे। व्यापार से रिलेटेड नई योजनाएं बना सकते हैं, जिससे आपकी आय के स्रोत खुलेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा, निवेश करने के लिए अच्छा समय है, साथ ही आज यात्रा पर जाने के योग हैं। आज आप जीवनसाथी तथा बच्चों के साथ किसी मनपसंद जगह पर घूमने जायेंगे, जिससे आपकी उलझने दूर होगा।

**वृष राशि:** वृष राशि वालों आपके लिए आज का दिन खुशनुमा रहेगा। आज आपको कुछ नये लोगों से मिलने का अवसर मिलेगा, साथ ही आपको नया प्रोजेक्ट मिलने के योग हैं, जिससे आपके प्रगति के रास्ते खुलेंगे। आज आपके व्यवसाय में बेहतर बदलाव होने की संभावना है, जो आपके आर्थिक स्तर को बेहतर बनाएगा।

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस दौरान आप केवल भाग्य के भरोसे न बैठकर अच्छी मेहनत करेंगे। नौकरी में अच्छी सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। कहीं मनोरंजक यात्रा होने की संभावना है।

**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। आपके व्यवसाय में लाभ मिलेगा।

**सिंह राशि:** सिंह राशि वालों आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिग में पूरी मेहनत लगायेंगे। कूरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा फायदा होगा।नवविवाहित दंपति आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बना रहेगा।

**कन्या राशि:** कन्या राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा, जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा और आप दोनों के बीच आपसी रिश्ते और अच्छे होंगे।

**तुला राशि:** तुला राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके द्वारा बनाई गई योजना कारगर साबित होगी। अच्छा धन अर्जित करने में सफल होंगे। किसी तरह का निवेश करने से पहले अपने बड़ों से सलाह अवश्य लेंगे। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वाले जातक अपने टीम के सदस्यों के साथ तालमेल बिठाने में धैर्य से काम लें तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में चीजें आपके अनुकूल रहेंगी। घर में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में बड़े सुधार के योग हैं। आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द बना रहेगा। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर चले, आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आप नौकरीपेशा हैं तो कार्यस्थल पर आपकी स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपकी पदोन्नति के साथ आपका कार्यभार भी बढ़ेगा। आज आपको आमदनी के बेहतर अवसर मिलने के योग हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली आयेगी। आर्थिक स्तिथि बेहतर बनाने के लिए बड़ों से सलाह ले तो अच्छा रहेगा। अविवाहित हैं तो रिश्ता पक्का होने की संभावना है।

**मकर राशि:** मकर राशि वालों आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके व्यवसाय में विस्तार के साथ आय के स्रोत विकसित होंगे। मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले छात्रों को आज नई खबर मिल सकती है।

**कुम्भ राशि:** कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। कार्य स्थल पर सहकर्मियों के साथ आपका अच्छा बर्ताव आपकी सफलता में सहायक होगा। पदोन्नति के योग बनेंगे। आज आप स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मीन राशि:** मीन राशि वालों आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतरीन रहने वाला है। आज ऑफिस के कार्य को पूरा करने के लिए आपको कुछ अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। नया बिजनेस शुरू करने की योजना सफल रहेगी। विद्यार्थी वर्ग पिछले दिनों के छूटे कार्यों को आज पूरा करेंगे। दांपत्य जीवन में चली आ रही।

## शब्द कौतुक

### सू- दोकू क्र.077

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.076का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## सुडुको

### शब्द सामर्थ्य -077

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 076 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |


स्वामी अशोक भटनागर, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ब्यास मुनि द्विवेदी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्रा. लि. पीएनबी बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं एलआईजी 93 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, धनसुली, नरदहा, रायपुर छत्तीसगढ़ से प्रकाशित प्रबंध संपादक- आशीष मिश्रा (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन नं. 0771-4000600

## संक्षिप्त समाचार

### पट्टे की जमीन का चिन्हांकन कर कब्जा दिलाने महिला ने कलेक्टर से लगाई गुहार



**दुर्ग।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्रीमती सिल्ली थॉमस भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 140 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त विभिन्न आवेदनों पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली और उक्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में भिलाई निवासी विधवा महिला ने अपने नाम से आवंटित पट्टे की जमीन का चिन्हांकन कर कब्जा दिलाने की मांग की। महिला ने बताया कि वर्ष 1998 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत उनके एवं उनके दिवंगत पति के संयुक्त नाम पर भू-स्वामित्व पट्टा जारी किया गया था, लेकिन उन्हें आज तक उस जमीन के वास्तविक स्थान की जानकारी नहीं है। वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ बीएसपी क्वार्टर में निवास कर रही हैं, जहां जर्जर मकानों को तोड़ने की कार्यवाही चल रही है। ऐसे में परिवार के सामने आवास का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने पट्टे की भूमि का चिन्हांकन कराकर उन्हें कब्जा दिलाने तथा नियमानुसार मकान निर्माण की अनुमति प्रदान करने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने तहसील नजूल को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। बोरसी निवासियों ने प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण को 22 मीटर से कम कर 20 मीटर किए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि महाराजा चौक से बोरसी चौक तक सड़क का चौड़ीकरण अधिकांश हिस्सों में 20 मीटर के मानक के अनुसार किया जा रहा है, जबकि किराना दुकान से होटल तक सड़क को 22 मीटर चौड़ा किए जाने की योजना है, जिससे स्थानीय लोगों की निजी संपत्तियां प्रभावित होंगी। पूरे मार्ग में एक समान 20 मीटर चौड़ाई के मानक से नापजोख कराने आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने ईई लोक निर्माण विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पदमनाभपुर क्षेत्र अंतर्गत धनोरा स्थित शकुंतला नगरवासियों ने एक मकान में बड़ी संख्या में पालतू कुत्ते रखे जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि मकान मालिक एवं उनके किराएदारों द्वारा करीब 50 कुत्तों को पाला गया है, जिन्हें अक्सर बिना निगरानी के बाहर छोड़ दिया जाता है। रहवासियों ने बताया कि कुत्तों के झुंड से क्षेत्र में भय का माहौल है तथा कई बार राहगीरों और मवेशियों पर हमला करने की घटनाएं सामने आई हैं। आवेदकों ने बताया कि इस संबंध में थाना पदमनाभपुर में लिखित शिकायत भी दी गई थी, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### 10 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम निर्माण हेतु 60 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 10 विकास कार्यों के लिए कुल 60 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अहिवारा विधानसभा के धमधा विकासखंड के अंतर्गत कुल 10 ग्राम पंचायतों में ओपन जीम निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत ग्राम पंचायत मलपुरीखुर्द, ग्राम हिंगनाडीह (ग्राम पंचायत ढौर), ग्राम पंचायत खपरी (गि), ग्राम करहीडीह (ग्राम पंचायत डूमर), ग्राम पंचायत लहंगा (ढौर), ग्राम पंचायत ढौर (खेरधी), ग्राम पंचायत सहगांव (पथरिया), ग्राम पंचायत नंदौरी, ग्राम पंचायत चेटुवा तथा ग्राम पंचायत ढाबा में प्रत्येक ओपन जिम निर्माण कार्य हेतु 06-06 लाख रूपए (कुल 60 लाख रूपए) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### शासकीय भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने जिला प्रशासन की निरंतर कार्रवाई

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में शासकीय संपत्तियों को सुरक्षित रखने और अवैध कब्जों को हटाने विधि सम्मत कार्रवाई जारी है। इसी तारतम्य में मुस्तैदी का परिचय देते हुए धमधा तहसील अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शासकीय आबादी भूमि को अतिक्रमण से पूरी तरह मुक्त कराया गया है। तहसीलदार धमधा श्रीमती मीना साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार, धमधा स्थित शासकीय आबादी भूमि खसरा नंबर 1719/1 के आंशिक भाग (रकबा 1525 वर्गफीट) पर अनावेदक संतु यादव पिता कार्तिक यादव द्वारा अनाधिकृत रूप से टीन शेड लगाकर अतिक्रमण किया गया था। इस शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए राजस्व विभाग द्वारा नियमानुसार जांच व सुनवाई की गई तथा अनावेदक के विरुद्ध बेदखली आदेश पारित किया गया। उक्त आदेश के परिपालन में विगत 23 जून 2026 को तहसीलदार धमधा की उपस्थिति में प्रशासनिक टीम द्वारा बेदखली की कार्रवाई निष्पादित की गई। मौके पर अवैध टीन शेड को हटवाकर उक्त मूल्यवान भूमि को शासन के नियंत्रण में सुरक्षित कर लिया गया है। इस पूरी कार्यवाही के दौरान हल्का पटवारी, कोटवार, स्थानीय पार्षदगण एवं नगरवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रशासन की इस निष्पक्ष और वैधानिक कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है।

# सीएम हेल्पलाइन 1076 एवं ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर निगम में बैठक

(लोकमाया न्यूज)।



**भिलाईनगर।** शासन के निर्देशानुसार नागरिकों की मांगों एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 तथा कार्यालयीन कार्यों के सुचारू संचालन हेतु ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नगर पालिक निगम भिलाई में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। निगम आयुक्त की उपस्थिति में निगम सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालयों के अधिकारी, लिपिक तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर शामिल हुए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल एवं ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन के दौरान सामने आ रही तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनका समाधान किया गया। बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों में गति, पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ेगी तथा फाइलों के संचालन की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों को ई-ऑफिस में नस्तियों एवं फाइलों को लिपिक स्तर से उच्च अधिकारियों तक अनुमोदन के लिए भेजने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही पोर्टल के विभिन्न फीचर्स एवं कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। निगम आयुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण करें तथा ई-ऑफिस प्रणाली का अधिकतम उपयोग कर कार्यालयीन कार्यों को पेपरलेस एवं पारदर्शी बनाएं, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# भिलाई की बसाहट बचाने हर स्तर पर लड़ेंगे, जरूरत पड़ी तो बलिदान देने से भी पीछे नहीं हटूंगा : विधायक देवेंद्र यादव

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-9 अस्पताल, मैत्री बाग और भिलाई टाउनशिप की बसाहट को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि भिलाई केवल एक शहर नहीं, बल्कि देश की विविध संस्कृति, श्रमिकों के संघर्ष और पीढ़ियों की यादों का प्रतीक है। इसकी पहचान और बसाहट को किसी भी कीमत पर समाप्त नहीं होने दिया जाएगा।

मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि पूर्व में हुए जनआंदोलन के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) प्रबंधन ने स्पष्ट आश्वासन दिया था कि सेक्टर-9 अस्पताल को न तो बेचा जाएगा और न ही किसी निजी संस्था को लीज पर दिया जाएगा। इसी प्रकार मैत्री बाग और टाउनशिप की मूल बसाहट को भी सुरक्षित रखा जाएगा। यदि भविष्य में ऐसी कोई स्थिति बनती है तो इन परिसंपत्तियों को राज्य शासन को सौंपने पर विचार किया जाएगा। लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी बीएसपी प्रबंधन इस विषय पर कोई स्पष्ट पहल नहीं कर रहा है।



उन्होंने कहा कि लगातार संवाद और बैठक की मांग के बावजूद बीएसपी प्रबंधन चर्चा से बच रहा है, जिससे लोगों के मन में आशंका और बढ़ गई है। टाउनशिप क्षेत्र के निवासियों को नोटिस दिए जाने की घटनाओं ने चिंता को और गहरा कर दिया है। लोगों को यह डर सता रहा है कि कहीं वर्षों पुरानी बसाहट को उजाड़ने की तैयारी तो नहीं की जा रही। विधायक ने कहा कि भिलाई की बसाहट को बचाने के लिए वे शुरू से संघर्ष करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि लीजधारकों की रजिस्ट्री की प्रक्रिया रोक दिए जाने तथा लगातार नोटिस जारी किए जाने से लोगों में असुरक्षा का माहौल बन रहा है। ऐसी चर्चाएं भी सामने आ रही हैं कि सेक्टर क्षेत्र के बड़े हिस्से को खाली कराकर निजी हाथों में सौंपने की योजना बनाई जा रही है।

देवेंद्र यादव ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्रीय एकता और औद्योगिक विकास की सोच के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना की थी। भिलाई देश के विभिन्न राज्यों से आए लोगों की साझा संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे शहर की पहचान और बसाहट को समाप्त करने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि पूरे भिलाई की है। भिलाई के हर नागरिक, कर्मचारी, श्रमिक और परिवार के भविष्य से यह मुद्दा जुड़ा हुआ है। इसलिए सभी वर्गों को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी।

विधायक ने घोषणा की कि इस जनसंघर्ष की शुरुआत मीडिया के माध्यम से कर दी गई है। आने वाले दिनों में वे उन सभी परिवारों तक पहुंचेंगे जिन्हें नोटिस जारी किए गए हैं और उनसे संवाद कर जनसमर्थन जुटाएंगे। यह आंदोलन पूरी तरह गांधीवादी और लोकतांत्रिक तरीके से चलाया जाएगा।

देवेंद्र यादव ने कहा, भिलाई की बसाहट हमारी पहचान है। इसे बचाने के लिए यदि मुझे अपना सर्वस्व अर्पित करना पड़े तो भी मैं पीछे नहीं हटूंगा। भिलाईवासियों के अधिकारों और उनके भविष्य की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करता रहूंगा।

# आपातकाल पर भाजपा का राजनीतिक पाखंड : कांग्रेस

(लोकमाया न्यूज)।

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी आज आपातकाल का नाम लेकर लोकतंत्र की दुहाई देती है, लेकिन उसे यह भी बताना चाहिए कि आज देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता, विपक्ष की आवाज, मीडिया की स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों की स्थिति क्या है। उक्त व्यक्तव जारी करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव आफताब आलम ने कहा कि 1975 में लगाया गया आपातकाल तत्कालीन संवैधानिक प्रावधानों के तहत घोषित किया गया था। यह निर्णय असाधारण परिस्थितियों में लिया गया था और अंततः जनता के बीच जाकर चुनाव कराया गया। जनता का जो भी जनादेश आया, कांग्रेस ने उसे पूरी विनम्रता से स्वीकार किया और शांतिपूर्ण ढंग से सत्ता हस्तांतरित की। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी है। संयुक्त महासचिव आफताब आलम ने कहा कि भाजपा को यह बताना चाहिए कि यदि वह लोकतंत्र की सबसे बड़ी संरक्षक है, तो आज विपक्षी नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने के आरोप, संसद में विपक्ष की आवाज को दमन एवं सीमित करने की शिकायतें और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर उठते सवाल क्यों लगातार सामने आ रहे हैं? कांग्रेस ने अपने इतिहास से सीख ली है और लोकतंत्र तथा संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बार-बार दोहराया है। लेकिन भाजपा आज भी 50 वर्ष पुराने इतिहास के सहारे वर्तमान की विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। देश की जनता अब इतिहास की बहस नहीं, बल्कि वर्तमान के सवालों के जवाब चाहती है-नीट जैसे परीक्षा के पेपर लीक होना, महंगाई क्यों बढ़ रही है।



# सात बच्चों को कोख में खोने के बाद डॉ.सुरभि मोहबे ने दिलाया मातृत्व सुख

## प्रेगनेंसी में बी पी बढ़ जाता था और हो जाती थी बच्चे की मौत

(लोकमाया न्यूज)।



**राजनांदगांव।** डॉ. सुरभि मोहबे हॉस्पिटल कंचनबाग, डी मार्ट रोड की संचालक एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि ने एक नायाब कार्य कर ग्रामीण महिला को लंबे समय बाद मातृत्व सुख का आनंद दिलाया है । प्रसूता ने इससे पूर्व सात बच्चों को अपनी कोख में ही खो दिया था । 16 वर्ष पूर्व वैवाहिक बंधन में बंधने के बाद से वह इस सुख के लिए तरस रही थी । इस आठवें गर्भ की स्थिति में भी वही बी पी की समस्या बनी हुई थी । डॉ.सुरभि ने बड़ी सावधानी पूर्वक इलाज करते हुए स्वस्थ बच्ची का जन्म कराया। छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वास्थ्यगत सुविधा और नायाब कार्यप्रणाली द्वारा डॉ.सुरभि मोहबे ने एक महिला को मातृत्व सुख प्रदान कर न केवल साहू परिवार का दिल जीत लिया वरन उस परिवार में लक्ष्मी रूपी कन्या का जन्म भी कराया । गौरतलब है कि जिले के छुरिया ब्लॉक के ग्राम झीतराटोला निवासी श्रीमती लीला साहू विगत 16 वर्षों से संतान सुख से वंचित थी । खुद लीला साहू बताती हैं कि उन्होंने गर्भधारण तो किया किंतु हर बार उनकी ब्लड प्रेशर की बीमारी ने उनके सपनों को पूरा नहीं होने दिया । हर बार गर्भ की स्थिति में हाई ब्लड प्रेशर के कारण उनके सात बच्चों ने दुनिया नहीं देख पाई । सभी बच्चे उसकी कोख में ही दम तोड़ देते और मृत बच्चे को गर्भ से निकालकर उसकी जान बचाई जाती रही है ।

आठवीं बार जब श्रीमती लीला साहू गर्भवती हुई तो किसी ने उन्हें डॉ .सुरभि मोहबे से संपर्क करने की सलाह दी । डॉ.सुरभि ने बताया कि जब गर्भवती श्रीमती लीला साहू उनके पास आई तब भी जांच उपरांत उनका बी पी 200/120 पाया गया , जो चिंता का विषय था । डॉ सुरभि ने पिछली रिपोर्ट का अध्ययन कर केस हिस्ट्री के आधार पर ट्रीटमेंट शुरू किया । गर्भ की अवधि पूरी होने पर उन्होंने ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी कराकर 2 किलो 700 ग्राम वजन की स्वस्थ बच्ची का जन्म कराया । चूंकि बच्ची जन्म के बाद थोड़ी कमजोर थी , इसलिए उसे एक सप्ताह तक आई सी सी यू में रखा गया । उसके बाद स्वस्थ होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई । अपनी बच्ची को जीवित और स्वस्थ पाकर साहू परिवार खुशियों के आगे नतमस्तक है । उन्होंने डॉ. सुरभि के लिए यह कहने में संकोच नहीं किया कि वह उनके लिए ईश्वर बनकर सामने आई हैं ।

### डिलीवरी से पूर्व एक माह तक रही भर्ती

**श्रीमती साहू की केस हिस्ट्री को देखते हुए डॉ. सुरभि ने डिलीवरी से एक माह पूर्व श्रीमती साहू को अपने ऑजर्वेशन में रखने के उद्देश्य से हॉस्पिटल में भर्ती रखा। पुराने सभी मामलों में ठीक समय पर बी पी हाई हो जाता था और बच्चा गर्भ में ही दम तोड़ देता था। डॉ.की सावधानी और प्रसूता का सहयोग ही आज साहू परिवार की खुशी का कारण बना है।**

# भिलाई निगम की कार्रवाई, रेलवे स्टेशन के सामने फैले कबाड़ पर जप्ती की कार्रवाई



(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से फैलाई गई कबाड़ सामग्री के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 36 में पावर हाउस रेलवे स्टेशन के सामने जगदम्बा स्वीट्स के पास बड़े पैमाने पर कबाड़ियों द्वारा कचरा एवं कबाड़ सामग्री फैला कर रखी गई थी। स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि फैली हुई सामग्री के कारण क्षेत्र की स्वच्छता प्रभावित हो रही थी तथा आम नागरिकों एवं राहगीरों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। निगम की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संबंधित कबाड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कबाड़ सामग्री की जप्ती की गई। कार्रवाई के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक तथा राजस्व विभाग के सुपरवाइजर सहित निगम का अमला उपस्थित रहा। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा एवं कबाड़ फैलाने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम ने नागरिकों एवं व्यवसायियों से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा या कबाड़ सामग्री नहीं फैलाने की अपील की है।

# भिलाई स्टील प्लांट स्क्रैप चोरी प्रकरण में एक और फरार आरोपी गिरफ्तार



## अब तक कुल 13 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

(लोकमाया न्यूज)।

**भिलाई।** ग्राम अकलोरडीह खदान पारा स्थित ए.के. ट्रेडर्स, प्लॉट नंबर 18 ए/05, एच.आई.ए. हथखोज भिलाई में जांच की गई। जांच के दौरान विभिन्न हाईवा एवं ट्रकों में फ्लू डस्ट के साथ बीएसपी से चोरी किए गए लोहे की प्लेट, बीम एवं कटिंग लोड होना पाया गया। मौके पर लोहे की प्लेट, बीम कटिंग एवं अन्य स्क्रैप सामग्री का बड़े पैमाने पर भंडारण पाया गया। साथ ही स्क्रैप की लोडिंग एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन एवं मशीनरी भी मौके पर मौजूद थी। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि फ्लू डस्ट परिवहन की आड़ में बीएसपी से चोरी किए गए स्क्रैप का अवैध परिवहन किया जा रहा था। कार्यवाही के दौरान लगभग 250 टन लोहे की प्लेट एवं बीम कटिंग, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 90 लाख रुपये है, जप्त की गई। साथ ही परिवहन एवं लोडिंग में प्रयुक्त वाहनों एवं मशीनों सहित कुल लगभग 3 करोड़ 22 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जप्त की गई।

प्रकरण में पूर्व में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। विवेचना के दौरान फरार आरोपियों की सतत तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में एक अन्य फरार आरोपी तेजराम निषाद उर्फ दद्दू को पुलिस टीम द्वारा चिन्हांकित कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार किए जाने पर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण में अब तक कुल 13 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मामले की विवेचना एवं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# महंगाई और बिजली की दरों से जनता बेहाल, आर्थिक नीतियां पूरी तरह विफल : सागर ताम्रकार

(लोकमाया न्यूज)।



**राजनांदगांव।** केंद्र सरकार की दोषपूर्ण आर्थिक नीतियों और लचर आपूर्ति प्रबंधन के कारण आम जनता का मासिक बजट पूरी तरह से बिगड़ चुका है। बढ़ती कीमतों ने विशेषकर निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों का जीना दूभर कर दिया है। यह बात पूर्व एनएसयूआई महासचिव और कांग्रेस नेता सागर ताम्रकार ने एक बयान में कही। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आर्थिक मोर्चे और कानून-व्यवस्था को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े किए। ताम्रकार ने सरकारी और व्यापारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पर महंगाई का भारी दबाव है, जिससे आम आदमी पिस रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति उछलकर 16 महीने के उच्चतम स्तर लगभग 3.93 प्रतिशत तक पहुंच गई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई में भारी उछाल दर्ज किया गया है और यह 9.68 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है, जो उत्पादकों और कारखानों की लागत में भारी वृद्धि को दर्शाती है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच ईंधन व बिजली की थोक महंगाई 30 प्रतिशत से भी अधिक हो चुकी है, जिसका सीधा असर परिवहन और लॉजिस्टिक्स की लागत पर पड़ रहा है। खाद्य महंगाई लगातार ऊंचे स्तर (लगभग 4.78 प्रतिशत) पर बनी हुई है। हरी सब्जियों के दाम 48 प्रतिशत से अधिक बढ़ गए हैं, जबकि चांदी की कीमतों में 155 प्रतिशत और सोने में 40 प्रतिशत तक की भारी वृद्धि दर्ज की गई है। कांग्रेस नेता ने केंद्र की विदेश और आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब भारत को रूस से सस्ता कच्चा तेल मिल रहा था, तो अमेरिका के दबाव में वेनेजुएला से तेल खरीदने की क्या जरूरत थी? उन्होंने आरोप लगाया कि तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के नाम पर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। आज मोदी सरकार में अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, जबकि गरीबों को दो वक्त का खाना भी नसीब नहीं हो रहा है। पूंजीपति मित्रों के फायदे के लिए गरीबों का गला घोंटा जा रहा है। राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए सागर ताम्रकार ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली उत्पादक राज्य है, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यकाल में चार बार बिजली की दरों में वृद्धि की गई है। भीषण गर्मी के इस मौसम में भी जनता को निर्बाध बिजली नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सुशासन तिहार का जश्न मना रही है, जो कि जनता के साथ क्रूर मजाक है। बयान में आगे कहा गया कि छत्तीसगढ़ आज नशा और अपराध का गढ़ बन चुका है। किसान, जवान, आदिवासी और महिलाएं आत्महत्या करने को मजबूर हैं। बालोद में आदिवासियों और मीडियाकर्मियों के साथ हुई बर्बरता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन पर कब्जा करने की मुहिम चलाई जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों के इशारे पर काम कर रही है। ताम्रकार ने सरकार से जनता को तुरंत राहत देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाने की मांग की है, जिसमें आम जनता को राहत देने के लिए पेट्रोल- डीजल और रसोई गैस पर भारी एक्साइज ड्यूटी और टैक्स तुरंत कम किए जाएं। खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से हरी सब्जियों और दालों की जमाखोरी और मुनाफाखोरी करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो। आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की वितरण प्रणाली को मजबूत किया जाए ताकि गरीब और मध्यम वर्ग को सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सके।

# घिरा हुआ हूँ,जनम-दिन से, इस तआकुब में.. ज़मीन आगे है .,और आसमाँ मिरे पीछे

## अजय चंद्राकर के जन्मदिन पर भाजपाइयों व समर्थकों की औपचारिक बधाई ।इस संदेश ने नेता - कार्यकर्ताओं के बीच बढ़ती दूरी को उजागर किया है।

- सियासत में बढ़ रहा ट्रेंडनए दौर में अपनी ब्रांडिंग में जुटे नेता
- अपने जन्मदिन पर नहीं पहुँचे नेताजी।
- औपचारिक बना आयोजन ।

लोकमाया न्यूज ।







**धमतरी ( सुनील शर्मा )।** सियासत में साल दो साल का फासला (मंत्री पद) रिश्तों को कितना बदल सकता है, इसका जीता-जागता उदाहरण कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के जन्मदिन पर भाजपाइयों की शुभकामना से मालूम पड़ता है। जहां पिछले सालों में यह अवसर भव्यता से सराबोर रहा करता था , वहीं इस बार बधाई संदेश पूरी तरह औपचारिक रहा। यह मौजूदा सियासत , सियासतदां व जमीनी सिपाहियों (कार्यकर्ता )के बीच बढ़ती दूरी.. जो गहरी खाई का रूप ले रही है.,का परिचायक है ।जनाब मोहम्मद इज़हारुल हक़ ने खूब कहा है ...घिरा हुआ हूँ,जनमदिन से इस तआकुब में..ज़मीन आगे है .,और आसमाँ मिरे पीछे। कुछ यही हकीक़त है ,आजकल की सियासत व सियासतदानों की. !

गौरतलब है कि जन्मदिन के बहाने शक्ति प्रदर्शन का नया सिलसिला शुरू हुआ है ।जिसमें नेता ! नदारद रहते हैं..समर्थक जन्मदिन मनाते हैं ।एक समय था जब सियासतदानों के जन्मदिन पर जगह-जगह रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता था। यह सिलसिला अब काफी हद तक सीमित हो गया है । सियासी दलों के लगभग हर बड़े नेता के जन्मदिन पर बड़े-बड़े कार्यक्रम (धार्मिक समेत )कर मीडिया में सुर्खियां बटोरीं जाती हैं ।इन्सान के अपने यौम-ए-पैदाइश से ज़्यादा अहम दिन उस के लिए और कौन सा हो सकता है। ये दिन बार बार आता है और इन्सान को ख़ुशी और दुख से मिले जुले जज़्बात से भर जाता है।

### फोकस..नेताजी पर

जिले में हाल फ़िलहाल सियासत में अजय ! से बड़ी कोई शख़्सियत नहीं है उनकी छवि, जुझारू प्रवृत्ति और अद्भुत नेतृत्व क्षमता ने काफ़ी मान सम्मान दिलाया है, तो सफल नेतृत्वकर्ता गुणों ने ख्याति बढ़ाई हैअभी हालिया विष्णुदेव सरकार में मंत्री तो नहीं बनाए गए थे, लेकिन इस दौड़ में हमेशा से बने रहे हैं। उनके समर्थकों की अच्छी खासी तादाद है ।जिन्होंने जन्मदिन के बहाने शक्ति प्रदर्शन कर अपने नेता पर फोकस बनाए रखा हैशहर में टंगे बैनर - पोस्टर्स व होर्डिंग्स इसके जीते जागते प्रमाण हैं।

### होड़ .,बड़ा चेहरा बनने की

भाजपा में इस समय हर नेता इसी कोशिश में है ,किस तरह पार्टी में बड़ा चेहरा बन कर उभरें ।इस चक्कर में किसी न किसी बहाने नेता व समर्थक शक्ति प्रदर्शन कर खुद को स्थापित करने में जुटे हैं नेता अपने समर्थकों को हिदायत ही नहीं दे रहे, फंडिग भी दे रहे ।अजय ! के समर्थक लगातार उनको मंत्री बनाने के लिए पैरवी कर रहे हैं ।आयोजन भी ।शहर में (धमतरी ) 24 जून को एक आयोजन (भंडारा) हुआ ।इसे एक शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है ।हालांकि नेता जी के मन में क्या चल रहा है,अभी कुछ बोला नहीं है ।बहरहाल छग में सरकार बनने के बाद सियासी नुकसान का सामना कर रहे हैं ,अजय ! इधर देखना यह है कि सरकार का रुख क्या है,उनके प्रति कुछ नरमी आई है या बयानों के विपरीत तल्खी पहले की तरह ही है ..बरकरार ।

### जन्मदिन से निकलेगा..सियासी संदेश -

उल्लेखनीय रहे कि अजय ! उन भाजपा नेताओं में शामिल हैं, जो लगातार विधानसभा चुनाव जीतते आ रहे हैं। इस बार जिस तरह से शहर में उनका जन्मदिन मनाया गया, वह चर्चा का विषय बना हुआ है ।जन्मदिन के बहाने चाहने वालों ने यह संदेश दे दिया कि उनकी स्वीकार्यता धमतरी में भी है ।पूजा-पाठ, महाआरती, खूब गाना-बजाना हुआ, केक काटे और भंडारा किया ..अजय ! के लिए दुआएं भी मांगी गईं ..धमतरी में जन्म दिवस पर कई नेता गायब देखे गये , तो कई मौजूदगी दर्ज कराने के लिए समर्थकों संग पहुंचे ।सभी को निराशा हाथ लगी, जब इंतजार के बावजूद नहीं पहुंचे.. अजय ! जन्मदिन जोर-शोर से मनाया गया । जनता -कार्यकर्ताओं का हुजूम भी जुटा ।लेकिन पार्टी दफ़्तर में ऐसी कोई हलचल दिखाई नहीं दीं ।पूर्व मंत्री अजय के जन्मदिन पर धमतरी - छग में नए सियासी संदेश निकल सकते हैं। मौजूदा सरकार में उपेक्षित व अनबन (कथित रूप से )के बीच हुए आयोजन ने सियासी पंडितों को भी चकरा दिया है।

---

## संक्षिप्त समाचार

### स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षा आज

**धमतरी।** पं सुन्दरलाल शर्मा विवि के स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं की परीक्षा 25 जून से 20 अगस्त तक परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली में सुबह 10 से दोपहर 1 और द्वितीय पाली में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी।

### कन्या स्कूल में कमरों का लोकार्पण 28 को

**कुरूद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद में बने 8 नए कक्षों और आधुनिक शौचालय भवन का लोकार्पण 28 जून को होगा। यह काम रायपुर कैपिटल राउंड टेबल के सहयोग से पूरा किया गया है। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे।

### पूरक परीक्षा फॉर्म भरने की आज अंतिम तारीख

**धमतरी।** पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा पूरक परीक्षा फार्म भरने के लिए पोर्टल शुरू किया है। स्नातक बीए, बीएससी, बीकॉम-2 नियमित, प्राईवेट परीक्षार्थी 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी प्रशिक्षण 30 जून से

**धमतरी1** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 जून से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बड़ौदा आरसेटी के निदेशक सुरजीत सरदार ने बताया कि 18 से 50 वर्ष तक के ग्रामीण बेरोजगार महिला-पुरूष आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण निशुल्क व आवासीय सुविधा युक्त है। प्रशिक्षण में फोटो शूट, वीडियोग्राफी, एल्बम, बंधन एल्बम, करिज्मा एल्बम आदि की जानकारी दी जाएगी। 35 सीटें आरक्षित है।

### समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद मिलने से किसानों को खेती के काम में हो रही सहूलियत

**बलौदाबाजार।** जिले में किसानों को खेती-किसानी के लिए आवश्यक उर्वरक समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में बलौदाबाजार निवासी किसान श्री रामनारायण पैकरा ने बताया कि वे लगभग ढाई एकड़ भूमि में खेती करते हैं। खरीफ सीजन की तैयारी के लिए वे खाद लेने अपनी सहकारी समिति बलौदाबाजार पहुंचे, जहां उन्हें बिना लाइन लगे, समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया गया।

श्री पैकरा ने बताया कि समय पर खाद मिलने से खेती की तैयारियां सुचारु रूप से हो रही हैं और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग का आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है।

---

## दो लाख से अधिक सीड बाल से पौधा रोपण का लक्ष्य



लोकमाया न्यूज ।

**बलौदाबाजार।** वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु के आगमन के साथ व्यापक स्तर पर सीड बॉल रोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वन मण्डल बलौदाबाजार अंतर्गत रिक्त वन क्षेत्रों, एएनआर क्षेत्रों, चारागाह विकास स्थलों, नदी-नालों के किनारों तथा विरल वन क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनर्जनन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप उपयोगी प्रजातियों का विस्तार पर बल दिया जाएगा।

अभियान के तहत वनमण्डल स्तर पर पूर्व से ही प्रत्येक वन परिक्षेत्र को लक्ष्य निर्धारित कर सीड बॉल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत पूरे वनमण्डल में लगभग दो लाख से अधिक सीड बॉल तैयार करने एवं उनका चरणबद्ध रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विभिन्न वन परिक्षेत्रों द्वारा बड़ी मात्रा में सीड बॉल निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में उनका रोपण भी किया जा रहा है।

वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत कसौदी परिसर के कक्ष क्रमांक 243 एवं 244, एएनआर क्षेत्र कक्ष क्रमांक 248 तथा जोंक नदी के किनारे सीड बॉल रोपण का कार्य किया गया,वहीं बारनवापारा परिक्षेत्र के विभिन्न परिसरों में इमली, चार, बेल, बेर, आम, बहेड़ा एवं अन्य स्थानीय प्रजातियों के सीड बॉल का रोपण किया गया ।इसी प्रकार अल्दा, मुढ़ीपार, सुरबाय, डूमरपाली, बल्दाकछार, डाढ़ाखार, पैरागुड़ा सहित वनमण्डल के विभिन्न परिसरों में सीड बॉल रोपण की गतिविधियाँ निरंतर संचालित की जा रही हैं। वनमण्डल द्वारा आगामी युवान कार्यक्रम के माध्यम से भी जल स्त्रोतों, छोटे नालों एवं नदी किनारे के क्षेत्रों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप फलदार एवं बहुउपयोगी वृक्ष प्रजातियों के रोपण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है।

### खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान उपार्जन हेतु किसान पंजीयन एवं संशोधन 1 जुलाई से

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान उपार्जन हेतु नवीन किसान पंजीयन एवं संशोधन के लिये 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक समय -सीमा निर्धारित किया गया है ।धान उपार्जन हेतु समस्त श्रेणी के किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य है। ऐसे कृषक जिनके द्वारा विगत वर्ष 2025-26 में धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है एवं जिनके पास एग्रीस्टेक फार्मर आई.डी. तथा किसान कोड उपलब्ध है उन्हें पृथक से कोई नवीन पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इन कृषकों द्वारा खरीदी-बिकी,नामांतरण,बटवारा,फौती,अन्य माध्यम से यदि नवीन भूमि प्राप्त की गई हो, तो केवल ऐसी भूमि,खसरा नंबर का संशोधन धान विक्रय हेतु संबंधित उपार्जन केन्द्रों या समितियों में किया जाएगा ।वन पटटाधारी,डुबान,शासकीय पटटेदार,कोटवार, संस्थागत कृषकों को भी धान विक्रय किये जाने हेतु एग्रीस्टेक में पंजीयन किया जाना अनिवार्य होगा।

## भाजपा के जीरो टॉलरेंस के दावे की पोल खोल रही 10 करोड़ की रीजेंट खरीदी: विनोद चंद्राकर

- साय सरकार के पौने 3 साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य विभाग बना भ्रष्टाचार का केंद्र

लोकमाया न्यूज ।



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार का प्रमुख केंद्र बना दिया है। 10 करोड़ की रीजेंट खरीदी का घोटाला भाजपा के %जीरो टॉलरेंस% के झूठे दावे की कलई खोल रही है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि 10 करोड़ रुपये की रीजेंट खरीदी में घोटाला कोई प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि जनता के पैसे पर सुनियोजित डाका है। जो सरकार की नीयत और नीति दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। श्री चंद्राकर ने सवाल किया कि 21 जनवरी को कैबिनेट ने प्रदेश के सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सरकारी पैथोलॉजी लैब को बंद कर पूरा काम एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) को सौंपने का फैसला ले लिया था, तब कैबिनेट के इस फैसले के ठीक 48 घंटे बाद 23 जनवरी को सीजएमएससी ने आनन-फानन वैनगार्ड कंपनी को 10 करोड़ रुपये का रीजेंट सप्लाई करने का ऑर्डर क्यों दे दिया।

जब सरकार को पहले से पता था कि सरकारी लैब बंद होने वाली है, और पुरानी मशीनें कबाड़ में जाने वाली हैं तो फिर उन्हीं मशीनों के लिए 10 करोड़ का रीजेंट क्यों खरीदा गया। यह ऑर्डर किसे फायदा पहुंचाने के लिए कैबिनेट के फैसले के तुरंत बाद दिया गया, इसका जवाब भाजपा की साय सरकार देना चाहिए।

श्री चंद्राकर ने कहा कि यह है कि हर पैथोलॉजी मशीन का रीजेंट अलग होता है। एचएएल जब नई मशीनें लगाएगी तो सरकारी पैसे से खरीदा गया यह 10 करोड़ का रीजेंट उन मशीनों में काम ही नहीं आएगा।

साफ है कि यह पूरा स्टॉक गोदाम में पड़ा-पड़ा एक्सपायर हो जाएगा। साफ जाहिर है भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए जान बूझकर 10 करोड़ रुपये का नुकसान कराया। ताकि, किसी खास कंपनी या बिचौलिए को फायदा पहुंचाया जा सके। इस पूरे मामले में गरीब मरीजों के साथ सबसे बड़ा धोखा किया गया है। सरकार ने एचएएल का सबसे महंगा मॉडल-3 मंजूर किया है। जिसमें जांच दरों पर मरीजों को कोई छूट नहीं मिलेगी। जांच के लिए सरकारी बिल्डिंग का इस्तेमाल होगा, सरकारी बिजली खर्च होगी, सरकारी स्टाफ काम करेगा, लेकिन गरीब मरीज से जांच का पूरा पैसा वसूला जाएगा।

## स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन के लिए लगा आजीविका मेला

- कलेक्टर ने कहा हुनर और रूचि के अनुरूप मिलेंगे रोजगार का अवसर

लोकमाया न्यूज ।



**महासमुंद।** जिले में आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने, स्व-सहायता समूहों एवं हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आजीविका मेला 2026 का आयोजन वन विद्यालय के प्रशिक्षण हाल में किया गया।

मेले में श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, आरसेटी, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, कौशल विकास, जिला रोजगार केंद्र, बिहान एवं अन्य डिपार्टमेंट द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं, ऋण सुविधा, प्रशिक्षण, स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियों से जुड़ने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल, कलेक्टर श्री विनय लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और हितग्राहियों से संवाद कर उनके अनुभव एवं आवश्यकताओं को जाना।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल ने कहा कि आजीविका मेला ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपनी क्षमता के अनुरूप रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय संसाधनों पर आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। युवाओं, महिलाओं एवं हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण, बैंक लिंकेज और स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विभागों को हितग्राहियों के हुनर और रूचि के अनुरूप रोजगार चुनाव के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को सूची बनाकर आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार ने बताया कि बिहान समूहों के अलावा अन्य हितग्राहियों को आजीविका के स्थायी साधनों से जोड़ने के लिए विभागीय समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण, बाजार उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से रोजगार के बेहतर अवसर तैयार किए जा सकते हैं।

## 25 जून को होगा किडनी मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सक से ऑनलाइन संपर्क शिविर

लोकमाया न्यूज ।



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने द जिला अस्पताल में आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा सतत रूप प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में अस्पताल का डायलिसिस केंद्र किडनी रोगियों को अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान कर रहा है।


सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा ने बताया कि अस्पताल में डायलिसिस सेवा 2023 से मरीजों को मिल रही है। यह पूरी तरह नि:शुल्क है। तब से लेकर अब तक डायलिसिस के 14410 सेशन हो चुके हैं। कुल 197 पंजीकृत मरीज हैं जिन्होंने इसका लाभ लिया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय नि:शुल्क डायलिसिस कार्यक्रम के तहत जिले में यह सुविधा उपलब्ध है जो पूरी तरह नि:शुल्क है । 25 जून को अस्पताल में नए किडनी मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा ऑनलाइन परामर्श दिया जाएगा । जरूरतमंद मरीज इसका लाभ ले सकते हैं।

अस्पताल में अपनी डायलिसिस करवाने आए भाटापारा के ग्राम गोगिया निवासी सुनील कुमार ने बताया कि यह उनका केंद्र में पहला सेशन है ।इससे पहले दो सेशन उन्होंने बिलासपुर के निजी अस्पताल से लिया था जहाँ हर हफ्ते 7-8 हज़ार लग जाता था। जिला अस्पताल में यह नि:शुल्क है जिससे उन्हें काफी राहत मिली है।

## टीबी के हाई रिस्क जोन में..167 गांव

लोकमाया न्यूज ।



**धमतरी।** भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीबी मरीजों वाले गांवों की रिपोर्ट जारी की है। इसमें धमतरी जिले के 167 गांवों को हाई-रिस्क जोन में रखा गया है ।रिपोर्ट मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इन गांवों में पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। अब तक 86 गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर उच्च जोखिम वाले लोगों की स्क्रीनिंग की है। आधुनिक हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों से जांच की गई। अब तक 8 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इसमें 265 नए टीबी मरीज मिले हैं। टीबी के मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अब हरकत में आ गया है।

गौरतलब है कि,चिह्नांकित मरीजों को दवा उपलब्ध कराई जा रही ।मॉनिटरिंग भी हो रही । गांव में इलाज की सुविधा देने के लिए निक्षय मित्र भी बनाए हैं ।सरकार ने टीबी मुक्त भारत रथ ऐप भी लॉन्च किया है ।टीबी से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी है। टीबी मरीज, अन्य हितग्राही भी डाउनलोड कर उपयोग कर सकते हैं। इससे मरीजों की मॉनिटरिंग भी होगी। इस ऐप की जानकारी देने के लिए बैठकें भी हो रही । धमतरी ब्लॉक में सीएमएचओ कार्यालय में हुई।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष वैष्णव ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान फेस-2 के तहत जिले में 24 मार्च से 100 दिवसीय टीबी पहचान व उपचार अभियान चलाया जा रहा है। यह 2 जुलाई तक चलेगा। अभियान के दौरान कुल 1 लाख 7 हजार लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य निर्धारित है ।90 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई हैं ।जांच में आधुनिक मशीनों का भी उपयोग किया जा रहा है। जिले में 2 आधुनिक हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनें हैं। जिले में वर्ष 2025 में 1416 टीबी मरीज थे। 2026 में जनवरी से अब तक 560 टीबी के मरीज हो चुके हैं।

### ये हैं,जांच के बिंदु

60 वर्ष से ज्यादा उम्र के महिला-पुरुष, डायबिटीज मरीज धूम्रपान व मद्यपान करने वाले लोग, ईंट भट्ठे व माइनिंग क्षेत्र में काम करने वाले, वृद्धाश्रम व जेल के कैदियों की जांच, 2 साल पुराने टीबी के मरीज, उनके परिजन, एचआईवी मरीज।

**संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ( छ.ग. )**

**धारा-30 (ख) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती मिनाक्षी सिंगला पति श्री रघुनंदन सिगंला एवं श्री रघुनंदन सिंगला पिता श्री सोहन लाल सिंगला, विधानसभा रोड, सफायर ग्रीन रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम-आमासिवनी, स्थित भूमि संविलयन खसरा क्रमांक 15004/1 एवं अन्य कुल रकबा 8.117 हेक्टे. हेतु आदेश क्रमांक 6549/नग्रानि/धारा-30'क'/ पी.एल. 32/2020 रायपुर दिनांक 01.04.2021 द्वारा स्वीकृत संशोधित अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक 77, 78 के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) न्यू राजेन्द्र नगर, गोविंद सारंग परिसर द्वितीय तल, जिला-रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक,**
नगर तथा ग्राम निवेश,
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, छ.ग.

जी- 262701702/1

## संक्षिप्त समाचार

### इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में पेड़ जलाने की खबर भ्रामक, विभाग ने दी तथ्यात्मक जानकारी

**बीजापुर।** इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के कुटरू कोर क्षेत्र में सड़क किनारे बड़े-बड़े पेड़ों को जलाए जाने तथा इस संबंध में विभाग के गंभीर नहीं होने की खबर को विभाग ने भ्रामक बताया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रकाशित समाचार तथ्यहीन एवं भ्रामक है। वन विभाग के अनुसार इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई अथवा पेड़ों को जलाए जाने संबंधी कोई प्रकरण विभाग के संज्ञान में नहीं आया है। ऐसी किसी घटना की पुष्टि भी नहीं हुई है। उप निदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व ने बताया कि बस्तर क्षेत्र के नक्सल-मुक्त होने के बाद से वन अमला अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इन्द्रावती टाइगर रिजर्व की उड़नदस्ता टीम द्वारा नियमित गश्त की जा रही है तथा क्षेत्रीय युवाओं को पेट्रोलिंग गार्ड के रूप में नियुक्त कर वन क्षेत्रों की निगरानी मजबूत की गई है। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों के बीच वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान और प्रचार-प्रसार कार्यक्रम भी लगातार संचालित किए जा रहे हैं। विभाग ने कहा कि वन एवं वन्यजीव संरक्षण से संबंधित कोई भी शिकायत या प्रकरण प्राप्त होने पर नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाती है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि अपुष्ट एवं भ्रामक समाचारों पर विश्वास न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें।

### अहकेली तक पहुंची सड़क, ग्रामीणों को मिली आवागमन और स्वास्थ्य सुविधाओं की बड़ी राहत

**बीजापुर।** भैरमगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत एल-036 बेलनार रोड के कि.मी. 2.00 से ग्राम अहकेली तक 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण परियोजना का कार्य अंतिम चरण में है। वर्ष 2016-17 में स्वीकृत इस सड़क के अंतर्गत 4 किलोमीटर मिट्टीकरण कार्य, मुरूमीकरण तथा 2 पुलियों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में शोल्डर एवं शेष मुरूमीकरण कार्य प्रगति पर है, जिसे जून माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। यह क्षेत्र अबूझमाड़ के अतिसंवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित इलाकों में शामिल है, जहां लंबे समय तक सड़क संपर्क का अभाव रहा। ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नदी पार कर नाव के माध्यम से कई घंटे की यात्रा करनी पड़ती थी। विद्यार्थियों को भी स्कूल आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क निर्माण से अब ग्राम अहकेली सहित आसपास के ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल रही है। स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है तथा स्कूली बच्चों के लिए शिक्षा संस्थानों तक पहुंच सुरक्षित और सुविधाजनक बनी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

### जल जीवन मिशन से बदली भटपल्ली की तस्वीर, हर घर तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

**बीजापुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत भैरमगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत सोमनपल्ली के आश्रित ग्राम भटपल्ली में हर घर नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित होने से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। जिला मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में पहले पेयजल के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे लोगों को लंबी कतारों और विभिन्न मौसमों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। योजना के तहत 10 केएल क्षमता वाले दो सोलर आधारित जल संरचनाओं के माध्यम से 34 परिवारों को घर-घर नल कनेक्शन देकर नियमित शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के संचालन एवं संधारण के लिए ग्राम से नल जल मित्र का चयन कर तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। ग्रामसभा के माध्यम से भटपल्ली को शत-प्रतिशत 'हर घर जल' प्रमाणित किया गया। ग्रामसभा में जल आपूर्ति व्यवस्था, रखरखाव एवं जलकर संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए प्रत्येक परिवार से 40 रुपये प्रतिमाह जलकर लेने पर सहमति बनी। ग्रामीण बोडाराम कारटम ने बताया कि पहले पानी के लिए काफी परेशानियां होती थीं, लेकिन अब घरों में नल से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल मिलने से पानी की समस्या पूरी तरह दूर हो गई है। भटपल्ली की यह उपलब्धि जल जीवन मिशन के 'हर घर जल' लक्ष्य को साकार करने का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसने ग्रामीणों को सुविधाजनक जल आपूर्ति के साथ जल संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति भी जागरूक किया है।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण पर कलेक्टर का जोर

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि सुदूर अंचलों के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभान्वित किया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने हाल ही में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण पर विशेष जोर दिया। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में दर्ज शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरण की प्रगति की जानकारी ली। आश्रम एवं पोटा केबिनों के लिए नियुक्त नामजद अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा कमी पाए जाने पर संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में श्रम विभाग की योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जाए।

# तहसील साहू समाज किरंदुल की 14 दिवसीय धार्मिक-सांस्कृतिक यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न

### नेपाल, दार्जिलिंग, अयोध्या, काशी सहित कई प्रमुख तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकुशल लौटे समाजजन, सहयोगियों का किया गया सम्मान





लोकमाया न्यूज ।

**बचेली/किरंदुल।** तहसील साहू समाज किरंदुल के तत्वावधान में आयोजित 14 दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यात्रा में शामिल सभी समाजजन विभिन्न तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों के दर्शन कर सकुशल अपने गृह स्थान लौटे। यात्रा की सफलता पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया।

09 जून से 21 जून तक आयोजित इस यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने अयोध्या, काशी विश्वनाथ धाम, गोरखपुर, जनकपुर, पोखरा, मनोकामना देवी मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर, दार्जिलिंग तथा बाबा बैद्यनाथ धाम सहित अनेक धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। धार्मिक दर्शन के साथ यात्रियों को विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत एवं प्राकृतिक सौंदर्य को निकट से देखने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

यात्रा के समापन अवसर पर समाज की ओर इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों का सम्मान किया गया। उनके योगदान को देखते हुए उन्हें श्रीफल एवं शाल भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और संगठनात्मक एकता को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। तहसील साहू समाज ने यात्रा में शामिल सभी सदस्यों के स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए समाज के सहयोगियों और शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समाज ने विश्वास जताया कि सामूहिक सहभागिता और एकजुटता के बल पर संगठन आगे भी समाज सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करता रहेगा।

# प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में डीएमएफटी राशि का करें उपयोग : सांसद महेश कश्यप

## जिला खनिज संस्थान न्यास निधि शासी परिषद की समीक्षा बैठक आयोजित

लोकमाया न्यूज ।




**जगदलपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डीएमएफटी) शासी परिषद सह समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में डीएमएफटी मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा और डीएमएफटी मद के नए नियमों के अनुसार तहत 8 सेक्टरों के लिए आगामी पांच वर्षों के लिए प्रस्ताव पर चर्चा की गई। समिति को स्वीकृत कार्यों की स्थिति, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी निर्माण एवं क्रियान्वयन एजेंसीवार प्रस्तुत की गई।

बैठक में सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि डीएमएफटी मद की राशि का उपयोग प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों के भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण तथा गत वर्ष के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल ने कहा कि ऑयल पाम उत्पादन करने वाले किसानों को उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। इस मद से पूर्व वर्षों में स्वीकृत विकास कार्यों के निर्माण में तेजी लाई जाए। बैठक में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने डीएमएफटी मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष कर देवगुड़ी निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करवाएं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी, समिति के अन्य सदस्य गण, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन, डीएमएफटी के नोडल अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डीएमएफटी से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया।

## खरीफ सीजन 2026, कलेक्टर ने दिए शत-प्रतिशत फसल बीमा के निर्देश

लोकमाया न्यूज ।

**जगदलपुर।** आगामी खरीफ सीजन में जिले के किसानों को आर्थिक सुरक्षा कवच देने के लिए फसल बीमा से बीमित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी सिलसिले में कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में मंगलवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। इस विशेष बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं समिति के अध्यक्ष श्री आकाश छिकारा ने की, जिसमें समिति के सभी नामित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आगामी सीजन में मौसम की अनिश्चितताओं के मद्देनजर यह बैठक जिले के अन्नदाताओं को विपरीत परिस्थितियों में संबल प्रदान करने के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने इस वर्ष अलनीनो के प्रभाव के कारण असामान्य वर्षा होने की गंभीर आशंका जताई। मौसम की इस संभावित चुनौती से निपटने के लिए उन्होंने कृषि विभाग और जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक को निर्देशित किया कि खरीफ वर्ष 2026 के तहत अधिक से अधिक कृषकों की अधिसूचित फसलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दायरे में लाया जाए। फसल बीमा योजना के लिए प्रशासनिक स्तर पर इस बार पिछले रिकॉर्ड्स को दुरुस्त करने और तकनीकी पारदर्शिता को बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया है। इसके तहत कलेक्टर ने खरीफ वर्ष 2025 के लंबित फसल कटाई के आंकड़ों को तत्काल ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही किसानों को उनकी फसल क्षति या उत्पादन में होने वाले नुकसान का समय पर और बिना किसी देरी के दावा भुगतान मिल सके, इसके लिए एक बड़ा डिजिटल कदम उठाया जा रहा है।

## कलेक्टर आकाश छिकारा ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



### कहा महारानी अस्पताल का गौरवशाली इतिहास, स्टाफ इसके गौरव के अनुरूप करें कार्य


लोकमाया न्यूज ।

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और मरीज-हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा मंगलवार को महारानी जिला अस्पताल का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल की ऐतिहासिक महत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि महारानी अस्पताल का अपना एक बेहद गौरवशाली इतिहास रहा है, इसलिए यहाँ तैनात सभी चिकित्सक, अधिकारी और अन्य स्टाफ इसके गौरव और प्रतिष्ठा के अनुरूप ही पूरी निष्ठा एवं सेवाभाव से कार्य करें। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आपातकालीन सेवाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर श्री छिकारा ने अस्पताल के लगभग हर महत्वपूर्ण विभाग का सघन मुआयना किया। उन्होंने आपातकालीन कक्ष, हेल्प डेस्क, आयुष्मान कक्ष, बाह्य रोग विभाग पंजीयन कक्ष, दवा वितरण कक्ष और ईसीजी कक्ष जैसी प्राथमिक सेवाओं को देखा। इसके बाद वे सघन चिकित्सा एवं सर्जरी से जुड़ी इकाइयों आईसीयू, सर्जिकल गहन चिकित्सा इकाई, ऑपरेशन थियेटर, एक्स-रे कक्ष, डायलिसिस इकाई तथा बर्न एवं ट्रामा इकाई की व्यवस्थाओं को परखा। मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से उन्होंने कादम्बिनी मातृ शिशु देखभाल केंद्र, प्रसव पूर्व देखभाल वार्ड, प्रसव पश्चात देखभाल वार्ड, प्रसूति ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स, शिशु रोग विभाग तथा नवजात एवं शिशु गहन चिकित्सा इकाई का भी विशेष रूप से निरीक्षण किया।

## बस्तर के मरीजों को मिलेगी सुपर-स्पेशलिटी सुविधाएं

### महारानी अस्पताल के कायाकल्प के लिए 7 करोड़ रुपए से अधिक का प्रस्ताव तैयार

लोकमाया न्यूज ।



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के प्रतिष्ठित चिकित्सा केंद्र जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल जगदलपुर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। मंगलवार को अस्पताल के शहीद गुण्डाधुर सभाकक्ष में महारानी अस्पताल जीवन दीप समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर एवं समिति के अध्यक्ष श्री आकाश छिकारा ने की। इस बैठक में सहायक कलेक्टर श्री यशवंत नायक, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय प्रसाद और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक सहित जिले के विशेषज्ञ चिकित्सक और अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बस्तर संभाग के दूर-दराज से आने वाले गरीब मरीजों को जगदलपुर में ही सुपर-स्पेशलिटी स्तर का इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत अस्पताल के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए 07 करोड़ एक लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसके तहत अस्पताल के बुनियादी ढांचे से लेकर गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए उपयोग होने वाली आधुनिक चिकित्सा उपकरणों तक हर स्तर पर बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। इस प्रस्ताव के अंतर्गत अस्पताल की अधोसंरचना और सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए कई जनहितैषी निर्णय लिए गए हैं, जिसके तहत अस्पताल परिसर में वर्तमान में उपयोग की जा रही पुरानी पद्धति की हाई-टेंशन एवं लो-टेंशन विद्युत लाइनों को बदला जाएगा। बारिश के मौसम में स्पार्किंग और फॉल्ट होने के कारण सीटी स्कैन, एक्स-रे और वेंटिलेटर जैसी अति-आवश्यक मशीनों के खराब होने की आशंका को देखते हुए जेडीएस मद से इन पुरानी केबलों को हटाकर आधुनिक एबी केबल लगाई जाएगी, जिससे शॉर्ट सर्किट और करंट लीकेज की समस्या से पूरी तरह निजात मिल सकेगी। इसके साथ ही सीटी स्कैन मशीन के पुराने हो चुके बैटरी बैकअप को अपग्रेड करते हुए वहां 100 एएच की 32 नई बैटरियां लगाने और ब्लड बैंक सेंटर द्वारा आयोजित होने वाले आउटडोर कैंपों के लिए नए फोल्डेबल डोनर काउच खरीदने की अनुमति भी प्रदान की गई है। अस्पताल का मुख्य भवन 100 वर्ष से अधिक पुराना हो जाने के कारण इसकी मरम्मत को बेहद आवश्यक माना गया है, जिसके तहत बारिश में पानी के रिसाव को रोकने के लिए छत की मरम्मत कराई जाएगी और आंतरिक दीवारों व सीढ़ियों पर आकर्षक वॉल टाइल्स लगाई जाएंगी।

चिकित्सा सुविधाओं को हाई-टेक रूप देने के लिए अस्पताल के ऑपरेशन थिएटरों का पूरी तरह आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिसमें प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के मॉड्यूलर ओटी के नवीनीकरण पर 92 लाख रुपये तथा सामान्य सर्जरी के मॉड्यूलर ओटी अपग्रेडेशन पर 80 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जटिल ऑपरेशनों को आसान और सटीक बनाने के लिए 35 लाख रुपये की लागत से मोटराइज्ड एडवांस्ड ऑर्थो टेबल, 45 लाख रुपये की कीमत का कलर डॉपलर एडवांस्ड, 35 लाख रुपये का मोबाइल डीआर सिस्टम और आंखों के रोगों के आधुनिक उपचार के लिए 41 लाख रुपये के नए उपकरण खरीदे जाएंगे। गंभीर और छुपे हुए रोगों की सटीक जांच के लिए अस्पताल में 3 लाख रुपये की सीटीटी मशीन, 20 लाख रुपये का एंडोस्कोपी उपकरण सेट, 20 लाख रुपये का लेप्रोस्कोपी उपकरण सेट और 6 लाख रुपये के ईएनटी उपकरण सेट को भी इस प्रस्ताव में शामिल किया गया है, जिससे मरीजों को जांच के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी।

# वर्षाकालीन मौसमी बीमारियों से निपटने बस्तर संभाग में 180 कॉम्बेट दल गठित, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट





लोकमाया न्यूज ।

**जगदलपुर।** वर्षाकाल में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए बस्तर संभाग के सभी जिलों में स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। जिला स्तर के साथ-साथ विकासखंड और सेक्टर स्तर पर विशेष कॉम्बेट दलों का गठन किया गया है, वहीं आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक विकासखंड में अलग चिकित्सा सहायता टीम भी बनाई गई है। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि बस्तर संभाग के सभी जिलों में कुल 180 कॉम्बेट दल गठित किए गए हैं। वर्षा ऋतु के दौरान पहुंचविहीन क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पास जीवन रक्षक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण किया गया है। इसके अलावा आश्रम एवं छात्रावासों में भी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं तथा अधीक्षकों को दवाइयों के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की मितानिनों की मुख्यमंत्री दवा पेटी में नियमित रूप से दवाइयों की रिफिलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी पर्याप्त मात्रा में दवाइयों का भंडारण किया गया है। वहीं हाट-बाजारों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक विकासखंड में समस्याग्रस्त ग्रामों की पहचान कर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से पहुंचविहीन और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के गांवों एवं पारा-टोलों में स्वास्थ्य अमले को सतर्क रहने और समुदाय की सहभागिता के साथ मौसमी बीमारियों पर निगरानी रखने कहा गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि संभाग के अन्तर्गत 177 डायरिया प्रॉन एरिया, 538 संवेदनशील ग्राम, 810 पहुंचविहीन ग्राम तथा 638 संभावित बाढ़ ग्रस्त इलाकों का चिन्हाकंन किया गया है। साथ ही स्थानीय समुदाय की सहभागिता से हैण्डपम्प और पक्के कुंओं इत्यादि पेयजल स्त्रोतों की पहचान कर क्लोरीनेशन तथा ब्लिचिंग पॉउडर के जरिए इन जल स्त्रोतों का शुद्धीकरण किया गया है। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. महेश सांडिया ने मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु शुद्ध पेयजल का उपयोग करने, गर्म एवं ताजा भोजन सेवन करने, घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा गंदे पानी का जमाव नहीं होने देने की अपील ग्रामीणों और नागरिकों से की है। इसके साथ ही मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी के उपयोग करने और बुखार, उल्टी-दस्त जैसी समस्या होने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर उपचार करवाने की सलाह दी गई है।

## देरी से मानसून और एल-नीनो की चुनौती : कम अवधि की फसलें बनेंगी किसानों का सहारा

लोकमाया न्यूज ।

**बीजापुर।** जिले में एल-नीनो के प्रभाव और कमजोर मानसून के कारण अब तक सामान्य से केवल 25 प्रतिशत वर्षा दर्ज की गई है, जिससे खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। ऐसी स्थिति में कृषि विभाग ने किसानों को कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली धान की किस्मों को अपनाने तथा वैकल्पिक फसलों की खेती पर जोर दिया है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार किसान 90 से 130 दिनों में पकने वाली धान की किस्में जैसे एमटीयू-1010, आईआर-64, एमटीयू-1156, एमटीयू-1153 एवं विक्रम-टीसीआर का खुर्रा एवं सीधी बुवाई करें। सीधी बुवाई पद्धति से लगभग 20 प्रतिशत पानी की बचत होती है, खेती की लागत प्रति एकड़ करीब 5 हजार रुपये तक कम होती है और फसल 12 से 15 दिन पहले तैयार हो जाती है।

मरहान एवं टिकरा भूमि वाले किसान धान के स्थान पर कोदो, कुटकी, रागी, मूंग, उड़द, अरहर, मक्का तथा तिलहन फसलों की खेती कर सकते हैं। ऐसे किसानों को राज्य शासन की कृषक उन्नति योजना के तहत प्रति एकड़ 15 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की जाएगी।

कृषि विभाग ने किसानों को खेतों में मल्चिंग (पलवार) का उपयोग कर नमी संरक्षण, फसल विविधीकरण अपनाने तथा जोखिम कम करने की सलाह दी है। साथ ही एल-नीनो से संभावित नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है। किसान बीमा के लिए नजदीकी लोक सेवा केंद्र, बैंक शाखा अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 29 जून को बंद रहेगा पशुवध कार्य




**कोरबा**। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को दिनांक 29 जून 2026 को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। उक्त तिथि में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 29 जून को कबीर जयंती के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए गए हैं। उक्त तिथि में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई तीन नाबालिग बाल-बाल बचे



**कोरबा**। कोरबा में बुधवार शाम करीब 6 बजे सीएसईबी चैकी क्षेत्र के कोहड़िया मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला पहिया टूटकर अलग हो गया और वाहन कई बार पलट गया। हादसे के वक्त कार में 17 से 18 वर्ष के तीन नाबालिग सवार थे, जो सीट बेल्ट और एयरबैग के कारण गंभीर रूप से घायल होने से बच गए। तीनों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और नियंत्रण खोना हादसे का कारण बताया जा रहा है। घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली महेत्तर राम की जिंदगी

**कोरबा**। कोरबा जिले के सीमावर्ती ग्राम काटाद्वारी में रहने वाले लगभग 50 वर्षीय ग्रामीण महेत्तर राम के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना किसी वरदान से कम नहीं साबित हुई है। दोनों पैरों से चल पाने में असमर्थ महेत्तर राम अब अपने परिवार के साथ पक्के घर में सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। महेत्तर राम ने बताया कि उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है और वे अपने दो बेटों के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका कच्चा मकान वर्षों तक पक्का नहीं हो सका। बारिश के मौसम में घर की छत टपकती थी और परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ऐसे में हर बरसात उनके लिए चिंता और कठिनाइयों का कारण बन जाती थी।

# आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला, कांग्रेस ने देश को तानाशाही की ओर धकेला : अनुज शर्मा

लोकमाया न्यूज ।

**कोरबा**। भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा प्रेस क्लब, तिलक भवन कोरबा में आयोजित प्रेस वार्ता में धरसींवा विधायक एवं भाजपा नेता अनुज शर्मा ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक देश ने तानाशाही और दमन का दौर देखा। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद द्वारा संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल लागू किया गया, जिसके बाद नागरिक अधिकारों को कुचल दिया गया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को निष्प्रभावी बना दिया गया।




अनुज शर्मा ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध ठहराए जाने के बाद सत्ता बचाने के लिए आपातकाल लगाया गया। इसके साथ ही देशभर में विपनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की गिरफ्तारियां शुरू हो गईं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, जॉर्ज फर्नांडिस सहित हजारों नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के लंबे संघर्ष और बलिदान से प्राप्त लोकतंत्र को कांग्रेस सरकार ने एक रात में समाप्त कर देश को तानाशाही की दिशा में धकेल दिया। आपातकाल के दौरान संसद, न्यायपालिका और राष्ट्रपति जैसे संवैधानिक संस्थानों की भूमिका कमजोर कर दी गई तथा संविधान में व्यापक संशोधन किए गए।

विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सबसे बड़ा प्रहार आपातकाल के दौरान हुआ। अखबारों की बिजली काट दी गई, समाचारों पर सेंसरशिप लागू कर दी गई और पत्रकारों को जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि हजारों समाचार पत्रों को जब्त किया गया तथा सैकड़ों पत्रकारों को मीसा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया। मीडिया पर सरकारी दबाव बनाकर लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई से अवगत कराना आवश्यक है ताकि भविष्य में लोकतांत्रिक मूल्यों पर किसी प्रकार का आघात न हो सके। भारतीय जनता पार्टी लगातार जनजागरण के माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा और संविधान के प्रति जागरूकता का कार्य कर रही है।

प्रेस वार्ता में महापौर संजूदेवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, जिला सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया नीरज ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश राठौर, योगेश मिश्रा व राकेश नागरमल अग्रवाल सहित प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जिले के सभी कोचिंग संस्थानों को 7 दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

### निजी कोचिंग संस्थानों से मांगी गई जानकारी

लोकमाया न्यूज ।

**कोरबा**। उच्चतम न्यायालय के आदेश तथा छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा द्वारा जिले में संचालित समस्त निजी कोचिंग संस्थानों से आवश्यक जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा सभी संबंधित संस्थानों को पत्र प्रेषित कर समय-सीमा के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है। जारी निर्देशों के अनुसार निजी कोचिंग संस्थानों से संस्थान के पंजीयन, विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था, शिकायत निवारण तंत्र, मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण, अग्नि सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की जाएगी। यह जानकारी शासन एवं संबंधित प्राधिकरणों को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के अंतर्गत संकलित की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में संचालित सभी निजी कोचिंग संस्थान निर्धारित प्रपत्र में वांछित जानकारी पत्र प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोरबा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। प्रतिवेदन में संस्थान का नाम, पता, संचालक का नाम, मोबाइल नंबर, पंजीयन संबंधी विवरण, विद्यार्थियों की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, शिकायत निवारण समिति/प्रकोष्ठ की जानकारी, मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण हेतु किए गए उपाय तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं का उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि यह कार्रवाई विद्यार्थियों के हितों की सुरक्षा, संस्थागत पारदर्शिता तथा कोचिंग संस्थानों में आवश्यक मानकों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। सभी निजी कोचिंग संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं।

## खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 -धान उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक, एग्री-स्टैक आईडी अनिवार्य

लोकमाया न्यूज ।

### कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खाद्य सहित संबंधित अधिकारियों के दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**कोरबा**। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के इच्छुक किसानों के लिए पंजीयन एवं संशोधन की प्रक्रिया 1 जुलाई 2026 से 31 अक्टूबर 2026 तक की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। शासन ने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों का एग्री-स्टैक पोर्टल में पंजीयन तथा फार्मर आईडी/एग्री-स्टैक आईडी होना अनिवार्य होगा।

जारी निर्देशों के अनुसार, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को वर्ष 2026-27 के लिए भी पंजीकृत माना जाएगा। ऐसे किसानों को नया पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन यदि उनकी भूमि, खसरा, बैंक विवरण, नामांतरण, बंटवारा, फौती अथवा अन्य कारणों से कोई परिवर्तन हुआ है तो संबंधित समिति/उपार्जन केंद्र में जाकर संशोधन कराना होगा। यह प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट बि.बह.हवअ.पद के ऑनलाइन सोसायटी मॉड्यूल के माध्यम से पूरी की जाएगी। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस वर्ष किसानों को कृषि विभाग के एकीकृत किसान पोर्टल में पृथक पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी, किंतु एग्री-स्टैक आईडी के साथ धान विक्रय हेतु संबंधित सभी खसरों की फार्मर आईडी लिंक होना आवश्यक रहेगा। वन पट्टाधारी, डूबान क्षेत्र के कृषक, शासकीय पट्टेदार, कोटवार, संस्थागत कृषक, अधिया/रेगहा, बटाईदार तथा लीज पर खेती करने वाले कृषकों के लिए भी एग्री-स्टैक में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। ऐसे प्रकरणों में अधिकृत मॉड्यूल के माध्यम से प्राधिकरण और पंजीयन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए शासन द्वारा आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण प्रणाली को इस वर्ष भी लागू रखा गया है। धान विक्रय के समय किसान स्वयं अथवा उनके द्वारा नामांकित नॉमिनी के माध्यम से बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली के जरिए धान बेच सकेंगे।

## अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने की बड़ी कार्रवाई: खनिज माफियाओं में मचा हड़कंप

लोकमाया न्यूज ।

**कोरबा**। जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश और उप संचालक खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभागीय उड़नदस्ता दल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित रेत और परिवहन में लगे वाहनों को जब्त किया है।

खनिज विभाग की टीम ने 24 जून को जिले के सलिहाभाटा, भैसामुड़ा, कटबिटला, कुदमुरमाल, सोनपुरी सीतामढ़ी, बरमपुर, राताखार, पोड़ी, कछार, चुहिया, बाल्को, कसनिया और कटघोरा सहित कई संदिग्ध क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन करते पाए गए एक टीपर और दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया।



विभागीय अधिकारियों के अनुसार बरमपुर, राताखार और कसनिया क्षेत्रों से जब्त किए गए वाहनों को सर्वमंगला पुलिस चैकी, रामपुर थाना और खनिज जांच चैकी रामपुर-कटघोरा की अभिरक्षा में रखा गया है। इसके अलावा कछार क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित रेत के दो बड़े स्टॉक भी जब्त किए गए, जिनमें 600 घन मीटर और 720 घन मीटर रेत शामिल है। वहीं सोनपुरी क्षेत्र में 300 घन मीटर अवैध रेत भंडारण को भी जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 1620 घन मीटर अवैध रेत विभाग के कब्जे में ली गई है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। विभाग का कहना है कि अवैध खनन से न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि शासन को राजस्व हानि भी होती है। इसी कारण ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा अन्य संबंधित वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई से जिले में सक्रिय खनिज माफियाओं में हड़कंप की स्थिति है। प्रशासन का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

## जनसेवा में डिजिटल क्रांतिः सेवा सेतु से आसान हुई नागरिक सेवाएं

लोकमाया न्यूज ।

**कोरबा**। जब तकनीक का उपयोग जनहित में किया जाता है तो उसका सबसे बड़ा लाभ आम नागरिक को मिलता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया सेवा सेतु पोर्टल लोगों के जीवन को आसान बना रहा है। यह पहल सरकारी सेवाओं को नागरिकों के द्वार तक पहुंचाने और अनावश्यक भागदौड़ को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। एक समय था जब जाति, आय एवं निवास प्रमाण-पत्र जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए नागरिकों को विभिन्न




कार्यालयों में आवेदन प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती थी तथा जानकारी प्राप्त करने में अतिरिक्त समय लगता था। अब शासन द्वारा सेवाओं के डिजिटलीकरण और प्रक्रियाओं के सरलीकरण से ये सुविधाएं अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई हैं। डिजिटल सुशासन की दिशा में सेवा सेतु ने इस तस्वीर को बदल दिया है। सेवा सेतु पोर्टल में सैकड़ों सरकारी सेवाएं अब एक ही मंच पर उपलब्ध हैं। जिससे सरकारी सेवाएं नागरिकों तक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच रही हैं।

कोरबा विकासखंड के ग्राम सोनपुरी निवासी युवा हेमंत कुमार ने इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त किया। उन्हें जाति प्रमाण-पत्र की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सेवा केंद्र के माध्यम से सेवा सेतु पोर्टल पर आवेदन किया। ऑनलाइन प्रक्रिया और इलेक्ट्रॉनिक वर्कफ्लो प्रणाली के कारण उनके आवेदन का त्वरित निराकरण हुआ तथा निर्धारित समय-सीमा में उन्हें जाति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गया।

## पिता की संदिग्ध मौत से सनसनी, हत्या के आरोप में पुत्र हिरासत में, पीएम के लिए दूसरे ब्लॉक से बुलाने पड़े डॉक्टर

लोकमाया न्यूज ।

### प्रेमनगर अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलने से पोस्टमार्टम के लिए रामानुजनगर से बुलाना पड़ा चिकित्सक, स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी उठे सवाल

**प्रेमनगर/सूरजपुर**। सूरजपुर जिले के प्रेमनगर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। घरेलू विवाद के बीच एक पुत्र पर अपने ही पिता की हत्या करने का आरोप लगा है। घटना के बाद आरोपी ने स्वयं आसपास के लोगों को यह बताते हुए हड़कंप मचा दिया कि उसने अपने पिता को मार डाला है। सूचना मिलते ही पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं, इस घटना ने प्रेमनगर की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था की भी पोल खोल




दी, जहां पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय स्तर पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण दूसरे विकासखंड से चिकित्सक बुलाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार ग्राम बकिरमा के पिवरी महुआ मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 17 निवासी ठकर दास (पिता बालक दास), उम्र लगभग 50 वर्ष, की 24 जून की रात करीब 9 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक के पुत्र हेम चरणदास और उसके बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ था। आसपास के लोगों का कहना है कि आरोपी उस समय शराब के नशे में था। आरोप है कि विवाद के दौरान उसने रस्सी से पिता का गला बांधकर घर के एक खूंटे से लटका दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ने स्वयं आसपास के लोगों को बताया कि उसने अपने पिता की जान ले ली है। यह सुनते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर प्रेमनगर पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने आरोपी हेम चरणदास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी विवाहित है तथा उसके दो पुत्र हैं।

मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर लाया गया, लेकिन यहां पदस्थ दो एमबीबीएस डॉक्टरों में से एक अवकाश पर थे, जबकि दूसरे डॉक्टर न्यायालयीन कार्य से बाहर गए हुए थे। ऐसे में शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए रामानुजनगर से डॉक्टर बुलाना पड़ा। इस घटना ने एक बार फिर प्रेमनगर ब्लॉक की स्वास्थ्य व्यवस्था और डॉक्टरों की कमी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फिलहाल प्रेमनगर पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

## पेंशन हितग्राही निगम के जोन कार्यालय या च्वाईस सेंटर पहुंचकर कराये अपना सत्यापन

लोकमाया न्यूज ।

### बिना किसी अवरोध के समय पर पेंशन खाते में पहुंचे इस हेतु हितग्राही का वार्षिक सत्यापन अनिवार्य

### आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर मोबाईल एप के माध्यम से हितग्राही सत्यापन हेतु विशेष अभियान चलाने अधिकारी कर्मचारियों को सौपे दायित्व



**कोरबा**। शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को बिना किसी अवरोध के समय पर पेंशन प्राप्त हों, इस हेतु हितग्राही का वार्षिक सत्यापन किया जाना अनिवार्य हैं, निगम द्वारा इस हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एक आदेश जारी कर इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौपे हैं, साथ ही पेंशन हितग्राहियों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने वार्ड से संबंधित जोन कार्यालय अथवा च्वाईस सेंटर में पहुंचे तथा अपना वार्षिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करा लें, ताकि उन्हें पेशन प्राप्त होने में कोई अवरोध उपस्थित न हों।

केन्द्र एवं राज्य सरकार की सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशियरी सत्यापन एप के माध्यम से शत प्रतिशत किया जाना अनिवार्य है ताकि उन्हें पेंशन प्राप्त होने में किसी प्रकार के अवरोध का सामना करना न पड़े तथा नियमित रूप से समय पर पेंशन उनके खाते में पहुंच जाए।

चलाया जा रहा विशेष अभियान - आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर पेंशन हितग्राहियों का मोबाईल एप के माध्यम से वार्षिक सत्यापन किये जाने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुये इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौपे हैं तथा उनसे कहा है कि वे निगम के वार्ड के नि र्वाचित जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर पेंशन हितग्राहियों का शत प्रतिशत वार्षिक सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें।

सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेज - पेंशन योजनाओं के हितग्राही वार्षिक सत्यापन किये जाने हेतु अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं मोबाईल नम्बर के साथ नगर निगम कोरबा के अपने वार्ड से संबंधित जोन कार्यालय अथवा च्वाईस सेंटर में स्वयं उपस्थित होकर अपना वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशियरी सत्यापन एप के माध्यम से करा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से आमजन को मिल रही त्वरित राहत, रामनाथ कश्यप की समस्या हुई दूर

लोकमाया न्यूज ।

### समयबद्ध निराकरण से मिली राहत, परिवार को मिला जॉब कार्ड

**कोरबा**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण की प्रभावी व्यवस्था के रूप में कार्य कर रही है। इसके माध्यम से शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित होने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी समय पर प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन और नागरिकों के बीच संवाद तथा समस्या समाधान की प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और जवाबदेह बना रही है।

कोरबा विकासखंड की ग्राम पंचायत कुरुडीह निवासी रामनाथ कश्यप लंबे समय से अपने परिवार का जॉब कार्ड बनवाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने लगभग पांच माह पूर्व ग्राम पंचायत में जॉब कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, किंतु निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण जॉब कार्ड जारी नहीं हो पाया। जॉब कार्ड के अभाव में उनका परिवार मनरेगा/वीबी जी राम जी सहित रोजगार आधारित शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित था।



समस्या के समाधान के लिए रामनाथ कश्यप ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि नए जॉब कार्ड बनाने हेतु आवेदन किया गया था, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी आवश्यक कार्यवाही नहीं हो सकी थी।

आवेदन प्राप्त होने के बाद जनपद पंचायत कोरबा द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक जांच एवं कार्यवाही की गई। प्रक्रिया पूर्ण होने पर परिवार का नवीन जॉब कार्ड तैयार किया गया तथा अधिकारियों द्वारा रामनाथ कश्यप के निवास पहुंचकर उन्हें जॉब कार्ड प्रदान किया गया।

जॉब कार्ड प्राप्त होने पर रामनाथ कश्यप ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से उनकी लंबे समय से लंबित समस्या का समाधान हुआ है। अब उनका परिवार रोजगार संबंधी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह व्यवस्था आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। जिससे आमजनो को योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है तथा प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास लगातार सुदृढ़ हो रहा है।



# हाकी इंडिया ने ब्रिटेन दौरे के लिए की 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा

नई दिल्ली

हाकी इंडिया ने 5 से 14 जुलाई तक होने वाले ब्रिटेन दौरे के लिए बुधवार को 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हाकी टीम की घोषणा कर दी है। नए मुख्य प्रशिक्षक टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में टीम स्काटलैंड और इंग्लैंड में कुल सात मुकाबले खेलेगी। यह दौरा आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, विशेषकर जूनियर एशिया कप की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

टीम की कप्तानी खैदेम शिलेइमा चानू को सौंपी गई है। गोलकीपर के रूप में निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को टीम में शामिल किया गया है।

दौरे की शुरुआत एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में स्काटलैंड की सीनियर महिला टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद भारतीय टीम लिलेशाल राष्ट्रीय खेल केंद्र में अमेरिका, इंग्लैंड और बेल्जियम की जूनियर टीमों के खिलाफ मैच खेलेगी। मुख्य प्रशिक्षक टिम व्हाइट ने टीम चयन और दौरे के महत्व पर कहा, ब्रिटेन दौरा हमारी जूनियर टीम के विकास की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमने कई ऐसे खिलाड़ियों का चयन किया है जिन्हें विदेशी टीमों के खिलाफ खेलने का अनुभव नहीं है। ऐसे में यह दौरा खिलाड़ियों और पूरी टीम दोनों के लिए सीखने का बेहतरीन अवसर होगा। उन्होंने आगे कहा, हमें मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। पिछले दस सप्ताह से जिस खेल शैली पर हमने काम किया है, उसे मैदान पर लागू करने का प्रयास करेंगे। मुझे विश्वास है कि यह दौरा जूनियर एशिया कप की तैयारी के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा और इससे हमें अपनी ताकत तथा सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों का बेहतर आकलन करने का अवसर मिलेगा।

**भारतीय जूनियर महिला टीम**

**गोलकीपर:** निधि, एंगिल हर्षा रानी मिंज।

**डिफेंडर्स :** पूजा साहू, सुप्रिया, मधु, एफ. लालबी अक्सियामी, लालनेहपुई, पार्वती टोपनो।

**मिडफील्डर:** खैदेम शिलेइमा चानू (कप्तान), तनुजा टोप्पो, सुप्रिया कुजूर, पूजा मलिक, बिनिमा धन, गीता यादव, रोशनी आइंद, तनुश्री दिनेश कड़ू।

**फारवर्ड:** सुखवीर कौर, शशि खासा, लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, काजल, सानिका चंद्रकांत माने, कृष्णा शर्मा।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप : वंशिका और शिवा ने जीता रजत, भारत शीर्ष पर बरकरार



नई दिल्ली। जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। भारत की वंशिका चौधरी और शिवा नरवाल की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम जूनियर स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश की झोली में एक और पदक डाल दिया। भारतीय जोड़ी ने पूरे मुकाबले के दौरान संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और अंततः रजत पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ भारत ने प्रतियोगिता में एक और महत्वपूर्ण पदक जोड़ लिया। इस पदक के बाद आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में भारत की कुल पदक संख्या 16 हो गई है। भारतीय दल के खाते में अब 5 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य पदक हैं। व्यक्तिगत, टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारतीय दल पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारतीय निशानेबाजों की निरंतर सफलता ने एक बार फिर विश्व मंच पर देश की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। राष्ट्रीय राइफल संघ ने भारतीय खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा निशानेबाजों का यह प्रदर्शन भविष्य के लिए उत्साहजनक संकेत है और भारतीय निशानेबाजी की मजबूत प्रतिभा को दर्शाता है ।

### फीफा विश्व कप 2026 : घाना की मजबूत रक्षा के आगे बेबस हुआ इंग्लैंड, खेला गोलरहित ड्रा



मैसाचुसेट्स। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप एल मुकाबले में घाना ने शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया। बोस्टन स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ियों के कई प्रयास घाना की सुदृढ़ रक्षा पंक्ति के सामने नाकाम रहे। हैरी केन और जूड बेलिंगहम की अगुवाई में इंग्लैंड ने पूरे मैच में आक्रमण करने की कोशिश की, लेकिन घाना के खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल दिखाते हुए कोई मौका नहीं दिया। इस ड्रा के साथ घाना के दो मैचों में चार अंक हो गए हैं और वह केवल बेहतर गोल अंतर के आधार पर इंग्लैंड से पीछे है। इंग्लैंड को मैच जीतने का सबसे बड़ा अवसर निर्धारित समय के अंतिम क्षणों में मिला। स्थानापन्न खिलाड़ी निको ओराइली ने दाएं छोर से आए क्रास पर शानदार हेडर लगाया, लेकिन गेंद गोलपोस्ट से टकराकर वापस आ गई। इसके बाद मिले मौके पर हैरी केन भी गेंद को गोल में नहीं पहुंचा सके और उनका शाट बार के ऊपर चला गया। दूसरे हाफ में इंग्लैंड के मुख्य प्रशिक्षक थामस टुखेल ने आक्रामकता बढ़ाने के लिए मार्गन रोजर्स और एबेरेची एजे को मैदान पर उतारा, लेकिन इससे भी टीम के खेल में कोई खास बदलाव नहीं आया।

### फीफा विश्व कप 2026 : पुर्तगाल ने उज़्बेकिस्तान को 5-0 से रौंदा रोनाल्डो ने दागे दो गोल


हूस्टन। पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो गोल दागकर अपनी टीम को फीफा विश्व कप 2026 में



उज्बेकिस्तान पर 5-0 की एकतरफा जीत दिलाई। इस शानदार जीत के साथ पुर्तगाल नाकआउट चरण में पहुंचने के बेहद करीब पहुंच गया है। 41 वर्षीय रोनाल्डो ने मुकाबले के छठे मिनट में गोल कर इतिहास रच दिया। वह विश्व फुटबाल के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने छह अलग-अलग विश्व कप अभियानों में गोल करने का कारनामा किया है। उनका यह सफर 2006 विश्व कप से शुरू हुआ था। रोनाल्डो ने गोल करने के बाद अपना प्रसिद्ध सियू उत्सव मनाया और स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों का अभिवादन किया। इसके बाद नूनो मेंडेस ने 17वें मिनट में फ्री किक पर गोल कर पुर्तगाल की बढ़त 2-0 कर दी। रोनाल्डो ने 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागकर टीम को 3-0 की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ उनके विश्व कप में कुल 10 गोल हो गए, जो किसी भी पुर्तगाली खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक गोल हैं। उज्बेकिस्तान की टीम पूरे मैच में संघर्ष करती नजर आई। इटली के पूर्व विश्व कप विजेता फाबियो कानावारो के मार्गदर्शन में खेल रही टीम पुर्तगाल के आक्रामक खेल का मुकाबला नहीं कर सकी। पहले हाफ में ही पुर्तगाल को चौथा गोल मिला, जब एक कार्नर के दौरान गेंद उज्बेकिस्तान के गोलकीपर अब्दुवोखिद नेमातोव से टकराकर गोल में चली गई ।

# स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले के लिए उपलब्ध हैं नेमार, लेकिन खेलना तय नहीं : कोच अंचेलोटी

मियामी



ब्राज़ील के मुख्य कोच कार्लो अंचेलोटी ने मंगलवार को पुष्टि की है कि स्टार फुटबालर नेमार स्काटलैंड के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-सी मुकाबले के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा या नहीं, इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। 34 वर्षीय नेमार को लगभग तीन वर्ष बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी का मौका मिला है। हालांकि पिंडली की चोट के कारण वह अभी तक इस विश्व कप में मैदान पर नहीं उतर सके हैं। मुकाबले से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अंचेलोटी ने कहा, नेमार उपलब्ध हैं। उन्होंने इस सप्ताह अच्छी तरह अभ्यास किया है और मैच के लिए तैयार हैं। उनकी वापसी से हम बेहद खुश हैं, क्योंकि उनकी गुणवत्ता टीम के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है। उन्होंने आगे कहा, मैंने उन्हें करीब से जाना है। उन्होंने चोट से जल्द उबरने के लिए बेहद गंभीरता से मेहनत की है। यदि वह मैदान पर नहीं भी उतरते हैं, तब भी उनका अनुभव और खेल की समझ युवा खिलाड़ियों की मदद करती है। नेमार के खेलने की संभावित अवधि के बारे में पूछे जाने पर अंचेलोटी ने मजाकिया अंदाज में कहा, वह 90 मिनट खेल सकते हैं, लेकिन चलते हुए। वह पूरी तरह फिट हैं और उन्होंने शानदार अभ्यास किया है। ब्राज़ील ने अपने पहले दो मुकाबलों में मोरक्को से 1-1 की बराबरी की थी और हैती को 3-0 से हराया था। स्काटलैंड के खिलाफ जीत मिलने पर टीम अंतिम 32 में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगी। अंचेलोटी ने कहा, पहला मैच हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, दूसरा उससे बेहतर रहा। हमें विश्वास है कि तीसरा मुकाबला अब तक का सबसे अच्छा होगा। ब्राज़ील को इस मैच में राफिन्हा की कमी भी खलेगी, जो हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए हैं। हालांकि अंचेलोटी ने यह बताने से इनकार कर दिया कि उनकी जगह शुरुआती एकादश में कौन खेलेगा। स्काटलैंड के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, स्काटलैंड एक मजबूत और अनुशासित टीम है। उनके पास अनुभवी खिलाड़ी हैं और वे संघर्ष करना जानते हैं। विश्व कप में अब कोई भी मुकाबला आसान नहीं होता, इसलिए हम एक कठिन चुनौती के लिए तैयार हैं। ब्राज़ील की टीम न्यू जर्सी से मियामी पहुंचने में देरी का सामना कर रही थी, जिसके कारण अंचेलोटी का संवाददाता सम्मेलन भी देर से हुआ।

### पांड्या के मुम्बई छोड़कर केकेआर या रायल्स जाने की संभावना



मुम्बई । आलराउंडर हार्दिक पांड्या अब इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में मुमबई इंडियंस में नजर नहीं आयेंगे। हार्दिक के अगले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) या राजस्थान रायल्स से खेलने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार केकेआर और रायल्स ट्रेड डील के जरिये पांड्या को अपने साथ जोड़ना चाहती हैं। मुम्बई को उनके संभावित ट्रेड के लिए कम से कम दो टीमों से प्रस्ताव मिले हैं। माना जा रहा है कि केकेआर प्रबंधन और मुंबई इंडियंस के मालिकों के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली को को लेकर कई दौर की बातचीत भी हुई है। आईपीएल के 19 वें सत्र में पांड्या का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था जिस कारण मुम्बई भी अब उन्हें टीम में बनाये नहीं रखना चाहती। वहीं पिछले दो सत्र से खराब प्रदर्शन से परेशान केकेआर हार्दिक को अपनी टीम में लाने को लेकर सभी प्रयास कर रही है। वह उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी देना चाहती है।, इसका कारण है कि अभी टीम उपकप्तान रिंकू सिंह को कप्तानी के लिए सही नहीं मानती। अभी टीम की कप्तानी अजिंक्य रहाणे के पास है पर उनके रहते टीम का प्रदर्शन अच्छ नहीं रहा है। केकेआर रहाणे को टीम से रिलीज करना चाहती है। केकेआर के अधिकारियों ने पिछले सत्र में भी मुम्बई से संपर्क किया था, पर उस समय रिलायंस की वार्षिक आम बैठक के कारण फ्रैंचाइजी बात नहीं कर पायी थी। वहीं दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस को राजस्थान रायल्स से भी एक प्रस्ताव मिला है, जिसमें पांड्या और यशस्वी जायसवाल के बीच ट्रेड-आफ की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह बातचीत कहां तक पहुंची है। गौरतलब है कि राजस्थान रायल्स रियान पराग को कप्तानी देना चाहते हैं। ऐसे में हार्दिक के लिए वहां रायल्स में कप्तानी हासिल करना कठिन होगा।

# फीफा विश्व कप 2026 : मुन्योज़ के गोल से कोलंबिया नाकआउट चरण में, डीआर कांगो को 1-0 से हराया



न्यूयार्क/न्यू जर्सी

डेनियल मुन्योज़ के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल की बदौलत कोलंबिया ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-के मुकाबले में बुधवार को डीआर कांगो को 1-0 से हराकर अंतिम 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। लगातार दूसरी जीत के साथ कोलंबिया ने छह अंक जुटा लिए और एक मैच शेष रहते नाकआउट चरण का टिकट हासिल कर लिया।

मुकाबले में कोलंबिया ने शुरुआत से ही गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और कई मौके भी बनाए, लेकिन डीआर कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेम्स रोड्रिगेज, लुइस डियाज और जान एरियास के प्रयासों को विफल कर दिया।

पहले हाफ में कोलंबिया को बढ़त नहीं मिल सकी और डीआर कांगो की रक्षापंक्ति लगातार दबाव झेलते हुए भी गोल बचाने में सफल रही।

आखिरकार 76वें मिनट में कोलंबिया को सफलता मिली। हुआन क्विंटेरो के सटीक पास पर डेनियल मुन्योज़ दाएं छोर से तेजी से पेनाल्टी क्षेत्र में पहुंचे और उनका निचला शाट एक रक्षक से हल्का सा टकराकर गोल में चला गया। यही गोल मुकाबले का फैसला साबित हुआ।

डीआर कांगो ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन कोलंबियाई रक्षा पंक्ति ने उन्हें कोई बड़ा मौका नहीं दिया।

इस जीत के साथ कोलंबिया छह अंकों के साथ नाकआउट चरण में पहुंच गया है। अब उसका अंतिम ग्रुप मुकाबला पुर्तगाल से होगा। दूसरी ओर डीआर कांगो के खाते में दो मैचों के बाद केवल एक अंक है और उसे अपनी उम्मीदें जीवित रखने के लिए अंतिम मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी।

कोलंबिया ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाया, जबकि डीआर कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी की शानदार बचावों के कारण मुकाबला लंबे समय तक गोलरहित बना रहा। हालांकि अंत में मुन्योज़ के गोल ने दक्षिण अमेरिकी टीम को बहुमूल्य जीत दिला दी।

### सूर्यांश ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया



मुम्बई। पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किये गये 23 साल के आलराउंडर सूर्यांश शेडगे की खुशी का ठिकाना नहीं है। सूर्यांश को आलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के चोटिल होने के कारण आयरलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए शामिल किया गया है। सूर्यांश को पिछले दो साल में घरेलू क्रिकेट, आईपीएल और भारत ए टीम की ओर से लगातार किये अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है।सूर्यांश के अनुसार उन्हें अभी भी भरोसा नहीं हो रहा कि वह टीम में शामिल कर लिए गये हैं। इससे उनका बचपन का सपना भी पूरा हो गया है। इस आलराउंडर ने अपनी । सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। साथ ही कहा कि उनके बिना कभी ये संभव नहीं होता। सूर्यांश के क्रिकेटर बनने में मां का विशेष योगदान रहा है। उनकी मां एक बैंक में काम करती थीं पर उन्होंने अपने बेटे के क्रिकेट करियर को देखते हुए उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। उन्होंने अपना पूरा समय सूर्यांश के अभ्यास, मैचों और क्रिकेट से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जरूरत पर लगाया जिससे कि सूर्यांश खेल पर पूरा ध्यान दे सकें। इसी का परिणाम है कि आज सूर्यांश भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसके पूर्व क्रिकेटर जतिन परांजपे, मनीष बांगेरा और मोंटी देसाई जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने भी इस क्रिकेटर की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महिला टी20 विश्व कप : आस्ट्रेलिया की लगातार चौथी जीत, पाकिस्तान को 113 रन से रौंदा

लीड्स

**एलिस पेरी की शानदार अर्धशतकीय पारी और घातक गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने मंगलवार देर रात महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त देकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली है, जबकि पाकिस्तान को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा।**



पहले बल्लेबाजी करते हुए आस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 13.4 ओवर में मात्र 86 रन पर सिमट गई।

आस्ट्रेलिया की शुरुआत झटके के साथ हुई जब बेथ मूनी बिना खाता खोले आउट हो गईं, लेकिन इसके बाद एलिस पेरी और जार्जिया वोल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। पेरी ने 48 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक शाट शामिल रहे। जार्जिया वोल ने 39 रन का योगदान दिया।

पाकिस्तान की ओर से नशरा संधू और सादिया इकबाल ने दो-दो विकेट लिए, लेकिन आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को बड़े स्कोर से नहीं रोक सकीं।

200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। दूसरे ही ओवर में गुल फिरोजा रन आउट हो गईं। पाकिस्तान की पारी में कुल तीन बल्लेबाज रन आउट हुए, जिससे टीम कभी मुकाबले में लौट नहीं सकी। मुनीबा अली ने 32 रन और फातिमा सना ने 17 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके।

एलिस पेरी ने बल्ले के बाद गेंद से भी कमाल दिखाया और केवल एक ओवर में 9 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। सोफी मोलिन्यू ने 6 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने भी दो सफलताएं हासिल कीं।

पाकिस्तान की टीम 86 रन पर ढेर हो गई और आस्ट्रेलिया ने मुकाबला 113 रन से जीत लिया।

अब आस्ट्रेलिया का अगला मुकाबला भारत से होगा, जबकि पाकिस्तान अपनी पहली जीत की तलाश में नीदरलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेगा।

**संक्षिप्त स्कोर:**

**आस्ट्रेलिया** - 199/7 (20 ओवर)
एलिस पेरी 71, जार्जिया वोल 39
नशरा संधू 2/33, सादिया इकबाल 2/31
**पाकिस्तान** - 86 आल आउट (13.4 ओवर)
मुनीबा अली 32, फातिमा सना 17
सोफी मोलिन्यू 2/6, एलिस पेरी 2/9
**परिणाम:** आस्ट्रेलिया 113 रन से विजयी।

# विंबलडन 2026 के ऐतिहासिक आगाज़ के लिए तैयार सिनर और स्वियातेक

जिनेवा

**विश्व के सबसे प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट विंबलडन 2026 का आगाज इस बार एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनेगा। गत पुरुष एकल चैंपियन यानिक सिनर 29 जून को सेंटर कोर्ट पर पहला मुकाबला खेलेंगे और ऐसा करने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बन जाएंगे।**

पिछले वर्ष पुरुष एकल खिताब जीतने वाले 24 वर्षीय सिनर के लिए यह उपलब्धि बेहद खास है। उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सेंटर कोर्ट पर पहला मुकाबला खेलना उनके लिए रोमांचकारी क्षण होगा। उनके अनुसार विंबलडन का वातावरण दुनिया के किसी भी अन्य टेनिस कोर्ट से अलग है और उन्होंने कभी नहीं सोचा था



कि एक दिन चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में वही सेंटर कोर्ट पर उतरेंगे।

महिला वर्ग में गत चैंपियन इगा स्वियातेक दूसरे दिन सेंटर कोर्ट पर अभियान की शुरुआत करेंगी। पिछले वर्ष खिताब जीतकर वे विंबलडन महिला एकल चैंपियन बनने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी बनी थीं।

स्वियातेक ने कहा कि विंबलडन ट्राफी जीतना उनके लिए शब्दों से परे अनुभव था। उन्होंने बताया कि घास के कोर्ट पर अपने खेल को ढालने के लिए उन्होंने लंबे समय तक मेहनत की और आक्रामक खेल शैली अपनाने पर विशेष ध्यान दिया। उनके अनुसार विंबलडन के समृद्ध इतिहास का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात है। विंबलडन के इतिहास में कई महान खिलाड़ियों ने अपनी छाप छोड़ी है। ब्योर्न बोर्ग, क्रिस एवर्ट, स्टेफन एडबर्ग, पैट राफ्टर और रोजर फेडरर जैसे दिग्गजों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए टेनिस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

पांच बार लगातार विंबलडन चैंपियन रहे ब्योर्न बोर्ग ने अपने पहले खिताब की याद ताजा करते हुए कहा कि ग्रस कोर्ट पर सफल होने के लिए उन्हें अपने खेल में बदलाव करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि सही लय और रणनीति मिलने के बाद ही वे इस सतह पर सहज महसूस करने लगे और यही उनकी सफलता का आधार बना। इस बार भी कई युवा सितारे पहली बार विंबलडन खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे। महिला वर्ग में हाल ही में फ्रेंच ओपन जीतने वाली मीरा आंद्रेएवा, बेलिंडा बेनचिच, कोको गाफ, मारिया सक्कारी और किनवेन झेंग प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं। पुरुष वर्ग में जोआओ फोन्सेका, टेलर फ्रिट्ज, बेन शेल्टन और स्टेफानोस सित्सिपास जैसे खिलाड़ी खिताब की दौड़ में नजर आएंगे। 149 वर्षों के गौरवशाली इतिहास वाले विंबलडन में इस बार भी दुनिया भर के टेनिस प्रेमियों की निगाहें सेंटर कोर्ट पर टिकी रहेंगी, जहां एक बार फिर नए अध्याय लिखे जाएंगे।

लोकमाया
ग्राउंड रिपोर्ट

# कब आओगे 'मानसून' पिया...

## प्री-मानसून में भी बादल बरसने को तैयार नहीं, इंतजार हुआ लंबा, खेती कार्य ठप



**केशव पाल तिल्दा-नेवरा।** भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को प्री-मानसून की फुहार भी नसीब नहीं हो रही है। जून के महीने में भी लू चल रही है। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशानी झेलना पड़ रहा है। बारिश के अभाव में बोआई अटक गई है। खेती-किसानी का काम अभी तक शुरू भी नहीं हो सका है। हालांकि, कुछ किसान अभी से बुआई शुरू कर दिए हैं और रोपा नर्सरी भी तैयार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, राजधानी से सटे तिल्दा-नेवरा-खरोरा जैसे मैदानी इलाकों में अभी तक बूंद भर बारिश नहीं हुई है। लिहाज़ा, किसान धान बुआई नहीं कर पा रहे हैं। इधर, बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल संकट के बीच ट्रैक्टर वालों को भी भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। मानसून की लेटलतीफी से किसान मायूस नजर आ रहे हैं।

बता दें कि, जून का आधा महीना बीत चुका है लेकिन मानसून का अता-पता नहीं है। बारिश के इंतजार में कुम्हलाए किसानों ने कहा कि, मानसून के सक्रिय नहीं होने से धान की बुवाई चालू नहीं हो पा रहा है। खुर्रा बोनी के लिए किसानों को बारिश का इंतजार है। तो वहीं इस बार किसान अकरस जोताई भी नहीं कर पाएं है। इधर, बारिश के इंतजार में खेत-क्यारी प्यासे हैं। नलकूपों के हलक सूख रहे हैं। ताल-तलैया दम तोड़ रहा है तो वहीं बांधों का दम घुटने लगा है। ऐसे में इस बार खरीफ सीजन की खेती पिछड़ सकती है। तीखी धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों के पसीने तो छुड़ा ही दिए साथ ही घर से बाहर निकलने की हिम्मत भी खत्म कर दिया है। छलांग लगाकर तापमान फिर तपाने लगा है। बताते चलें कि, राजधानी के आउटर इलाकों में दिनभर सड़कों में वीरानी छाई रहती है। मानों भीषण गर्मी ने अघोषित कर्फ्यू लगा दिया हो। इधर, कूलर, पंखें भी हांफने लगे हैं। बता दें कि, जून के महीनें में भी आसमान से पानी की बजाए आग बरस रही है। खैर जब प्री-मानसून में भी बादल बरसने को तैयार नहीं। तो भला बारिश की बूंदों का इंतजार जरा लंबा तो होगा ही। वैसे भी नाउम्मीदी की घटा तो यहां रोज छायी रहती है लेकिन ये बेईमान बादल बरसने के लिए हर बार मानसून की मुहूर्त कर जाता है।

### चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी



महीनों से भीषण गर्मी का कहर झेल रहे लोगों को प्री-मानसून की फुहार भी नसीब नहीं हो रही है। वैसे बादल तो रोज छा रहे हैं लेकिन बदरा बरस नहीं रहा है। हालात यह है कि, जून के महीनें में आग उगलते आसमान से लोगों को चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को धान की बेहतर फसल के लिए मानसून का बेसब्री से इंतजार है। इधर, गर्म हवा और लू के थपेड़ों से लोग खुद को बेचैन महसूस कर रहे हैं। मानसून की लेटलतीफी ने किसानों की माथें पर चिंता की लकीरें उकेर दी है। भीषण गर्मी को देख हर किसी के मुंह से एक ही शब्द निकल रहा है हाय गर्मी। छलांग लगाता तापमान 40 डिग्री पार पहुंचकर रोज तपा रहे हैं। राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में गर्मी से त्राहिमाम की स्थिति है। सुबह से ही हवाएं आग का गोला बनकर बरस रही है। चेहरे झुलस रहें है। आंखों में जलन हो रही है।

### मौसम के कई रंग



इन दिनों मौसम के अलग-अलग मिजाज देखने को मिल रहा है। एक हिस्से में तो जमकर बारिश हो रही है जबकि दूसरे हिस्से में आसमान से एक बूंद भी नहीं टपक रही है। कभी धूप, कभी बदली अलग-अलग मौसम के रंग दिख रहे हैं। मौसम के मनमौजी स्वभाव की वजह से लोग भी पशोपेश में है।क्षेत्र में अभी तक एक बूंद भी बारिश नहीं हुई है। धरती सूखी हुई है। किसान बारिश का इंतजार कर रहे है लेकिन बारिश का इधर अता-पता ही नहीं है। किसान खरीफ फसल की पूरी तैयारी कर चुका है। सिर्फ़ बारिश का इंतजार है। जैसे ही बारिश शुरू हुई तो वे धान की बोनी शुरू कर देंगे।

### मानसून की बेरूखी से किसान चिंतित

इस बार मानसून का रवैया कुछ समझ नहीं आ रहा है। लोग भीषण गर्मी और उमस से व्याकुल है। बारिश नहीं होने से खेती किसानी का कार्य भी पिछड़ रहा है। जोरदार बारिश का इंतजार में किसान सुबह-शाम आसमान की टकटकी लगाए बैठे है लेकिन यहां तो सुबह से ही तेज धूप निकल आती है। अंचल के किसानों ने बताया कि बारिश नहीं होने से खेतों की जुताई में समस्या हो रही है। मानसून तो दूर प्री-मानसून की बौछार भी अभी तक नहीं हुई है। ऐसे में उन्हें अब डर सताने लगा है। किसान बेहद चिंतित है। क्योंकि बारिश होती तो वे अभी बोआई कर रहे होते लेकिन अभी तक एक बार भी झमाझम बारिश का दर्शन नहीं कर पाए है। ऐसे भी खेती का कार्य ठप पड़ गया है। बोआई और थरहा देने का काम भी पिछड़ रहा है।



# मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से परम पूज्य डॉ. प्रेमासाई जी महाराज की सौजन्य भेंट

लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय से मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश परम पूज्य डॉ. प्रेमासाई जी महाराज ने मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट कर विभिन्न समसामयिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर सार्थक चर्चा की।

परम् पूज्य महाराज जी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन, विकास एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराओं और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर सकारात्मक प्रयास कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से धर्म स्वातंर्त्य अधिनियम जैसे ऐतिहासिक एवं जनहितकारी निर्णयों की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक अस्मिता एवं धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने कहा कि डॉ. प्रेमासाईं महाराज जी द्वारा प्रदेश में धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ सेवा, सद्भाव, नैतिक चेतना तथा मानवीय मूल्यों के प्रसार हेतु किए जा रहे प्रेरणादायी कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए अनुकरणीय बताया। परम पूज्य डॉ. प्रेमासाई जी महाराज ने अपने बस्तर प्रवास के अनुभव मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि कभी नक्सलवाद की चुनौतियों से प्रभावित रहा बस्तर आज विकास, शांति, सुरक्षा और समृद्धि के नए युग की ओर अग्रसर है। शासन की जनकल्याणकारी नीतियों और सुरक्षा बलों के सतत प्रयासों से क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित दिव्य दरबारों में उमड़ रही जनआस्था और बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता समाज में आध्यात्मिक चेतना एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही है।प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। पूज्य महाराज जी ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास, सुशासन, सांस्कृतिक गौरव एवं जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।कुनकुरी में पांच दिवसीय दिव्य दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दो दिवसीय पदयात्रा एवं हिंदू जगाओ पदयात्रा भी निकाली जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक गांव में देवगुड़ी की स्थापना के साथ-साथ प्रत्येक गांव से कम से कम 10 लोगों को इस पावन धाम से जोड़ने का संकल्प लिया गया है।इस पहल का उद्देश्य समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना, आदिवासी समाज को अपनी मूल परंपराओं और संस्कृति से जोड़ना तथा सांस्कृतिक जागरूकता का प्रसार करना है। यह अभियान सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण और जनजागरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# महतारी वंदन योजना में फिर से जुड़ेंगे नाम

लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है. योजना से अब तक नहीं जुड़ पाईं विवाहित महिलाओं के लिए जल्द ही पोर्टल खोलने की तैयारी है. महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि मुख्यमंत्री की अनुमति मिल चुकी है, और अगले एक सप्ताह के भीतर पोर्टल शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि पोर्टल खोलने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से की जाएगी. सबसे पहले बस्तर संभाग के जिलों में पोर्टल खोला जाएगा, जिसके बाद प्रदेश के अन्य संभागों में भी आवेदन और पंजीयन की सुविधा शुरू की जाएगी. इस माध्यम से सरकार का उद्देश्य उन पात्र महिलाओं को योजना का लाभ पहुंचाना है, जो किसी कारणवश अब तक आवेदन नहीं कर सकी हैं, या जिनका नाम योजना में शामिल नहीं हो पाया है. बता दें कि महतारी वंदन योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है. योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, परिवार में उनकी भागीदारी को मजबूत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना है. पोर्टल खुलने से बड़ी संख्या में ऐसी महिलाओं को राहत मिलेगी जो लंबे समय से आवेदन प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रही थीं।

# खरोरा से दो पास्टर गिरफ्तार धर्मांतरण के आरोप में कार्रवाई

लोकमाया न्यूज।



**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण के खरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मांठ में धर्मांतरण से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है। हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो पास्टर को गिरफ्तार किया है। वहीं इस गिरफ्तारी के विरोध में ईसाई समाज के लोग बड़ी संख्या में थाने पहुंचे और कार्रवाई को गलत आरोपों के आधार पर की गई गिरफ्तारी बताते हुए विरोध जताया। मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से और आरोपियों को आगे की पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया के लिए उन्हें विधानसभा थाना लाया गया है। मामला तब सामने आया जब ग्राम मांठ निवासी हेमंत मरावी ने अरुण कुमार उइके और राकेश कुमार उइके के साथ खरोरा थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि रायपुर निवासी पास्टर सुशांत ज्ञानिक और उसका सहयोगी पीयूष पटेल पिछले कुछ समय से गांव के आदिवासी मोहल्ले में लगातार आ-जा रहे थे और ग्रामीणों से संपर्क कर उन्हें हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि इस दौरान हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक मान्यताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जाती थीं।

# गायत्री जयंती और गंगा दशहरा पर रायपुर के गायत्री शक्तिपीठों में हुई महायज्ञ



लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** गायत्री जयंती और गंगा दशहरा के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी और दावड़ा कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठों में भव्य धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आत्मकल्याण, जनकल्याण और विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दीं। महायज्ञ के दौरान समाज को सुसंस्कृत बनाने के उद्देश्य से वैदिक परंपराओं के अनुसार 3 पुंसवन, 8 विद्यारंभ, 3 अन्नप्राशन एवं 2 लोगों का जन्मदिवस संस्कार पूरी तरह नि:शुल्क संपन्न कराया गया। गायत्री परिवार के प्रबुद्ध जनों ने इन संस्कारों के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद दोनों शक्ति पीठों में महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें गायत्री शक्ति पीठ के ट्रस्टीगणों के साथ गायत्री परिवार के प्रमुख परिजनों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य जन्मशताब्दी वर्ष की तैयारी में परिजनों का दायित्व एवं योगदान तथा परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा शुरू किए गए ''सप्त आंदोलन'' को गति देते हुए आगामी दिनों में इन आंदोलनों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपनी कार्ययोजनाएं पर विचार साझा किए गये।

# नगरीय निकायों को मरम्मत-संधारण के लिए 22.6 करोड़ की आपात निधि जारी

लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को मरम्मत और संधारण कार्यों के लिए 22 करोड़ 6 लाख रुपए की आपात निधि जारी की है।



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के निर्देश पर संचालनालय ने सभी निकायों को राशि हस्तांतरित कर दी है। विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही अप्रैल से जून के लिए यह राशि जारी की गई है। नगरीय प्रशासन विभाग ने मरम्मत-संधारण आपात निधि के रूप में राज्य के 14 नगर निगमों को कुल 13 करोड़ 76 लाख रुपए जारी किए हैं। वहीं 56 नगर पालिकाओं के लिए कुल 5 करोड़ 18 लाख रुपए जारी किए गए हैं। विभाग ने 124 नगर पंचायतों के लिए भी कुल 3 करोड़ 66 लाख रुपए जारी किए हैं।

# रायपुर के कोचिंग संस्थानों में प्रशासन की दबिश




लोकमाया न्यूज।

**रायपुर।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित एक इमारत में लगी भीषण आग में 15 लोगों की मौत के बाद छत्तीसगढ़ में भी एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। इसी कड़ी में रायपुर नगर निगम, अग्निशमन विभाग और अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने शहर के प्रमुख कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच शुरू कर दी है, ताकि किसी भी संभावित हादसे को समय रहते रोका जा सके। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेश और नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर 23 और 24 जून 2026 को दो दिवसीय विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के 7 प्रमुख कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान प्रवेश और निकास व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा, फायर एनओसी, अग्निशामक यंत्र, वेंटिलेशन, विद्युत सुरक्षा, सीढ़ियों की सुरक्षा, क्षमता अनुरूप संचालन और अन्य सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। निरीक्षण में अनअकादमी, विद्यापीठ और एलन में अधिकांश आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध पाई गईं। हालांकि, कुछ संस्थानों में वेंटिलेशन एवं क्षमता अनुरूप संचालन के संबंध में सुधारात्मक सुझाव दिए गए हैं।

# 15 वर्षों से बीमारी से जूझ रहे युवक को मिली राहत

## हज़रत आकिब बाबा जी की दुआ से बढ़ा श्रद्धालुओं का विश्वास

लोकमाया न्यूज।



**कोरिया ( तरगवां )।** जिला कोरिया के बैकुंठपुर से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम तरगवां इन दिनों आस्था, विश्वास और उम्मीद का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां लगने वाले बाबा चिश्ती शाह दरबार में हज़रत आकिब बाबा जी के मार्गदर्शन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी समस्याओं और पीड़ाओं के समाधान की आस लेकर पहुंच रहे हैं।

दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि यहां की दुआ और प्रार्थना ने कई लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। यही कारण है कि कोरिया जिले के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग अपनी फरियाद लेकर यहां पहुंच रहे हैं।

इसी क्रम में एक महिला श्रद्धालु ने अपनी भावुक आपबीती साझा करते हुए बताया कि उनका बेटा पिछले लगभग 15 वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित था। परिवार ने रायपुर सहित कई बड़े अस्पतालों और विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज कराया, लेकिन अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। लगातार प्रयासों के बाद जब उम्मीदें कमजोर पड़ने लगीं, तब किसी परिचित की सलाह पर वे हज़रत आकिब बाबा जी के पास बाबा चिश्ती शाह दरबार पहुंचीं।

महिला के अनुसार, दरबार में दुआ और प्रार्थना के बाद उनके बेटे के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सकारात्मक सुधार दिखाई देने लगा। उन्होंने इसे अपने जीवन का सबसे सुखद अनुभव बताते हुए कहा कि उन्हें यहां नई उम्मीद और विश्वास मिला।

दरबार में ऐसे अनेक श्रद्धालु अपने अनुभव साझा करते हैं, जिनमें वे मानसिक तनाव, पारिवारिक समस्याओं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से राहत मिलने की बात कहते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि हज़रत आकिब बाबा जी की दुआ और बाबा चिश्ती शाह की रहमत से उन्हें आत्मिक शांति और नई ऊर्जा प्राप्त होती है। हालांकि इन अनुभवों को लेकर लोगों की अपनी-अपनी मान्यताएं हैं, लेकिन श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या इस बात का संकेत है कि तरगवां स्थित बाबा चिश्ती शाह दरबार आज क्षेत्र में आस्था और विश्वास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग यहां पहुंचकर दुआ-अर्जी लगाते हैं और अपने बेहतर भविष्य की कामना करते हैं।



## फिल्मों के बजट का बड़ा हिस्सा स्टार्स पर खर्च होता है

**पंजाबी एक्टर गिप्पी ग्रेवाल की फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा 4' इस महीने रिलीज को तैयार है। इससे पहले हाल ही में उन्होंने भारतीय सिनेमा में बजट के मॉडल को लेकर बात की। उन्होंने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि पूरे बजट का एक बड़ा हिस्सा सितारे ले लेते हैं। इसके बाद प्रोडक्शन के लिए कम बजट बचता है। यह मॉडल लंबे वक्त तक नहीं चलेगा।**

गिप्पी ग्रेवाल ने बॉलीवुड की टूटी अर्थव्यवस्था और खराब बजट मॉडल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि फिल्मों से 79 प्रतिशत हिस्सा एक्टर ले जाते हैं। उनका कहना है कि बजट इंडस्ट्री की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। गिप्पी ग्रेवाल ने कहा कि स्टार्स की बढ़ती फीस और घटता प्रोडक्शन बजट। इंडियन सिनेमा में बजट का एक ऐसा मॉडल बन गया है, जो लंबे समय तक नहीं चल सकता। इसमें फिल्म के बजट का बहुत बड़ा हिस्सा प्रोडक्शन के बजाय टैलेंट (स्टार्स) पर खर्च हो जाता है।

### विदेशी इंडस्ट्री से तुलना की

गिप्पी ग्रेवाल का कहना है, 'कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में, कास्ट, डायरेक्टर और राइटर की कुल फीस फिल्म के बजट का लगभग 21 प्रतिशत होती है। बाकी 79 प्रतिशत हिस्सा फिल्म बनाने में खर्च होता है। यहां अक्सर इसका उल्टा होता है'। गिप्पी ग्रेवाल ने कहा, 'लगभग 79 प्रतिशत हिस्सा तो टीम ही ले जाती है, जिससे फिल्म बनाने के लिए बहुत कम पैसा बचता है। कलाकार करोड़ों रुपये लेते हैं और यहीं से असंतुलन शुरू होता है'।

### लागत पर ध्यान की बजाय सुधार की जरूरत

गिप्पी ग्रेवाल का मानना है कि सिर्फ लागत कम करने पर ध्यान देने के बजाय, इंडस्ट्री को सुधार की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, 'यह रिकवरी मॉडल है। अगर रिकवरी स्वस्थ हो जाती है, तो उत्पादन मूल्यों में काफी सुधार हो सकता है। दिन के आखिर में, यह सब गणित है'। स्टार्स की फीस पर लगी सीमा (कैपिंग) को लेकर हो रही बहस पर वे कहते हैं कि बार-बार बॉक्स-ऑफिस पर फ्लॉप होने के बावजूद मार्केट एक्टर्स को अच्छा पैसा देता रहता है।



# अदा शर्मा की मराठी डेब्यू फिल्म 'गजरा' का एलान; साल 2027 में होगी रिलीज

**'द केरल स्टोरी' और '1920' जैसी फिल्मों से दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाली अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं। उनकी पहली फिल्म होगी 'गजरा'। इसका एलान हो गया है। साथ ही पहली झलक भी सामने आई है। अदा शर्मा की डेब्यू मराठी फिल्म 'गजरा' का आधिकारिक एलान कर दिया गया है। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी। अदा इसमें लीड रोल निभाती नजर आएंगी।**

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर यह जानकारी साझा की है। साथ ही लिखा है, 'मराठी में मेरी पहली फिल्म 'गजरा'। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है'।

### अदा ने फैंस से की ये गुजारिश

अदा शर्मा ने आगे लिखा है, 'मेरी पहली फिल्म '1920' से 'केरल स्टोरी', 'सनफ्लावर', 'कमांडो', 'बस्तर', 'रीता सान्याल' तक, आपने मुझे बहुत प्यार दिया। हार्टअटैक, क्षणम, राणा विक्रम और मेरी सभी साउथ फिल्मों के लिए भी खूब प्यार दिया। मुझे अपने मराठी डेब्यू के लिए भी आप सभी के आशीर्वाद, साथ और प्यार की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि मैं आप सभी को गौरवान्वित कर सकूंगी और एक ऐसी फिल्म बना सकूंगी, जिसे आप सभी पसंद करें।

### सच्ची घटना पर आधारित होगी कहानी

फिल्म का पोस्टर काफी दिलचस्प है। इससे सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक अंधेरे, परेशान करने वाली और कठिन कहानी का संकेत मिल रहा है। अदा शर्मा की इस फिल्म का निर्देशन श्रेयस जाधव कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण अमोल बोरकर कर रहे हैं। गणराज स्टूडियोज की पेशकश फिल्म 'गजरा' जिग जैग प्रोडक्शन्स की पहली फिल्म है। अदा ने अपने पोस्ट में यह बताया है कि यह फिल्म सच्ची घटना पर बेस्ड है।

### देवदत्त मनीषा बाजी का होगा संगीत

फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी देवदत्त मनीषा बाजी संभालेंगे। बता दें कि देवदत्त महाराष्ट्र के एक जाने-माने संगीतकार, म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर हैं। वे मराठी सिनेमा में अपने शानदार ऐतिहासिक और लोक-संगीत के लिए विशेष रूप से लोकप्रिय हैं।



# बॉक्स ऑफिस को लेकर आज भी एक्साइटमेंट और टेंशन

**अपनी आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले सुनील शेट्टी ने बताया कि बॉक्स ऑफिस को लेकर आज भी एक्साइटमेंट, टेंशन और घबराहट बनी रहती है।**

बातचीत में सुनील शेट्टी ने कहा कि एक फिल्म की सफलता काफी हद तक उसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा, 'सब कुछ इससे जुड़ा होता है। एक शुक्रवार को आप टॉप पर हो सकते हैं और अगले शुक्रवार को नहीं भी हो सकते। इसलिए एक्साइटमेंट, टेंशन और घबराहट हमेशा रहती है।'

### क्या है सेफ्टी नेट

इस पर सुनील ने कहा, 'इस फिल्म में बहुत शानदार स्टार कास्ट है- अक्षय, परेश जी, जॉनी भाई, अरशद, तुषार, श्रेयस, दलेर पाजी और कई दूसरे कलाकार। इतने टैलेंटेड लोगों के साथ काम करना एक तरह का सेफ्टी नेट देता है।' सुनील ने आगे कहा, 'फिल्म बहुत एंटरटेनिंग है। मैं यह नहीं कह सकता कि यह अच्छी है या खराब, क्योंकि हर किसी का नजरिया अलग होता है। जब हम फिल्म देखते हैं, तो हमें बहुत मजा आता है। लेकिन जब दर्शक शुक्रवार को इसे देखेंगे, तो उनका नजरिया बिल्कुल अलग हो सकता है।' फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अक्षय और सुनील शेट्टी के अलावा दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह भी हैं। इनके अलावा भी कई एक्टर्स इस फिल्म का हिस्सा हैं।

# वेब सीरीज 'राख' से बदली दिव्या शर्मा की जिंदगी

अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'राख' में दिव्या शर्मा ने सुमन की भूमिका निभाई है। इस सीरीज में अली फजल मुख्य भूमिका में नजर आए। 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित इस सीरीज से दिव्या की जिंदगी में काफी बदलाव आए हैं। जिसकी खास झलक उन्होंने तस्वीरों के जरिए सोशल मीडिया पर शेयर की है। दिव्या ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। जिससे साफ पता चल रहा है कि सीरीज 'राख' ने उनकी जिंदगी कितनी बदल दी है। इस तस्वीर में दिव्या 'मिर्जापुर' फेम श्वेता त्रिपाठी उर्फ गोलू के साथ बेहद खुश दिख रही हैं। बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने वेब सीरीज का एक खास पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ करण जौहर ने दिव्या की तारीफ की है। करण ने लिखा, ' दिव्या शर्मा, आप बहुत बढ़िया हैं।' इस तस्वीर में दिव्या के साथ फिल्म 'राख' की पूरी टीम के सदस्य पोज देते नजर आ रहे हैं। इस सीरीज में अली फजल और सोनाली बेंद्रे मुख्य भूमिका में हैं। वहीं आकाश मखीजा, रमनदीप यादव, दिव्या शर्मा और विवान शर्मा भी वेब सीरीज में खास भूमिका निभाई है। वेब सीरीज 'राख' का निर्देशन 'परी' और 'पाताल लोक' जैसी डार्क दुनिया रच चुके प्रोसित रॉय ने किया है। यह सीरीज अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हो चुकी है। इस तस्वीर में दिव्या सीरीज 'राख' के पोस्टर के



सामने पोज देती नजर आ रही हैं। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय' में जुही के किरदार में नजर आई थीं। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। सीरीज 'राख' में दिव्या शर्मा के अभिनय की हर कोई तारीफ कर रहा है। इस किरदार में दिव्या काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आई, जो उन्हें खास बनाती है। 'ग्राम चिकित्सालय' में दिव्या ने जुही का किरदार निभाया है। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं।

# करियर में आए बदलावों पर प्रियंका चोपड़ा ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड से निकल हॉलीवुड तक नाम कमा चुकीं प्रियंका चोपड़ा ग्लोबल स्टार हैं। इन दिनों वे अपनी आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह भारी-भरकम बजट में बनी फिल्म है, जिससे प्रियंका चोपड़ा को बहुत उम्मीदे हैं। एसएस राजामौली की इस फिल्म में प्रियंका के अलावा महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हाल ही में प्रियंका ने इस फिल्म पर बात की। साथ ही बताया कि वे जल्द ही एंजेलिना जोली के साथ काम करेंगी। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने फ्यूचर प्लान पर 'फॉर्च्यून इंडिया' से बात करते हुए बताया कि वे एंजेलिना जोली के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह प्रोजेक्ट कोई फिल्म होगी, विज्ञापन होगा या कोई चैरिटी से जुड़ा काम। प्रियंका ने हॉलीवुड की उन महिलाओं में एंजेलिना जोली का भी जिक्र किया, जिनसे उन्हें प्रेरणा मिलती है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने करियर में हुई तरक्की के बारे में बात की। हैदराबाद में शूटिंग के दौरान अपनी जिंदगी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'फिल्म 'वाराणसी' के सेट पर शूटिंग का माहौल बहुत मजेदार है। सभी एक्टर्स के परिवार साथ में हैं। हम मस्ती कर रहे हैं। हंस-बोल रहे हैं। साथ ही काम पर पूरा ध्यान है। रिहर्सल और फोकस के साथ काम हो रहा है'। इतने वर्षों में अपने करियर में हुई तरक्की पर बात करते हुए देसी गर्ल ने माना कि अब उन्हें काम में ज्यादा क्रिएटिव आजादी मिलती है। उन्होंने कहा, 'जब मैंने शुरुआत की थी, तब स्क्रिप्ट्स मेरे हिसाब से नहीं लिखी जाती थीं। अब मैं अपने प्रोजेक्ट्स खुद चुन सकती हूं और बना सकती हूं। इंटरनेशनल लेवल पर प्रियंका चोपड़ा फिल्ममेकर मीरा नायर की बायोपिक ड्रामा 'अमरी' से भी जुड़ी हुई हैं।





# जो चीज खुशी दे, वो करना चाहिए

**हमारे समाज में औरतों के चरित्र को उसके कपड़ों की लंबाई से जज किया जाता है और सोसायटी की इसी सोच पर चोट करती है, माधुरी दीक्षित की नई फिल्म मां बहन। फिर में सोसायटी के तमाम नियमों को तोड़ने वाली रूल बेक्रर रेखा बनी माधुरी दीक्षित ने खुद भी लोगों के जजमेंट का सामना किया है, मगर वह उनकी परवाह न करके अपनी मर्जी के मुताबिक जीने में यकीन रखती हैं।**

लोगों के जजमेंट को लेकर माधुरी कहती हैं, 'समाज में जजमेंट तो है ही। आप चाहे स्क्रीन पर हों या किसी भी प्रफेशन में, हमें जज किया ही जाता है, खासकर सिंगल औरतों को और भी ज्यादा। मतलब वे काम से लेट आई तो लोग कॉमेंट करना शुरू कर देते हैं कि अरे, इतनी देर से आ रही है। ऐसे ही हमारे भी प्रफेशन में है कि अच्छा, अब तो मां बन चुकी है, अभी भी क्यों काम कर रही हैं या ये कोई उम्र है क्या डांस करने की? ऐसे कॉमेंट भी आते हैं, जिसका सामना करना होता है, लेकिन मेरा मानना है कि जजमेंट के बावजूद आपको वो करना चाहिए जो चीज आपको खुशी देती है। कॉमेंट्स करना उन्हें खुशी देता है लेकिन हमें अपने आप में खुश रहना चाहिए।'

### डांस से मुझे खुशी मिलती है

आज हम सोशल मीडिया के दौर में एज शेमिंग और वेट शेमिंग बहुत आम है। इस चलन पर माधुरी का कहना है, 'उम्र के साथ बदलाव आएगा ही। चेहरा बदलेगा, शरीर बदलेगा, लेकिन मैं फिर वही कहूंगी कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। आपकी जिंदगी में लोगों की सोच का इतना प्रभाव नहीं होना चाहिए। आप वो करें जो आपको खुशी देता है। जैसे, मुझे डांस पसंद है तो मैं करूंगी क्योंकि उससे मुझे खुशी मिलती है। आप लोगों के नजरिए से हिसाब से अपनी जिंदगी नहीं जी सकते। आप अपनी जिंदगी अपने हिसाब से जिएं, लोग तो बोलते रहेंगे। हां, कभी-कभी बुरा बेशक लगता है कि लोग ऐसा क्यों कह रहे हैं, लेकिन उसे इतना सीरियसली न लें कि उससे आपकी जिंदगी प्रभावित होने लगे।' वहीं, 59 की उम्र में भी बेहद खूबसूरत और फिट माधुरी की फिटनेस का राज पूछने पर बताती हैं, 'इसके पीछे बहुत अनुशासन है। डायट का ख्याल रखना। एक्सरसाइज करना। मेरा डांस ही बहुत बड़ा एक्सरसाइज है। इसके साथ साथ सही समय पर सोना, कोई बुरी आदतें नहीं, वो सब मायने रखता है।'

### मैन्युल पढ़कर नहीं बन सकते मां

फिल्म में दो जवान बेटियों की मां की भूमिका निभा रहीं माधुरी मांओं को एक ऊंचे मकाम पर खड़ा कर दिए जाने पर भी सवाल करती हैं। बकौल माधुरी, 'मां को हम एक ऐसे ऊंचे मकाम पर खड़ा कर देते हैं कि मां कुछ गलत नहीं कर सकती। उन्हें ये करना चाहिए, वो करना चाहिए। उन्हें कुछ भी हो जाए, कितनी भी बीमार हो जाए, पर घर का ख्याल तो रखना ही चाहिए। हमें समझना चाहिए कि वो भी इंसान हैं और उन्हें भी उसी तरह से देखा जाना चाहिए। उनकी भी कभी तबीयत खराब होगी, वे भी आराम डिजर्व करती हैं।' वहीं, निजी जिंदगी में उनका अपने बेटों संग कैसा तालमेल रहता है? इस पर वह हंसकर कहती हैं, 'मां बनने का मतलब है केयास। उसके बाद उथल-पुथल ही रहता है जिंदगी में क्योंकि हर बच्चा अलग होता है और आपको उन्हें समझना होता है। बच्चा किसी मैनुअल के हिसाब से तो पाला नहीं जा सकता।

### बहुत तैयारी से आते हैं आज के ऐक्टर्स

माधुरी अपने दौर और आज नई पीढ़ी के कलाकारों, दोनों के साथ काम कर रही हैं। ऐसे में, इन दोनों पीढ़ियों के कलाकारों में वह क्या अंतर पाती हैं? यह पूछने पर वह बताती हैं, 'पहले के कलाकार जब इंडस्ट्री में आते थे तो दूर-दूर तक फिल्मों के बारे में कुछ पता नहीं होता था। हम बिल्कुल भी अनुभवी नहीं थे। हमें यह भी पता नहीं था कि सेट कैसे होते हैं। हमने काम करते-करते सब सीखा, लेकिन आज की पीढ़ी बहुत सारे ऐक्टिंग क्लासेस डांस क्लासेस करके आती है। उन्होंने ऐक्टिंग सीखी होती है। रील्स बनाए होते हैं। जैसे, मैं धारणा (इंफ्लूएंसर कोस्टार धारणा दुर्गा) को देखती हूं तो मुझे उन पर बहुत गर्व होता है क्योंकि वह खुद अपना कॉन्टेंट लिखती हैं। उनका आब्जर्वेशन इतना स्ट्रॉन्ग है, फिर उसे कॉमिडी में ढालती हैं और लोगों को हंसाती हैं, वह कमाल की चीज है। हमारे यहां वुमन कमीडियंस बहुत कम रही हैं। ऐसे में आज जब मैं देखती हूं कि लड़कियां स्टैंड अप कॉमिडी कर रही हैं तो मुझे बहुत खुशी होती है। इसी तरह तृप्ति ने बहुत कमाल की फिल्में की हैं, जिसके बाद उन्हें पहचान मिली है। इस फिल्म में भी उनका अभिनय लाजवाब है तो मुझे इन पर बहुत गर्व होता है कि इन्होंने बहुत कम समय में इतना कुछ हासिल किया है।'


Top Education Institute
DISTRICT- JANJGIR CHAMPA


पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, नवागढ़
ज्ञान • संस्कार • सेवा • समर्पण
P.T. JAWAHAR LAL NEHRU COLLEGE
ADMISSION STARTED
SESSION 2026-27
Join Today, Shape Tomorrow
COURSES OFFERED
BA / BSc (All Subjects)
BCOM
BCA
DCA
PGDCA
MA / MSc (All Subjects)
WHY CHOOSE US?
QUALIFIED & EXPERIENCED FACULTY
QUALITY EDUCATION
MODERN INFRASTRUCTURE
CAREER GUIDANCE & PLACEMENT HELP
GREEN & CLEAN CAMPUS
हर कदम शिक्षा की ओर, हर कदम सफलता की ओर
BUILD YOUR FUTURE WITH US
For Admission Enquiry
9981348927


एस. डी. महाविद्यालय नवागढ़
UG Course | PG Course | Education B.Ed. | Social Work M.S.W.
2026-27
नया सत्र, नई शुरूआत
Admission Open
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उज्जवल भविष्य
संचालित कोर्स :-
विशेषताएं/सुविधाएं -
(1) प्रायोगिक और अध्ययन कार्य के लिए महाविद्यालय
(2) फिटनेस जोन/खेलकूद
(3) प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन
(4) साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम
(5) अनुभवी एवं योग्य शिक्षकगण
UG Course
• B.A, B.A. Com. App.
• B.Sc. (Bio, Maths)
• B.Sc. Comp. Science
• B.Sc Micro Biology
• BCA
Diploma
• DCA
• PGDCA
PG Course
• M.SC
Mathematics
Physics
Computer Sc.
Botany, Zoology
Chemistry
Microbiology
Hindi Litrature
Sanskrit Litrature
Political Science
Education B.Ed.
Education M.A. Education
Social Work M.S.W.
9993676616
8770770350, 8818867195
शिक्षा से सशक्त समाज, सफलता की ओर कदम


CHAITANYA SCIENCE & ARTS COLLEGE
A NAAC
25 Years of educational Innovation and Excellence
• NLIST Access • IIC Established
• Active NSS Activities
• AICTE Approved for BCA/ BBA
• National Level Sports Activities
• University Gold Medalist Student
विरेन्द्र तिवारी
डायरेक्टर
CONTACT NUMBER
9713045550, 9713046660
9713047770, 9713048880
Pamgarh, Janjgir-Champa, Chhattisgarh
website- www.chaitanyacg.ac.in


Gyan Bharti English Medium School
Co-Ed English Medium School | CBSE Pattern
Link Road, Janjgir
Addmission Open
Meritorious Student of our School
12th
10th
Discount of 10% on deposit of total fee by 31st. July.
Facilities :-
From Class 1st to Class 12th
• Syllabus as well as CBSE Pattern.
• Own infrastructure in the heart of the city.
• Own transportation facility with Safety
• Computer lab, Science lab, Maths lab.
• Separate room for art, dance, music activities.
• Library with reading room.
• Kids play zone.
• Professional training for sports and yoga.
• CCTV surveillance campus.
• Experienced & dedicated faculty.
• Language Lab for Spoken English.
Director : Dr. R.C. Pandey
39th Year
Contact us
Gyan Bharti English Medium School
Link Road, Janjgir, Mob. : 98279 96782, 62632 53260, 9340681152


प्रवेश प्रारंभ
ADMISSION OPEN
LIMITED SEAT
GYANDEEP HR.SEC. SCHOOL
(English Medium)
LIMITED SEATS
• NURSERY TO 12TH • ENGLISH MEDIUM • AGRICULTURE • MATHS • COMMERCE • BIOLOGY • ART • HOME SCIENCE •
BEST ACADEMIC ENVIRONMENT
• BEST FACULTY
ज्ञानरोशनी कॉलेज ऑफ फार्मेसी जांजगीर
डी-फार्मा | बी फार्मा
बी.एड.
ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक शाला जांजगीर
हिन्दी माध्यम
कृषि संकाय, वाणिज्य, जीव विज्ञान, गणित, गृह विज्ञान, कला संकाय
ज्ञानरोशनी महाविद्यालय
बी.एससी. | बी.ए. | बी.कॉम.
PGDCA | प्रवेश प्रारंभ | DCA
सिटी ऑफिस ज्ञानदीप जांजगीर
GYANROSHANI
Behind Stadium, Janjgir
CBSE Recognised
Up To Class 10th
For Admission contact at City office beside Gyandeep
9425230436
7067011100
Director
Dr. Akhilesh Katakwar
Link Road, Janjgir


विद्या निकेतन
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़
DREAMLAND PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN
Class Nursery to 12th
2026-27
MATHS | BIOLOGY | COMMERCE | ARTS
हमारी विशेषताएं :-
विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।
आप भी इसी विश्वास के साथ अपने बच्चों का विद्यालय में प्रवेश करायें।
Address:- Behind Tahsil Office, Near Sai Mandir, Pamgarh
Contact- 7987575832, 9439594679, 9098069444, 7089413620, 9977927492, 9753382283


DESTINATION
ENGLISH MEDIUM SCHOOL
(NURSERY TO 12TH)
Education with values..
• Qualified And Experienced Teachers
• Special Attention To Spoken English
• Abacus Class
• CCTC Surveillance
• Education Based Activities
• CBSE Pattern
ADMISSION OPEN
RAVI SHANKAR NIRMALKAR
Destination English Medium School
नोट:- स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालकों, परिवार के सदस्यों के लिए स्पोकन इंग्लिश की क्लास निःशुल्क
पॉलीटेक्निक कॉलेज रोड, जांजगीर(मो.- 9753386893)


GYANODAY SCHOOL
JANJGIR (C.G.)
ADMISSION OPEN
ENROLL NOW!
NURSERY TO CLASS XII
HINDI & ENGLISH MEDIUM
WHY CHOOSE US?
Quality Education
Disciplined Environment
Experienced Faculty
Modern Infrastructure
Focus on Overall Development
Safe & Secure Campus
SHAPING MINDS... BUILDING FUTURES!
QUALITY EDUCATION
MODERN CLASSROOMS
SPORTS FACILITIES
YOGA & CULTURE
ART & CREATIVE DEVELOPMENT
ALL ROUND DEVELOPMENT
DISCIPLINE & CHARACTER
LEADERSHIP & CONFIDENCE
PRIDE & PATRIOTISM
MODERN LABORATORY
PLAY, LEARN & GROW
CULTURE & PERFORMING ARTS
VALUES & CULTURE
TEAMWORK & FRIENDSHIP
ACHIEVEMENT & SUCCESS
Result Day 2026
DIRECTOR
Dr. Suresh Yadav
09425230437
OFFICE
Gyanoday School
JOIN US TODAY
FOR A BRIGHTER TOMORROW


SINCE 2013
EDUCATION HUB
HINDI & ENGLISH MEDIUM
2026-27
ADMISSION OPEN
KIDS
1st to 5th (All Subject)
JUNIOR
6th to 8th (All Subject)
SENIOR
9th & 10th (All Subject)
SPECIAL CLASS
11th & 12th (All Subject)
Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech., M.Tech., M.Sc., B.Ed., P.hd (Pursuing)
15 Years Experience
Balvatika
PUBLIC SCHOOL
PLAYGROUP
NURSERY
JUNIOR KG
SENIOR KG
GURUKUL LIBRARY
A Complete Knowledge Destination
OUR BRANCHES
JANJGIR
D.D.Plaza, Janjgir
Dist.: Janjgir -Champa (C.G.)
BILASPUR
Vasudev Complex, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)
Above Bank of India, Mangla Chowk, Bilaspur (C.G.)
CONTACT
9098888246
9098888644